


04:01:2024

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 15 अंक ›› 004 | epaper.rashtriyakhabar.com | पौष, कृष्णपक्ष अष्टमी, विक्रम संवत 2080

web: www.rashtriyakhabar.com

## विदुर नीति

अतीत्य सर्वान्पुत्रांस्ते भागधेय पुरस्कृतः।
तेजसा प्रज्ञया चैव युक्तो धर्मार्थ तत्ववित॥
अनुक्रोशादानृशं स्याद्योऽसौ धर्मभूतां वरः।
गौरवात्तव राजेंद्र बहून्क्लेशांस्ति तिक्षति॥

भावार्थ : युधिष्ठिर आपके सभी पुत्रों से अधिक महत्वपूर्ण गुणों वाला है क्योंकि वह तीव्र बुद्धि संपन्न है तथा धर्म व अर्थ के तत्व को भी जानता है। वह धर्मधारियों में सर्वश्रेष्ठ है, कभी धर्म विरुद्ध आचरण नहीं करता। आपके प्रति सम्मान का भाव रखता है, इसीलिए दया, नम्रता व सहिष्णुता को दर्शाते हुए अनेक कष्टों को सह रहा है।



### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 24.00 °C | 13.00 °C |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .15 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06 .31 बजे

## रूही तांगूंग अरुणाचल पश्चिम लोकसभा क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी

**नयी दिल्ली:** जनता दल (यूनाइटेड) ने अरुणाचल प्रदेश राज्य इकाई की अध्यक्ष रूही ताँगूंग को आगामी लोकसभा चुनावों में पार्टी उम्मीदवार बनाने की घोषणा की। पार्टी के महासचिव आफाक अहमद खान ने यह घोषणा की। सुश्री ताँगूंग को अरुणाचल पश्चिम लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी बनाया जायेगा। पार्टी की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि जदयू अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर यह घोषणा की गयी है। जदयू अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों की भी तैयारी कर रहा है जो 2024 में आगामी लोकसभा चुनावों के साथ होने वाले हैं।

## कुंडु को डीजीपी पद से हटाने पर अंतरिम रोक

**नयी दिल्ली:** शीर्ष न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक पद से वरिष्ठ पुलिस अधिकारी संजय कुंडु को स्थानांतरित करने के उच्च न्यायालय के आदेश पर बुधवार को अंतरिम रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले के तहत राज्य सरकार की ओर से जारी स्थानांतरण आदेश को तब तक लागू नहीं किया जाना चाहिए, जब तक उच्च न्यायालय कुंडु के रिकॉल आवेदन पर फैसला नहीं ले लेता। पीठ ने याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय के समक्ष उसके 26 दिसंबर 2023 के आदेश पर फिर से विचार करने के लिए आवेदन करने की अनुमति दी। साथ ही, उच्च न्यायालय से उनके आवेदन पर विचार करने को कहा। पीठ ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की याचिका पर शीघ्र सुनवाई करने की गुहार मंगलवार को स्वीकार करते हुए मामले को तीन जनवरी के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया।

## सुप्रीम कोर्ट चुनाव के मामले में दलों के साथ

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा ने बुधवार को कहा कि अदालतें चुनाव के लिए हर राजनीतिक दल के पीछे खड़ी हैं। अदालत ने यह टिप्पणी पाकिस्तान तहरीके इन्साफ (पीटीआई) की पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान की। सीजेपी काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली शामिल हैं इस मामले की सुनवाई कर रही है। अदालत की कार्यवाही का शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर सीधा प्रसारण किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने 22 दिसम्बर को ईसीपी को पीटीआई की शिकायतों पर तत्काल ध्यान देने और इनका शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चुनावी प्रक्रिया सुचारू, खुली, पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष बनी रहे।

## कश्मीर के इलाकों में और लुढ़का पारा

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में बुधवार को न्यूनतम तापमान शून्य से कम 4.8 डिग्री सेल्सियस और पहलगाम में शून्य से कम 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे कश्मीर घाटी हाड़ कंपा देने वाली भीषण ठंड की चपेट में है। मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने कहा कि श्रीनगर में आज लगातार दूसरे दिन न्यूनतम तापमान शून्य से कम 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से शून्य से कम 2.7 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। श्रीनगर और घाटी के अन्य हिस्सों में तापमान के प्रभाव के कारण डल झील और अन्य जल निकाय के कुछ हिस्से जम गए। राजधानी श्रीनगर में दिन में सूरज निकलने के बीच, अधिकतम तापमान सामान्य 6.9 डिग्री सेल्सियस से 4.3 डिग्री सेल्सियस अधिक है, जबकि पिछले दिन श्रीनगर में तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस था। घाटी के अन्य स्टेशनों पर भी दिन का तापमान सामान्य से 4-5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**फजीहत** पेट्रोल पंप बंद हुए तो केंद्र सरकार को समझ में आ गयी परेशानी

# ट्रक चालकों की मांगे मानी, हड़ताल समाप्त

- रात को हुई बैठक में बनी सहमति
- सरकार ने जारी की है एक विज्ञप्ति
- दो हजार पेट्रोल पंप बंद हो गये थे



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** नये कानून के विरोध में देश भर के ट्रक चालकों की हड़ताल ने केंद्र सरकार को घुटनों पर ला दिया। दरअसल नये कानून को लागू करने के पहले संबंधित पक्षों से विचार विमर्श नहीं करने की वजह से सरकार की फिर से फजीहत हुई। इससे पहले तीन कृषि कानूनों के मुद्दे पर भी सरकार से ऐसी ही गलती हुई थी। किसानों से देश की आम जनता के सड़कों पर आने का खतरा नहीं होने की वजह से वह आंदोलन एक साल तक खींचता रहा। इस बार जैसे ही हर स्तर पर पेट्रोल पंपों पर लोगों की कतार की परेशानी की सूचना मिली, सरकार को समझ में आ गयी कि परेशानी और बढ़ने जा रही है। इस वजह से कल रात ही आनन फानन में हड़तालियों के साथ वार्ता कर इसे खत्म कराया गया।
सरकार की तरफ से इस बारे में जो विज्ञप्ति जारी की गयी है, उसके मुताबिक भारत सरकार ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2) के तहत 10 साल की कैद और जुमार्ने के प्रावधान के संबंध में ट्रक ड्राइवरों की चिंताओं का संज्ञान लिया है और आज ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की है। सरकार यह बताना चाहती है कि ये नए कानून और प्रावधान अभी लागू नहीं हुए हैं। हम यह भी बताना चाहेंगे कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2) को लागू करने का निर्णय ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के परामर्श के बाद ही लिया जाएगा। हम ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस और सभी ड्राइवरों से वापस लौटने की अपील करते हैं।
इससे यह बात भी स्पष्ट हो गयी कि इस प्रावधान को लागू करने के पहले इसके सामाजिक प्रभाव का आकलन नहीं किया गया था। देश के अनेक हिस्सों में खास तौर पर ईंधन की आपूर्ति बाधित होने से उत्पन्न होने वाली स्थिति ने ही सरकार को ›› पेज 2 भी देखें

चुनाव आयोग का मसला फिर से शीर्ष अदालत पहुंचा

# सीजेआई को कमेटी से हटाने का विरोध

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट में एक नए कानून के खिलाफ याचिकाएं दायर की गई हैं, जो मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति के लिए उच्चाधिकार प्राप्त चयन समिति के सदस्य के रूप में भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने के फैसले को खारिज कर देता है। कांग्रेस नेता जया ठाकुर द्वारा दायर एक याचिका में कहा गया है कि सीईसी और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 ने भारत के मुख्य न्यायाधीश की जगह केंद्रीय कैबिनेट मंत्री को नियुक्त करके सुप्रीम कोर्ट के फैसले को कमजोर कर दिया है। तर्क दिया कि सीजेआई के बहिष्कार ने समिति को निष्प्रभावी कर दिया है। अधिवक्ता वरुण ठाकुर के माध्यम से दायर सुश्री ठाकुर की याचिका में कहा गया है, प्रधानमंत्री और उनके नामित (कैबिनेट मंत्री) हमेशा निर्णायक कारक होंगे। संवैधानिक लोकतंत्र का समर्थन करने वाली संस्थाओं के पास अपने प्रमुखों और सदस्यों की नियुक्तियों के लिए एक स्वतंत्र तंत्र होना चाहिए, वे भारत के मुख्य न्यायाधीश को समिति से बाहर करके स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव से समझौता कर रहे हैंङ्क न्याय न केवल किया जाना चाहिए बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए।
याचिका में कहा गया है। एक अन्य याचिका में, गोपाल सिंह, जिनकी याचिका एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड संजीव मल्होत्रा द्वारा दायर की गई थी और वकील अंजले पटेल द्वारा तैयार की गई थी, ने अदालत से चयन की एक स्वतंत्र और पारदर्शी प्रणाली लागू करने के लिए कहा, जो एक तटस्थ और स्वतंत्र हो। मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए चयन समिति हो। याचिका में अदालत से मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की स्थिति और ›› पेज 2 भी देखें

इंडिया गठबंधन के सहयोगियों को अपना प्रस्ताव देगी कांग्रेस

# अकेले 290 सीटों पर लड़ने को तैयार है कांग्रेस



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** कांग्रेस नेतृत्व को लगता है कि कांग्रेस पूरे देश में करीब 290 सीटों पर खुद लड़ेगी। सीटों पर कोई समझौता या मौका भी नहीं मिलेगा।अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस देशभर की 290 सीटों पर अपनी पूरी ताकत के साथ अकेले लड़ने को तैयार है। इसके अलावा करीब 100 से अधिक सीटों पर विपक्षी मंच इंडिया अपने सहयोगी दलों के समर्थन से लड़ना चाह रही है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, पश्चिम बंगाल में 3 से 5 सीटें हैं। पार्टी नेताओं का मानना है कि अगर कांग्रेस को ऑल इंडिया तृणमूल और लेफ्ट का समर्थन मिल जाए तो वह ये सीटें जीत सकती है। अब यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि सहयोगी दल कांग्रेस को कितनी सीटें छोड़ने पर सहमत होते हैं।
जिन राज्यों में कांग्रेस अपनी अखिल भारतीय पार्टियों के साथ मिलकर लड़ना चाहती है, उन राज्यों के प्रदेश कांग्रेस नेताओं के साथ कांग्रेस की नेशनल अलायंस कमेटी ने पिछले हफ्ते दो दिनों तक बैठकें कीं। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जन खड़गे और राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हर राज्य के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। इन दो दौर की बैठकों के आधार पर कांग्रेस नेतृत्व राज्य में बैठक करेगा और सीटों के समझौते पर चर्चा शुरू करेगा। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि कांग्रेस पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, बिहार, दिल्ली, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, झारखंड, जम्मू-कश्मीर में भारत की सहयोगी पार्टियों के समर्थन से 100 ›› पेज 2 भी देखें

# रूसी मिसाइल से अफ्रीकी शेरनी भी घायल




**कियेब:** रूसी मिसाइल के टुकड़ों ने यूक्रेनी पशु बचाव केंद्र में बचाई गई शेरनी को घायल कर दिया है। कियेब पर दागी गई रूसी मिसाइल के टुकड़े हेल्प एनिमल्स ऑफ यूक्रेन (एचएयू) के जंगली जानवर बचाव केंद्र से महज 300 मीटर की दूरी पर गिरे, जिससे हाल ही में पुनर्वासित हुई शेरनी युना घायल हो गई। मिसाइल का प्रभाव टुकड़ों के परिणामस्वरूप युना को चोट लगी, जिससे समन्वय की हानि हुई। वीडियो फुटेज में शेरनी को उठने के लिए संघर्ष करते हुए दिखाया गया है, जिससे पशुचिकित्सकों को तुरंत उपचार निर्धारित करना पड़ा। एचएयू की प्रमुख नताल्या पोपोवा ने बताया कि हमले के दौरान दो वर्षीय अफ्रीकी शेरनी बाहर रहने वाली एकमात्र जानवर थी। मिसाइल की तेज चमक, आग और धुंआ युना की चोट का कारण बन सकता था, क्योंकि निगरानी कैमरे के रिकॉर्ड से संकेत मिलता है कि वह सीधे तौर पर हिट नहीं हुई थी। जिस क्षेत्र में युना के बाड़े से टुकड़े गिरे थे, उस क्षेत्र को कोई पेड़ अलग नहीं करता था। पोपोवा ने कहा, युना को कियेब ओब्लास्ट से बचाया गया था, जहां वह एक नर शेर के साथ एक छोटे से बाड़े में रहती थी, जो उसे परेशान करता था। रहने की स्थितियाँ तनावपूर्ण थीं, और जानवरों को यूक्रेनी सर्दियों के दौरान कंक्रीट पर रहने के कारण शीतदंश का सामना करना पड़ा, परिस्थितियाँ अफ्रीकी शेरों के लिए उपयुक्त नहीं थीं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया आर्थिक सहायता का एलान

# सुबह-सुबह भयानक हादसा, 15 की मौत, 30 घायल

- मृतकों के परिवारों को दो दो लाख
- घायलों को पचास हजार रुपये की मदद
- पिकनिक मनाने जा रहे लोग ट्रक से टकराये



भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी:** असम में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। बस और ट्रक की टक्कर में 15 लोगों की मौत हो गई जबकि 30 लोग घायल हो गए। यह भीषण सड़क हादसा सुबह पांच बजे हुआ। पुलिस ने बताया बस अठखेलिया से बालिजन ले जा रही थी, तभी यह कोयले से लदे ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि बस 45 यात्रियों को लेकर करीब 3 बजे पिकनिक के लिए निकली थी। डेस्टिनेशन पर पहुंचने से कुछ ही देर पहले बस हादसे का शिकार हो गई। कोयले से लदा ट्रक मार्गेरिटा से आ रहा था। तभी दोनों की जोरदार भिड़ंत हो गई । पुलिस ने बताया इस हादसे में 14 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। शवों को पोस्टमोर्टम के लिए भेज दिया गया है।सभी घायलों को जोरहट मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सभी घायलों की हालत खराब बताई जा रही है।
गोलाघाट के एसपी राजन सिंह ने बताया कि डेरगांव के पास बलिजान में यह हादसा हुआ। 45 लोगों को ले जा रही बस ट्रक से टकरा गई। यह बस अपर असम की ओर जा रही थी। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई है। 30 लोग घायल हो गए।सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पुलिस ने बताया कि ट्रक गलत दिशा से जोरहाट की ओर से आ रहा था जबकि बस सही लेन में थी। सुबह कोहरा था। बस और ट्रक दोनों की स्पीड तेज थी। तेज आवाज के साथ हुई इस जोरदार टक्कर के तुरंत बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस के पहुंचने से पहले ही टक्कर की वजह से बस के अंदर लहूलुहान हुए लोगों की चीज पुकार सुनकर स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर निकलना शुरू कर दिया था। पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। इसके बाद खून से लथपथ 41 लोगों को निकाल कर नजदीकी जोरहाट मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां ›› पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** वैज्ञानिकों ने मानव कोशिकाओं से छोटे जैविक रोबोट बनाया

# घाव को ठीक करने में मददगार साबित हुआ

- परीक्षण में सफल साबित हुआ यह
- शरीर के भीतर कई काम कर सकेगा
- आकार में छोटा तो कहीं भी चला जाता

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** क्या हम सोच सकते हैं कि हमारे शरीर पर बने घाव को अंदर ही अंदर कोई रोबोट ठीक कर सकता है। यह रोबोट भी मानव कोशिकाओं से ही बना है, जो शरीर में कहीं भी आ जा सकता है। प्रारंभिक परीक्षण में ऐसे रोबोट ने कृत्रिम तौर पर बनाये गये घावों को भरने में सफलता पायी है। टफ्ट्स यूनिवर्सिटी और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के वाइस इंस्टीट्यूट के शोधकताओं ने मानव श्वासनली



कोशिकाओं से छोटे जैविक रोबोट बनाए हैं जिन्हें वे एंथ्रोबोट कहते हैं जो सतह पर घूम सकते हैं और प्रयोगशाला डिश में क्षति के क्षेत्र में न्यूरॉन्स के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए पाए गए हैं। मानव बाल की चौड़ाई से लेकर एक नुकीली पेंसिल की नोक तक के आकार वाले बहुकोशिकीय रोबोटों को स्वयं-इकट्ठा किया गया ›› पेज 2 भी देखें

### जेनोबोट्स नामक मेंढक भ्रूण कोशिकाओं से बहुकोशिकीय जैविक रोबोट बनाए

यह कार्य माइकल लेविन, टफ्ट्स यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड साइंसेज में जीव विज्ञान के प्रोफेसर वन्नेवर बुश और वर्मोंट विश्वविद्यालय में जोश बोंगार्ड की प्रयोगशालाओं में पहले के शोध से लिया गया है, जिसमें उन्होंने जेनोबोट्स नामक मेंढक भ्रूण कोशिकाओं से बहुकोशिकीय जैविक रोबोट बनाए थे, जो सक्षम थे। मार्गों को नेविगेट करना, सामग्री एकत्र करना, जानकारी रिकॉर्ड करना, चोट से खुद को ठीक करना और यहां तक कि कुछ चक्रों के लिए अपने दम पर नकल करना। उस समय, शोधकर्ताओं को यह नहीं पता था कि क्या ये क्षमताएं उभयचर भ्रूण से प्राप्त होने पर निर्भर थीं, या क्या बायोबोट का निर्माण अन्य प्रजातियों की कोशिकाओं से किया जा सकता था। प्रत्येक एन्थ्रोबोट एक एकल कोशिका के रूप में शुरू होता है, जो एक वयस्क दाता से प्राप्त होता है। कोशिकाएं श्वासनली की सतह से आती हैं और बालों जैसे उभारों से ढकी होती हैं जिन्हें सिलिया कहा जाता है। सिलिया श्वासनली कोशिकाओं को छोटे कणों को बाहर निकालने में मदद करती है जो फेफड़ों के वायु मार्ग में अपना रास्ता खोज लेते हैं। जब हम खांसने या अपना गला साफ करके कणों और अतिरिक्त तरल पदार्थ को बाहर निकालने का अंतिम चरण उठाते हैं तो हम सभी सिलिअटेड कोशिकाओं के काम का अनुभव करते हैं। वे सीधी रेखाओं में यात्रा करते थे, तंग घेरे में चलते थे, उन गतिविधियों को मिलाते थे, या बस इधर-उधर बैठते थे और हिलते-डुलते थे। पूरी तरह से सिलिया से ढके हुए गोलाकार लोग विग्लर्स होते हैं। असमान रूप से वितरित सिलिया वाले एंथ्रोबोट्स सीधे या घुमावदार पथों में लंबे समय तक आगे बढ़ने की प्रवृत्ति रखते हैं।

बिजली उत्पादन के निजी कंपनियों के लिए बहुत बड़ी चुनौती

# पंजाब की आप सरकार ने थर्मल प्लांट खरीदा

- झारखंड का कोल लिंकेज भी है
- बिजली सस्ती करने का दावा है
- निजीकरण के युग में पहल



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने मंगलवार को पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन के जीवीके पावर (गोइंदवाल साहिब) लिमिटेड के प्रस्तावित अधिग्रहण को मंजूरी दे दी। जीवीके पावर (गोइंदवाल साहिब) जीवीके एनर्जी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जो बदले में की सहायक कंपनी है। जीवीके पावर एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड। इस संयोजन में पीएसपीसीएल द्वारा जीवीके पावर (गोइंदवाल साहिब) लिमिटेड की 100 फीसद हिस्सेदारी का अधिग्रहण शामिल है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार ने देश में सबसे सस्ती कीमत पर 1,080 करोड़ रुपये में एक ›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## अधिकारी और नेता मिलकर कर रहे घोटाला : प्रतुल

**रांची:** रांची में सीएम समेत उनके करीबियों के ठिकानों पर छापामारी के बाद राजनीतिक बयान शुरू हो चुकी है। बुधवार को राजधानी रांची समेत राज्य के कई ठिकानों पर ईडी की छापा पड़ी। सुबह से राजधानी ईडी सरकार के कई महत्वपूर्ण व्यक्ति के ठिकानों पर छापेमारी की। रांची रातू रोड स्थित मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार समेत अभिषेक प्रसाद, हजारीबाग डीएसपी राजेंद्र दुबे, साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास के राजस्थान स्थित आवास, आर्किटेक्ट विनोद सिंह के आवास पर एक साथ ईडी की छापेमारी चल रही है। राज्य में सीएम हेमंत सोरेन को ईडी की बुलाहट ते बाद राजनीतिक हलके में एक ओर हलचल मची है, वहीं दूसरी ओर हेमंत सोरेन के करीबियों के घर में ईडी की छापामारी ने केंद्र सरकार को संदेह के घेरे में डाल दिया।

राजनीति

### सीएम के आवास पर बुधवार को गठबंधन दलों के विधायकों की बैठक

# सीएम आवास में सत्तारूढ़ दल के विधायकों की बैठक खत्म, सबने कहा हेमंत बने रहेंगे सीएम

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सीएम हेमंत सोरेन के आवास पर बुधवार को गठबंधन दलों के विधायकों की बैठक हुई। बैठक में करीब दो घंटे तक मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई। ईडी की चल रही कार्रवाई और मीडिया में चल रही खबरों पर मंथन किया गया। बैठक खत्म होने के बाद बाहर निकले मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि तू डाल डाल तो हम पात पात। हमारी सरकार कार्यकाल पूरा करेगी। 2025 में भी हम सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में विधायकों ने मिठाई खायी। विकास योजनाओं को जमीन पर मजबूती से उतारने पर चर्चा हुई। किसी भी परिस्थिति का मजबूती से मुकाबला किया जाएगा।सीएम



आवास में गठबंधन दल की बैठक से सबसे पहले प्रदीप यादव निकले। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन आज भी मुख्यमंत्री हैं आगे भी मुख्यमंत्री रहेंगे। वहीं बाहर निकले अनूप सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री हैं और अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। वहीं विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि कोई नेतृत्व परिवर्तन नहीं हो रहा है। जो कुछ भी चल रहा है सब अफवाह है।बता दें कि मुख्यमंत्री आवास पर सत्ताधारी दलों के विधायक दल की बैठक के शुरू होने से पहले ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने विधायकों को यह साफ-साफ कह दिया था कि सोशल मीडिया और अखबारों की खबरों पर ध्यान न दें। मैं किसी भी कीमत पर इस्तीफा नहीं देने जा रहा हूं।जानकारी के अनुसार इस बैठक में कुल 37 विधायक शामिल हुये। जिसमें स्टीफन मरांडी, जोबा मांझी, दीपक बिरूआ, बेबी देवी, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, भूषण बाड़ा, समीर मोहंती, राजेश कच्छप, अनूप सिंह, मंत्री रामेश्वर उरांव, डॉ। इरफान अंसारी, प्रदीप यादव, मंत्री बादल पत्रलेख और गांडे से अपनी सदस्यता से इस्तीफा दे चुके सरफराज अहमद भी सीएम आवास पहुंचे थे। वहीं झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम और चमरा लिंडा बैठक में नहीं पहुंचे हैं।दो महिला विधायक दीपिका पांडेय और पूर्णिमा नीरज सिंह के अनुपस्थिति हैं। दीपिका पांडेय के पिता का निधन हो गया है, वहीं पूर्णिमा नीरज सिंह आउट ऑफ स्टेशन हैं। दोनों ने लिखित में यह जानकारी भी दी है।बता दें कि मंगलवार को झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने लेटर जारी कर गठबंधन दलों के सभी विधायकों से ससमय सीएम आवास में आयोजित बैठक में उपस्थित होने को कहा था।

## कानून का गला घोंट रही भाजपा : पप्पू यादव

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सड़कों पर नमो नाम का जाप नहीं करने वाले और भाजपा के गलत कार्यों के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले लोगों के पीछे गब्बर की तर्ज पर ईडी और सीबीआई को लगाया जा रहा है। यही कारण है कि आज झारखंड की राजनीति में उथल-पुथल की स्थिति बनी हुई है। उक्त बातें बाघमारा पहुंचे बिहार के पूर्व सांसद और जन अधिकार लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव ने कही। पप्पू यादव बाघमारा लेढीडुमर निवासी भाजपा कार्यकर्ता अनुज सिंह के आवास पर औपचारिक मुलाकात करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कई लोगों से मुलाकात की। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा कानून व संविधान का गला घोटकर लोगों में राम व धर्म के नाम पर जहर घोल रही है। चुनाव नजदीक आते ही राम नाम लेकर चुनावी नैया पार करने की जुगत में जुटी है। लोगों को मंदिर-मस्जिद के नाम पर लड़ाकर बेरोजगारी व विकास के मुद्दों से भटका रही है। इंडिया गठबंधन पर यादव ने कहा कि ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, नितीश कुमार सहित अन्य नेता को अपनी राग छोड़ कर सीट शेयरिंग में जीतने वाले कैंडिडेट को चुनाव लड़वाना चाहिए। पप्पू यादव ने कहा कि संविधान व देश बचाना है तो अपने अपने अहंकार का त्याग करना होगा। जनता को इंडिया गठबंधन के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ा होना होगा। मौके पर अनुज सिंह, मिथुन सिंह राजपूत, बाबू साहेब, रणधीर सिंह, प्रभाष सिंह, मिथुन सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष गुलाम मुर्तजा, जिला अध्यक्ष उमेश कुमार यादव, युवा जिला अध्यक्ष सुजीत मंडल, जिला महासचिव कलाम अंसारी, संगठन सचिव राजकुमार, देवघर जिला अध्यक्ष सोनू भारती, दुमका जिला अध्यक्ष धीरेंद्र मंडल आदि मौजूद थे।

### मीटिंग में नहीं पहुंचे ये दो विधायक

# रांची में कांग्रेस विधायक दल की बैठक

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी बनने के बाद गुलाम अहमद मीर की उपस्थिति में कांग्रेस विधायक दल की बैठक प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुई। राज्य में वर्तमान राजनीतिक हालात और लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस बैठक में कांग्रेस के दो विधायक दीपिका पांडेय सिंह और पूर्णिमा नीरज सिंह शामिल नहीं हुई। पार्टी के प्रदेश महासचिव अमूल्य नीरज खलखो के अनुसार विधायक दीपिका पांडेय सिंह पितृ-शोक की वजह से बैठक में शामिल नहीं हो सकीं हैं, वहीं पूर्णिमा नीरज सिंह स्वास्थ्य कारणों से बैठक में नहीं आयीं।




कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में संसदीय कार्यमंत्री और विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के साथ साथ कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, अनूप सिंह, राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोंगारी, डॉ इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला, सोना राम सिंकू, अंबा प्रसाद, प्रदीप यादव, भूषण बाड़ा शामिल हुए। हालांकि, अभी कांग्रेस विधायक दल की बैठक जारी है लेकिन पार्टी सूत्रों से जो जानकारी मिल रही है, उसके अनुसार वर्तमान राजनीतिक स्थिति में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के सातवें समन के बाद की राजनीतिक स्थिति, गांडेय विधानसभा सीट से झामुमो विधायक डॉ सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद राज्य की राजनीति में लग रहे कयासों के बीच कांग्रेस की भूमिका पर चर्चा हो रही है।

बैठक में प्रदेश प्रभारी बनने के बाद पहली बार झारखंड के विधायकों से रुबरु हुए। प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने विधायकों को अपने विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव की तैयारी करने पर फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विधायक होने के नाते आप सबों पर है कि कैसे पार्टी और सहयोगी दलों के साथ मिलकर राज्य के सभी 14 में से 14 सीट जीत सकें।

# कल्पना सोरेन नहीं लड़ेंगी चुनाव, बोले सीएम हेमंत सोरेन, यह बीजेपी का है ख्याली पुलाव

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड की राजनीति में चल रहे उथल-पुथल के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पत्नी कल्पना सोरेन चुनाव नहीं लड़ने जा रही हैं। उन्होंने समाचार एजेंसी पीटीआई को कहा है कि गांडेय से कल्पना सोरेन के चुनाव लड़ने के जो कयास लगाए जा रहे हैं वह सिर्फ बीजेपी की कोरी कल्पना है। इसमें किसी तरह की कोई सच्चाई नहीं है। भाजपा एक फॉल्स नेरेटिव सेट करना चाह रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पष्ट किया है कि उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के निकट भविष्य में दूर-दूर तक चुनाव लड़ने की कोई संभावना नहीं है।बता दें कि इस बात की चर्चा तब शुरू हुई थी, जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम ईडी के सातवें और अंतिम समन के ठीक बाद गांडेय से झमुमो के विधायक सरफराज अहमद ने विधायक पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। इसके फौरन बाद भाजपा के कई नेताओं मसलन, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पर संभावना जताई थी कि सारी कवायद कल्पना सोरेन को चुनाव लड़ाने के लिए की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि इन्हीं मसलों को ध्यान में रखते हुए 3 जनवरी को सीएम आवास पर शाम 4:30 बजे सत्ताधारी दल के विधायकों की बैठक बुलाई गई है।खास बात है कि सरफराज अहमद ने 31 दिसंबर यानी रविवार को विधायक पद से इस्तीफा दिया था और स्पीकर ने उसी तारीख पर इस्तीफा को मंजूरी देते हुए 1 जनवरी को नोटिफिकेशन जारी किया था। इसी के बाद झारखंड की राजनीति में खलबली मच गई थी। अब सवाल है कि जिस बात की चर्चा 1

## कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश प्रभारी से की मुलाकात

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड कांग्रेस के विभिन्न जिलों ने नेताओं ने आज प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अब्दुल मीर से मुलाकात की। मुलाकात करनेवालों में झारखंड कांग्रेस के आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, बोकारो से साधु शरण गोप, धनबाद से मो जिन्ना, लोहरदगा से प्रदीप विश्वकर्मा, रांची से रमेश उरांव, फिरोज रिजवी, मुन्ना, अभिषेक. संजीत यादव, शिव शंकर उरांव, कुमुद रंजन, पप्पू सिंह, डॉ सुषमा केरकेट्टा, गोड्डा से मनोज झा शामिल थे. सभी नेताओं ने झारखंड प्रभारी गुलाम अब्दुल मीर को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आज औपचारिक मुलाकात में कांग्रेस प्रभारी से संगठन को लेकर एक सकारात्मक बातचीत हुई है। नेताओं ने कहा कि नये प्रभारी मिलनसार, मृदुभाषी और गंभीर नेता है। उन्होंने आत्मीयता से मुलाकात की है। कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार हुआ है। 2024 झारखंड की राजनीति के लिए महत्वपूर्ण वर्ष है।

राजनीति

### बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को पत्र लिखा

# वर्तमान हालात में सरकार बनाने का दावा नहीं पेश कर सकता गैर विधायक, बाबूलाल का राज्यपाल से आग्रह

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड की राजनीति में तू डाल-डाल तो मैं पात-पात वाला खेल शुरू हो गया है। सरफराज अहमद के गांडेय विधानसभा सीट से इस्तीफा देने के बाद उपजे राजनीतिक हालात का हवाला देते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को पत्र लिखा है। उन्होंने मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए लिखा है कि वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस्तीफा दे सकते हैं। उनकी जगह एक गैर-विधायक को झामुमो विधायक दल के नेता के रूप में चुना जाएगा और वह गठबंधन का नेता होगा। वह सरकार बनाने के लिए आपके पास दावा पेश करेगा। अगर कोई गैर विधायक मुख्यमंत्री बनने के लिए ऐसा करता है तो यह पूरी तरह से असंवैधानिक और गैरकानूनी दावा होगा।



बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि बेशक, संविधान ने अनुच्छेद 164 (3) और (4) के आधार पर अपवाद बनाया है, जो बताता है कि 6 महीने की अवधि के भीतर, एक मंत्री सदन का सदस्य बन जाएगा यदि वह निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं है। यह रिकॉर्ड की बात है कि 5वीं झारखंड विधानसभा का परिणाम 23।12।2019 को घोषित किया गया था। विधायक ने 31।12।23 को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उसे स्पीकर ने 1।1।2019 से स्वीकार कर लिया था। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 151ए यह सुनिश्चित करने का प्रयास करती है कि कोई भी निर्वाचन क्षेत्र छह महीने से अधिक समय तक प्रतिनिधित्वहीन न रहे। लेकिन यह बिना शर्त नहीं है। यह अपवादों के अधीन है। जहां रिक्ति के संबंध में किसी सदस्य का शेष कार्यकाल एक वर्ष से कम है, वहां कोई चुनाव नहीं होगा। इसलिए, यह बिल्कुल स्पष्ट है कि शेष अवधि के लिए गांडेय निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव नहीं हो सकता है, क्योंकि पांचवीं झारखंड विधानसभा के पूरे कार्यकाल में एक वर्ष से भी कम समय बचा है।बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि संदीप यशवंत राव सरोदे बनाम ईसीआई, 2019 मामले सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी सहमति जतायी थी। उसके मुताबिक चुनाव आयोग भी स्वीकार करता प्रतीत होता है, जो उसके दिनांक 9-10-2018 के प्रेस नोट से स्पष्ट है। इसमें कहा गया है कि आंध्र प्रदेश से रिक्तियों के मामले में चुनाव आयोग ने इस कारण से चुनाव नहीं कराने का निर्णय लिया है क्योंकि लोकसभा का शेष कार्यकाल एक वर्ष से कम है, हालांकि यह अलग बात है कि ईसीआई द्वारा रिक्ति की तिथि से एक वर्ष की अवधि की गणना की गई है। हालांकि, हमने पहले ही पाया है कि कार्यकाल की शेष अवधि की गणना रिक्ति होने की तारीख से नहीं बल्कि उस तारीख से की जानी चाहिए जिस दिन आने वाले सदस्य को निर्वाचित घोषित किया जाता है।न्यायालय की इस टिप्पणी से यह स्पष्ट हो गया कि कार्यकाल की शेष अवधि की गणना उस तारीख से की जानी चाहिए, जिस दिन आने वाले सदस्य को निर्वाचित घोषित किया जाता है और इस प्रकार, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वहां उपचुनाव नहीं हो सकता। यह उल्लेख करना उचित होगा कि ईसीआई भी इसी स्थिति को स्वीकार करता है और उसने 9।10।2018 की प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अन्य निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भी यही रुख अपनाया है।ऐसे में अगर कोई गैर विधायक सरकार बनाने का दावा पेश करता है और उसका अनुरोध मान लिया जाता है तो यह पूरे राज्य को संवैधानिक संकट में डाल देगा। एसआर चौधरी बनाम पंजाब राज्य, (2001) 7 एससीसी 126 मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गैर-विधायक बनने की प्रथा की निंदा की है और कहा है कि यह संविधान के ढांचे और लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है।

## पेज एक का शेष

### ट्रक चालकों की मांगे मानी .. .

त्वरित कार्रवाई करने पर बाध्य किया। यह माना जा रहा था कि अगर दो तीन दिन और यह आंदोलन जारी रहता तो पूरे देश में सब्जी, दूध और अन्य आवश्यक सामानों की भी कमी हो जाती। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के सदस्यों के साथ बैठक के बाद सरकार ने कहा कि लापरवाही से गाड़ी चलाने पर नया नियम अभी तक लागू नहीं किया गया है। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा, मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधि और उसके बाद ही हम कोई निर्णय लेंगे। ट्रक ड्राइवरों के संगठन के अध्यक्ष अमृत लाल मदान ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नए हिट-एंड-रन कानून को रोकने पर सहमत हो गए हैं - जिसके कारण ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल हुई थी। उन्होंने कहा, अमित शाह ने 10 साल की सजा और जुमार्ने को रोक कर रखा है। जब तक ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस की अगली बैठक नहीं हो जाती, तब तक कोई कानून नहीं लगाया जाएगा। 2 जनवरी को कुछ ट्रक एसोसिएशनों की हड़ताल दूसरे दिन ही देश के लगभग 2,000 पेट्रोल पंप, ज्यादातर पश्चिमी और उत्तरी भारत में, ईंधन स्टॉक से बाहर हो गए। उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि जहां सरकारी स्वामित्व वाली तेल कंपनियों ने ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल की आशंका में देश भर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर टैंक भर दिए थे, वहीं राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और पंजाब के कुछ पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ के कारण स्टॉक खत्म हो गया। इससे आने वाले दिनों में कई किस्म की परेशानी उत्पन्न होने का अंदेशा केंद्र सरकार को हो गया था। जिस कारण आनन फानन में यह बैठक बुलायी गयी और आंदोलनकारियों की बात मानते हुए इसे समाप्त कराया गया।

### सीजेआई को कमेटी से हटाने .. .. ..

कार्यालय की अवधि) अधिनियम को लागू करने वाली 28 दिसंबर, 2023 की गजट अधिसूचना के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग की गई। फैसले में मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों के पदों पर नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रधान मंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता की एक समिति द्वारा दी गई सलाह के आधार पर करने का निर्देश दिया गया था। सभा और, यदि ऐसा कोई नेता नहीं था, तो लोकसभा में सबसे बड़ी संख्या बल वाली विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी का नेता और भारत का मुख्य न्यायाधीश। हालाँकि, नए कानून में कहा गया है कि सीईसी और ईसी की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक चयन समिति की सिफारिश पर की जाएगी जिसमें प्रधान मंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे जिन्हें नामित किया जाएगा। प्रधान मंत्री। सीजेआई को समीकरण से बाहर कर दिया गया और सरकार ने नियुक्ति प्रक्रिया में प्रधानता हासिल कर ली। कानून में कहा गया है कि सीईसी और ईसी को भारत सरकार के सचिव स्तर के नौकरशाहों के समूह में से चुना जाएगा। रिट याचिका में अदालत के विचार के लिए रखा गया महत्वपूर्ण कानूनी प्रश्न इस संवैधानिक जांच के इर्द-गिर्द घूमता है कि क्या संसद या किसी विधान सभा के पास सुप्रीम कोर्ट द्वारा पहले दिए गए फैसले को रद्द करने या संशोधित करने के लिए गजट अधिसूचना या अध्यादेश जारी करने का अधिकार है या नहीं।

### अकेले 290 सीटों पर लड़ने .. .. ..

सीटों पर चुनाव लड़ने की सोच रही है। इनमें से पश्चिम बंगाल की 3 से 5 सीटें हैं। तृणमूल नेतृत्व पहले ही कह चुका है कि वे वर्तमान में कांग्रेस के कब्जे वाली दो सीटें खाली करने को तैयार हैं। कांग्रेस आम आदमी पार्टी के समर्थन से दिल्ली में 5 और पंजाब में 8-9 सीटों पर लड़ने को तैयार है। क्या अरविंद केजरीवाल इतनी सीटें छोड़ने को राजी होंगे, इस पर सवालिया निशान है। तमिलनाडु में 9-11 सीटें, उत्तर प्रदेश में 10-15 सीटें, बिहार में 9-10 सीटें, महाराष्ट्र में 24-26 सीटें, झारखंड में 9 सीटें, जम्मू-कश्मीर में 3 सीटों पर डीएमके का समर्थन चाहती है कांग्रेस साथी दल के सहयोग से लड़ना। कांग्रेस नेता इस बात से सहमत हैं कि सीटों के समझौते पर चर्चा के बाद ही इन 100 निर्वाचन क्षेत्रों में गठबंधन की संख्या स्पष्ट होगी। वैसे कांग्रेस की इस सोच को अन्य सहयोगी समर्थन देंगे, इसकी बहुत कम उम्मीद है। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि इन 290 सीटों में से करीब 190 सीटों पर कांग्रेस से लड़ने के लिए पार्टी के पास पर्याप्त अच्छे उम्मीदवार और वित्तीय संसाधन हैं। इस सूची में मूल रूप से 10 राज्य हैं। इनमें कर्नाटक में 28, तेलंगाना में 17, गुजरात में 26, हरियाणा में 10, असम में 14, आंध्र में 25, छत्तीसगढ़ में 11, मध्य प्रदेश में 29, राजस्थान में 25, हिमाचल में 4 लोकसभा सीटें हैं। इसके अलावा नॉर्थ-ईस्ट, केंद्र शासित प्रदेश, ओडिशा, गोवा, उत्तराखंड जैसे राज्यों में भी कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ेगी। भारत के केरल में भले ही वामपंथी दल हों लेकिन कांग्रेस को वहां अकेले ही लड़ना होगा। इन 290 सीटों पर अपने दम पर और 100 सीटों पर सहयोगियों के समर्थन से चुनाव लड़ने के बाद, बाकी सीटों पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय दल और बीजेपी या एनडीए के सहयोगी दल लड़ेंगे।

### घाव को ठीक करने में मददगार .. .. ..

और अन्य कोशिकाओं पर उल्लेखनीय उपचार प्रभाव दिखाया गया। यह खोज रोग के पुनर्जनन, उपचार और उपचार के लिए रोगी-व्युत्पन्न बायोबॉट्स को नए चिकित्सीय उपकरण के रूप में उपयोग करने के शोधकताओं के द्दष्टिकोण के लिए एक प्रारंभिक बिंदु है। प्राकृतिक रूप से बायोडिग्रेड होने से पहले वे आमतौर पर प्रयोगशाला स्थितियों में लगभग 45-60 दिनों तक जीवित रहते थे। एंथ्रोबोट्स बनाने वाले गुमुस्काया ने कहा, एंथ्रोबोट्स लैब डिश में स्वयं-इकट्ठे हो जाते हैं। जेनोबॉट्स के विपरीत, उन्हें आकार देने के लिए चिमटी या स्केलपेल की आवश्यकता नहीं होती है, और हम भ्रूण कोशिकाओं के बजाय वयस्क कोशिकाओं - यहां तक कि बुजुर्ग मरीजों की कोशिकाओं का भी उपयोग कर सकते हैं। इस अति सुक्ष्म रोबोट के आगे के विकास से अन्य अनुप्रयोगों को बढ़ावा मिल सकता है, जिसमें एथेरोस्क्लेरोसिस रोगियों की धमनियों में जमा प्लाक को साफ करना, रीढ़ की हड्डी या रेटिना तंत्रिका क्षति की मरम्मत करना, बैक्टीरिया या कैंसर कोशिकाओं को पहचानना या लक्षित ऊतकों तक दवाएं पहुंचाना शामिल है। एंथ्रोबोट्स सैद्धांतिक रूप से ऊतकों को ठीक करने में सहायता कर सकते हैं, साथ ही पुनयोर्जी दवाएं भी दे सकते हैं। गुमुस्काया ने कहा, कोशिकाएं परतें बना सकती हैं, मोड़ सकती हैं, गोले बना सकती हैं, प्रकार के आधार पर खुद को क्रमबद्ध और अलग कर सकती हैं, एक साथ जुड़ सकती हैं या यहां तक कि स्थानांतरित भी हो सकती हैं। दो महत्वपूर्ण अंतर यह हैं कि कोशिकाएं एक-दूसरे के साथ संवाद कर सकती हैं और इन संरचनाओं को गतिशील रूप से बना सकती हैं, और प्रत्येक कोशिका को कई कार्यों के साथ प्रोग्राम किया जाता है, जैसे गति, अणुओं का स्राव, संकेतों का पता लगाना और बहुत कुछ। हम सिर्फ यह पता लगा रहे हैं कि कैसे किया जाए नई जैविक शारीरिक योजनाएँ और कार्य बनाने के लिए इन तत्वों को संयोजित करें - प्रकृति में पाए जाने वाले तत्वों से भिन्न। सेलुलर असेंबली के स्वाभाविक रूप से लचीले नियमों का लाभ उठाने से वैज्ञानिकों को बॉट बनाने में मदद मिलती है, लेकिन इससे उन्हें यह समझने में भी मदद मिल सकती है कि प्राकृतिक शरीर की योजनाएँ कैसे बनती हैं, जीनोम और पर्यावरण ऊतकों, अंगों और अंगों को बनाने के लिए एक साथ कैसे काम करते हैं, और कैसे पुनर्स्थापित करते हैं उन्हें पुनयोर्जी उपचार के साथ।

### पंजाब की आप सरकार ने .. .. ..

निजी थर्मल प्लांट, गोइंदवाल साहिब थर्मल पावर प्लांट खरीदकर इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि 540 मेगावाट के थर्मल प्लांट का नाम सिखों के तीसरे गुरु गुरु अमरदास के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहली बार है कि सरकार ने प्रति वर्ष 18,000 करोड़ रुपये की भारी सब्सिडी का भुगतान करने के बावजूद, पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) को सभी बकाया चुका दिए हैं। मान ने कहा, यह देश का सबसे सस्ता सौदा है। हमने 540 मेगावाट के थर्मल प्लांट के लिए 1,080 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। इसका मतलब है कि प्रत्येक मेगावाट क्षमता के लिए हमने 2 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। उन्होंने कहा कि निजी थर्मल प्लांट की जीवन प्रत्याशा 18-19 साल है, लेकिन अगर अच्छी तरह से रखरखाव किया जाए तो यह लंबे समय तक चल सकता है। बिजली खरीद पर वर्ष 2016 से नवंबर 2023 तक 11,165 मिलियन यूनिट के लिए सरकार ने 7,908 करोड़ रुपये का भुगतान किया। इसमें से 1,718 करोड़ रुपये गुजारा भत्ता था। हम जीवीके से 7.08 रुपये प्रति यूनिट पर बिजली खरीद रहे थे। अब प्लांट खरीदने पर हमें इसकी कीमत 4.50 रुपये प्रति यूनिट पड़ेगी. इससे हमें सालाना 300-500 करोड़ रुपये की बचत होगी। पीएसपीसीएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, पीएसपीसीएल एक स्वतंत्र बिजली संयंत्र खरीदने की प्रक्रिया में है, जो ऐसे समय में अपनी तरह का पहला प्रयास है जब यह निजीकरण का युग है। पीएसपीसीएल कार्यालय से मिली जानकारी से पता चला है कि बिजली संयंत्र के अधिग्रहण के बाद प्रति वर्ष लगभग 300-350 करोड़ रुपये की बचत होगी और टैरिफ में 1 रुपये प्रति यूनिट की कमी आने की संभावना है।

## फेडरल बैंक ने नगर निगम के साथ चेक-डीडी संग्रहण कियोस्क का अनावरण किया

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** फेडरल बैंक ने शहर में नगर निगम के साथ मिलकर एक नवीनतम चेक/डीडी संग्रहण कियोस्क का अनावरण किया। निगम के डिजिटल माइग्रेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में इस कियोस्क का उद्घाटन मौर्या लोक कॉम्प्लेक्स में आयुक्त अनिमेश पराशर, मेयर सीत साहू व बैंक अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। बैंक की यह पहल नगर निगम के डिजिटल परिवर्तन के लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कियोस्क 247 सेवा देगा। संपत्ति कर और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कर की राशि स्क्रीन पर प्रदर्शित होगी। नागरिक चेक या डीडी के माध्यम से भुगतान करने का विकल्प चुन सकते हैं। एकत्रित चेक/डीडी को कियोस्क के भीतर ही प्रोसेस किया जाएगा, और नागरिकों को संबंधित संपत्ति के लिए कर जमा करने की पुष्टि के साथ एक स्कैन छवि प्राप्त होगी। बैंक ने अपने मार्गदर्शक सिद्धांत डिजिटल एट द फोर, ह्यूमन एट द कोर के साथ अपने प्रभावपूर्ण 2024 की शुरूआत की है।

### राजद विधायक फतेह बहादुर की जीभ पर 10 लाख इनाम

**पटना :** बार-बार हिंदू देवी-देवताओं पर विवादित कमेंट करने वाले आरजेडी विधायक फतेह बहादुर सिंह की जीभ पर इनाम घोषित कर दिया गया है। राजधानी की सड़कों पर एक पोस्टर चस्पा गया। पटना के एमएलए फ्लैट के पास हिंदू शिवभवानी सेना की ओर से एक पोस्टर लगा कर विरोध किया गया। पोस्टर में फतेह बहादुर सिंह की जीभ काटने वाले को 10 लाख इनाम देने की घोषणा की गई है। पोस्टर पर लिखा है, मां सरस्वती का फतेह बहादुर कर रहे हैं अपमान, तेजस्वी मौन रहकर हिंदू को गाली दिलाने का कर रहे काम।

# जनकल्याण शिविर में 125 ग्रामीणों ने आवेदन दिया

राष्ट्रीय खबर



**कराकाट (रोहतास) :** डीएम नवीन कुमार के निर्देश के पर काराकाट प्रखंड के सामुदायिक भवन देव में जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से जुड़े 125 आवेदन दिये। जिसमें 42 आवेदन आवास योजना को लेकर है। इसके अलावा राशनकार्ड के लिए 60, पंचायती राज से 2, शिक्षा विभाग से 01, पीएचईडी से 2, आईसीडीएस से 04, राजस्व से 7 आवेदन प्राप्त हुए हैं। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट राहुल कुमार सिंह, पंचायतीराज पदाधिकारी रेणुका कुमारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी संजय कुमार शर्मा, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संजय मिश्रा, प्रखंड संख्याकी पदाधिकारी अनूज कुमार, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार, पशु चिकित्सा विभाग से श्यामदेव कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक कौशलेंद्र शर्मा, आवास पर्यवेक्षक सुरेन्द्र सिंह, विधुत अभियंता देवाशीष सिंह, महिला पर्यवेक्षिका रूकसना खातुन, आपूर्ति से जितेंद्र कुमार, सामाजिक सुरक्षा से शोभराज कुमार, मुखिया सुचित्रा सिंह, पंचायत सचिव अनुज कुमार, कार्यपालक सहायक जीतू कुमार, आवास सहायक पुष्प राज पासवान सहित सभी विभाग के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और कर्मचारी तथा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस मौके पर मुखिया सुचित्रा सिंह ने कहा कि पंचायत के सभी ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किये जाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए लगातार संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के संपर्क में रहेंगे, ताकि ससमय सभी समस्याओं का समाधान हो सके।

## हड़ताल टूटने के बाद पेट्रोल पंप लगी ग्राहकों की भारी भीड़



**बगहा प.च. :** हिट एंड रन कानून के विरोध तीन दिनों तक चले देशब्यापी हड़ताल खत्म होने के बाद यूपी सीमावर्ती क्षेत्र के खिरकिया पेट्रोल पंप पर बुधवार को अपने बाइकों में पेट्रोल भराने को लेकर ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गयी है। इस दौरान ग्राहक बाईक चालक अजय शर्मा, नवीन सिंह, संतोष कुमार, निरंजन शर्मा आदि दर्जनों लोगों ने बताया कि वाहन चालकों के हड़ताल पर चले जाने से मंगलवार को चौक चौराहों पर खुलता पेट्रोल बेचने वाले लोगों ने 2 सौ रुपये के रेट से पेट्रोल बेच रहे थे। राहत की बात है बुधवार की सुबह से ही लोगों की मुश्किलें आसान दिख रही है। वही पेट्रोल पम्पों पर पूर्वत रेट पर पेट्रोल डीजल मिलना शुरू हो गया है। हलाकि यूपी बिहार के सभी पंपों पर पेट्रोल डीजल के लिए लोगों ने कतारबद्ध तरीके से अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए।

## न्यूज फटाफट

### जनसंवाद कार्यक्रम में आज डीएम सुनेंगे फरियाद

**नोखा (रोहतास) :** जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार गुरुवार को जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित है। जिसको लेकर बीडीओ अतुल कुमार ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को आयोजित स्थल पर विधि व्यवस्था तहत निर्देश दिया है। बीडीओ ने बताया कि 13 दिसंबर तक प्रखंड के तेरह पंचायतों अंतर्गत 5 पंचायतों में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया था। जो शेष बचे आठ पंचायतों में क्षीखिंडा, चन्की, नोनसारी, सोतवा, सिसिरिता, मोडिहा, कदवा सहित छतौना शामिल है। जिसको लेकर डीएम नवीन कुमार के नेतृत्व में निर्धारित 4 जनवरी को आठ पंचायतों तहत जनसवांद कार्यक्रम का आयोजन नोखा बाजार समिति के खेल ग्राउंड में किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर विभिन्न पंचायतों के मुखिया में काफी उत्साह देखा जा रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली है। जो आयोजित कार्यक्रम को लेकर जिला पदाधिकारी व आरक्षी अधीक्षक उपस्थित होकर लोगों के विभिन्न समस्या से रूबरू होंगे।

### वाहन चालकों ने मोदी सरकार को बैक फूट पर लाया: गुप्ता

**बेतिया :** हिट एण्ड रन अधिनियम के विरुद्ध वाहन चालकों के ऐतिहासिक संघर्ष से मोदी सरकार को कदम पीछे हटाने को विवश कर दिया है। उक्त बातें भाकपा-माले केन्द्रीय कमिटी सदस्य सह सिकटा विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों के आंदोलन ने तानाशाह मोदी सरकार को पीछे हटने को बाध्य कर नये वर्ष में सरकार की तानाशाही के विरुद्ध जन संघर्षों का उत्साह जनक आगाज किया है। मोटर वाहन अधिनियम में बदलाव करके एक्सीडेंट होने पर ड्राइवर को 10 वर्ष की सजा और 7 लाख रुपए अर्थ दण्ड का प्रावधान कर दिया गया है। सड़क दुर्घटना के लिए केवल ड्राइवर को जिम्मेदार ठहराना एकदम अन्याय है।

### बीएओ ने किया कृषि कर्मियों के साथ बैठक

**बगहा/मधुबनी :** प्रखंड कृषि पदाधिकारी रविंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में बुधवार को कृषि कार्यालय परिसर में कृषि कर्मियों के साथ साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी कृषि कर्मियों को निर्देश दिया गया कि बिहार कृषि अटेंशन सिस्टम ऐप के माध्यम से ससमय उपस्थिति करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान बीएओ ने सभी कृषि समन्वयक सह उर्वरक निरीक्षक को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने पंचायत के उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण करते हुए सरकार द्वारा निर्धारित सरकारी मूल्य पर ही किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि किसानों को उर्वरक सम्बंधित किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। इस दौरान सभी कृषि समन्वयक, सहायक तकनीक प्रबंधक और किसान सलाहकार से योजनाओं की समीक्षा की गई। मौके पर कृषि समन्वयक मुकेश यादव, जितेन्द्र सिंह, रामनरेश सिंह, सहायक तकनीक प्रबंधक दीपक शर्मा, किसान सलाहकार मनिंदर कुमार, रामराम सिंह, बृजेश कुमार,गोरखमल सहनी,बुधई राम, अरविंद यादव, रमेश चौधरी, राजेश सिंह, कार्यपालक सहायक शशि रंजन आदि उपस्थित रहे।

### फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के बैनर तले तीसरे दिन भी जारी रहा हड़ताल

**बगहा :** फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर तीसरे दिन भी अनुमंडल अंतर्गत सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों का अपने आठ सुत्री मांगों को लेकर हड़ताल जारी रहा। विदित हो कि बीते 31 दिसंबर को फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के द्वारा जारी पत्र के बाद संघ के आह्वान पर डीलर संघ ने अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर एक जनवरी से हड़ताल पर जाने की घोषणा किया था।जिसके बाद बगहा दो डीलर संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार तिवारी के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में उपस्थित कार्यकारी उपाध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद, उपाध्यक्ष राम अयोध्या साह, महामंत्री मनोज कुमार यादव, दीपक कुमार राम, भिखू सहनी, बैजनाथ प्रसाद, रामबाबू कुमार, हरिद्वार महतो, विकास कुमार सिंह सहित सहित दर्जनों डीलरों ने हिस्सा लिया और सभी डीलरों से एक जनवरी से हड़ताल पर जाने का घोषणा की। जिसको लेकर बगहा अनुमंडल अधिकारी को संघ के द्वारा एक पत्र भेज कर सुचित किया गया था।

### किसानों को रजिस्ट्रेशन के लिए नोडल अधिकारी कर रहे हैं प्रेरित

**बगहा :** अनुमंडल के सभी प्रखंडों में किसानों का स्वयं रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। जिसके लिए ग्राम नोडल ऑफिसर की तैनाती की गई है। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी अभय कुमार ने बताया कि अनुमंडल के अंतर्गत सभी प्रखंडों में किसानों को स्वयं रजिस्ट्रेशन करने के लिए चयनित ग्राम नोडल पदाधिकारी प्रेरित करेंगे। जिस किसान की भी पीएम किसान योजना से संबंधित समस्या उत्पन्न होती है। वह किसान प्रखंड कृषि कार्यालय से नियुक्त ग्राम नोडल पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कर कार्य में उत्पन्न हुए व्यवधान का निराकरण करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि पीएम किसान योजना को लेकर केवाईसी करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की है की पीएम किसान योजना के रजिस्टर्ड किसान अपना केवाईसी हर हाल में करना सुनिश्चित करें।अन्यथा उनकी राशि रुक सकती है। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने बताया कि अनुमंडल के पिपरासी, भितहा, ठकराहा, मधुबनी प्रखंडों में इस कार्य को युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। बगहा एक प्रखंड में पीएम किसान योजना के कुल 25432 रजिस्टर्ड किसान है। जिनमें से 1925 किसानों का अभी तक केवाईसी पेंडिंग है। वही बगहा दो प्रखंड के 1252 किसानों का केवाईसी बाकी है। जिसको अभिलंब पूर्ण करने का निर्देश कृषि कर्मियों को दिया गया है। उन्होंने बताया कि केवाईसी से संबंधित किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो किसान संबंधित प्रखंड कृषि कार्यालय पहुंचकर अपने समस्या का निराकरण अवश्य करा लें।

### बस स्टैंड के लिए नगर के डुमवलिया में चिह्नित की गई भूमि

**बगहा न.प्र. :** नगर में बस स्टैंड हेतु भूमि चिन्हित कर लिया गया है। जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी बगहा दो दीपक कुमार ने बताया कि बगहा में बस स्टैंड के निर्माण के लिए डुमवलिया में भूमि चिन्हित की गई है। लेकिन, बस स्टैंड के लिए चिह्नित भूमि गैर मजरूआ है, बावजूद इसके उक्त भूमि की जमाबंदी चल रही है। यह कैसे हुआ है इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड हेतु एक एकड़ भूमि की आवश्यकता है। लेकिन चिह्नित भूमि चार एकड़ है। जिसकी जमाबंदी रद्द करने हेतु जिला मुख्यालय रिपोर्ट भेजी गई है। ज्ञात हो कि बगहा में बस स्टैंड नहीं होने से यत्र तत्र बस खड़ा किया जाता था। जिससे आए दिन जाम की समस्याएं उत्पन्न होती थी। अब बस स्टैंड की भूमि चिन्हित होने के बाद नगर वासियों के जाम से निजात मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

### सभी जरूरतमंदों को मिलेगा कंबल, जिला से आया आवंटन

**बगहा/पिपरासी :** बढ़ती ठंड को देखते हुए अनुमंडल के सभी प्रखंडों में जिला से कंबल उपलब्ध करा दिया गया है। जिसका वितरण शीघ्र किया जाएगा। बगहा-दो प्रखंड में जिला से 400 कंबल प्राप्त हुआ है । वही पिपरासी प्रखंड में 105 कंबल मिला है। बगहा दो सीओ दीपक कुमार ने बताया की बगहा दो प्रखंड में कुल 400 कंबल जिला से प्राप्त हुआ है। जिसमें से 300 कंबल प्रखंड के 25 पंचायत में वितरण किया जाएगा। वहीं 80 कंबल बगहा नगर परिषद क्षेत्र में बांटा जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 कंबल रिजर्व में रखा गया है। जो जरूरतमंद व्यक्ति को तुरंत उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रति पंचायत 12 कंबल पंचायत सचिव व राजस्वकर्मी के द्वारा वितरित किया जाएगा। वही पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि गरीबों के बीच वितरण किए गए कंबल का फोटो ससमय प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। वही नगर क्षेत्र में विकास मित्रों के द्वारा कुल 80 कंबल वितरित किया जाएगा। वही 20 कंबल रिजर्व में प्रखंड मुख्यालय पर रखा जाएगा।

## विद्यालयों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का होगा आयोजन

**बगहा/पिपरासी :** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण विकास विभाग बिहार पटना के निर्देश पर चार से छह जनवरी तक आयोजित की गई है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के दौरान स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों को मेडिकल टीम में शामिल किया गया है। स्वास्थ्य प्रबंधक राजेश कुमार की देखरेख में यह कार्यक्रम संपन्न होगा। जिसमें 4 जनवरी को नोडल पदाधिकारी सह कनीय अभियंता अमित कुमार रहेंगे। मेडिकल टीम में सीएचओ महेंद्र चांगल, नर्स तमन्ना परवीन, नूतन कुमारी, कृष्णा कुमारी, आशा फैंसीलेटर, बिंदु देवी, उच्च विद्यालय परसौनी तथा दोपहर उच्च विद्यालय मुडाडीह में कार्यक्रम आयोजित होगा। पांच जनवरी को उच्च विद्यालय भगड़वा तथा दोपहर में उच्च विद्यालय बलुआ ठोरी में कार्यक्रम आयोजित होगी। जिसमें मेडिकल टीम में शामिल सीएचओ महेंद्र चांगल, नर्स नूतन कुमारी, आशा फैंसीलेटर आरती देवी शामिल हैं। छह जनवरी को उच्च विद्यालय श्रीपतनगर तथा दोपहर में उच्च विद्यालय नैनहा मंझरिया में आयोजन किया गया है।

## अयोध्या हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम रखे जाने पर वाल्मीकि समाज में हर्ष

**गया :** मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम चंद्र की जन्मस्थली अयोध्या में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का नामकरण महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्याधाम रखने पर वाल्मीकि समाज में खुशी का माहौल है। समाज के नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार सरकार ने रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की महत्वपूर्ण भूमिका और भारतीय संस्कृति पर उनके प्रभाव को याद करने के लिए किय है। हवाई अड्डे का नाम बदलने से न केवल अयोध्या की समृद्ध साहित्यिक विरासत उजागर होगी बल्कि इसके प्रसिद्ध महाकाव्य के साथ शहर का संबंध भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समस्त वाल्मीकि समाज हमेशा ऋणी रहेगा। हर्ष प्रकट करने वालों में दिलीप काम्बले, मयूर देवरे, विनोद जाधव, संजीव खिलारे, वीरसिंह पारचछा, रोहिदास वधमारे, रमाताई शेजाल, अमित कुमार, प्रमोद चौधरी शामिल थे।

## महिलाओं को सावित्रीबाई फुले के कार्यों से प्रेरणा लेने की जरूरत : वीणा गिरी

**गया :** जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। इससे प्रेरणा पाकर सावित्रीबाई फुले ने अपने पति महात्मा ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर महिलाओं की शिक्षा के लिए क्रान्तिकारी अभियान शुरू किया। जो समाज के कमजोर वर्गों की लड़कियों को शिक्षा की चौखट तक पहुंचाया। उक्त बातें सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही महिला समाजसेवी वीणा गिरी ने कही। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले, जो नारी शक्ति की प्रतीक हैं। उन्होंने 18वीं शताब्दी में महिलाओं के लिए जो कार्य किया है उनसे आज की महिलाओं को उनके कार्यों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियाँ बहुत कुशल व प्रतिभाशाली है। अगर उन्हें सही प्रकार से मार्गदर्शन व उचित पटल प्रदान किया जाए, तो वे जीवन में नई उचाइयों को छू सकती हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, सुषमा स्वराज, निर्मला सीतारमण, जे जयललिता, आनंदी गोपाल जोशी महिलाओं के लिए रोल मॉडल हैं। भारत की पहली महिला न्यायाधीश न्यायमूर्ति अन्ना चाण्डी, अंतरिक्ष में जाने वाली पहली भारत की बेटी कल्पना चावला तथा अबला बोस व अन्य महिलाएं शिक्षा की उन्नति में किए गए उनके प्रयासों के लिए जानी जाती है। पहले कन्या को बोझ के रूप में देखा जाता था लेकिन अब महालक्ष्मी के रूप में देखा जाता है।

## प्रभु पहलवान की याद में एक दिवसीय विराट कुश्ती दंगल का आयोजन संपन्न

**दंगल में नेपाल के पहलवान बादल थापा सर्वश्रेष्ठ विजेता घोषित**

राष्ट्रीय खबर



**लखीसराय :** प्रभु पहलवान की याद में एक दिवसीय विराट कुश्ती दंगल का आयोजन लखीसराय के मानो-बोड़ना के बीच मानो स्थित फुटबॉल ग्राउंड में किया गया। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी मनोज सिंह व नेतृत्व बिहार कुश्ती चैंपियन चंद्रभान पहलवान ने किया। इस दौरान कई राज्यों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल से दर्जनों महिला और पुरुष पहलवानों ने कुश्ती का जौहर दिखाया। वहीं बिहार केसरी चंद्रभान पहलवान ने कहा कि मिट्टी के कुश्ती दंगल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नेपाल के पहलवान बादल थापा ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। कुश्ती को सरकार द्वारा खेल में शामिल किया जाए तथा विजेताओं को सरकार द्वारा नौकरी दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लोजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रवि शंकर सिंह, लल्लू मुखिया, टनटन सिंह, चेयरमैन लट्टू पहलवान, मनोज सिंह, विवेका पहलवान, दुलारचंद पहलवा, शंभू पहलवान, ब्रह्मदेव पहलवान, टुनटुन यादव, इंसपेक्टर जगदेव राय, अशोक मुखिया सहित अन्य शामिल थे।

## आरसीसी क्रिकेट क्लब टूनार्मेंट के चौथे दिन फुलवरिया की टीम विजयी

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.चः** प्रखंड के भटहां दुमदुमवा में आरसीसी क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित स्व. जवाहर लाल प्रसाद क्रिकेट टूनार्मेंट के चौथे दिन का खेल आरसी रायपट्टी टीम और फुलवरिया टीम के बीच खेला गया। जिसमें फुलवरिया की टीम विजयी रही। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय पात्र कर खेल का शुभारंभ कराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीसी रायपट्टी ने अपनी पूरी विकेट के नुकसान पर 97 रन बनाया। जिसके जबाब में उतरी फुलवरिया की टीम निर्धारित ओवर के पहले तीन विकेट के नुकसान पर जीत के लक्ष्य को पुरा कर लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विजेता टीम के खिलाड़ी चिकू कुमार को दिया गया। जिन्होंने अपने टीम के लिए अत्याधिक रन बनाया। मौके पर स्थानीय पैक्स अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, आयोजन समिति के अभिषेक श्रीवास्तव, सुमन पटेल, वसी अख्तर, बमभोली कुमार, सर्बेश यादल, अंपू कुमार, हरेन्द्र प्रसाद, धर्मेन्द्र कुमार, गोलू कुमार, संदीप पटेल, राजू प्रसाद, सुरज कुमार, राजन कुमार, मनोज कुशवाहा, मुकेश कुमार, सोनू कुमार सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना अंतर्गत चयन व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशित

**बेतिया :** जिला के विभिन्न प्रखण्ड एवं सुदूर पंचायत को परिवहन की सुविधा से जिला मुख्यालय को जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिससे जिला के 17 प्रखंड के 133 व्यक्तियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित है। जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय के निदेर्शानुसार चयन-प्रतीक्षा सूची परिशिष्ट-01 में प्रकाशित कर दी गई है। जिसपर किसी भी सम्बद्ध व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो संगत साक्ष्य के साथ लिखित आपत्ति दिनांक 05 जनवरी तक कार्यालय अवधि में जिला परिवहन कार्यालय में आपत्ति दर्ज. करा सकते हैं, उसके बाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

## एसडीएम ने नगर में भ्रमण कर जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

राष्ट्रीय खबर

**जगदीशपुर :** ठंड और शीतलहर का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। गरीबों को ठंड से बचने के लिए अनुमंडल प्रशासन ने कंबल वितरण शुरू कर दिया है। एसडीएम संजीत कुमार ने नगर में भ्रमण कर जरूरतमंदों को कंबल बांटे। कंबल पा कर सभी खुश दिखे। कंबल वितरण के दौरान एसडीएम ने लोगों का हाल-चाल भी जाना साथ ही उन्होंने कहा कि आप लोगों के लिए हर संभव मदद के लिए प्रशासन प्रयासरत है।



उन्होंने कहा कि ठंड से बचने के लिए अनुमंडल प्रशासन द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण शुरू कर दिया गया है। चिन्हित कर जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया जा रहा है। मौके पर बीडीओ राजेश कुमार, बीपीआरओ अरुण कुमार, सीओ अजय कुमार व थानाध्यक्ष राज किशोर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### भूमि विवाद में डेढ़ दर्जन लोगों पर एफआईआर दर्ज

**लौरिया,प.च. :** प्रखण्ड स्थित कटैया में सोमवार की शाम भूमि विवाद में हुई हिंसक झड़प में आधा दर्जन व्यक्ति घायल हो गए। जिसमें एक व्यक्ति के पैर में गोली भी लगी। मामले में दोनों पक्षों से 9-9 लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि अनुसंधान प्रारम्भ कर चुकी है। पुलिस अतिशीघ्र हिंसक संघर्ष में शामिल व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लेगी।

### टैक्टर पलटने से चालक की हुई मौत

**बगहा/भितहा :** थाना क्षेत्र के ग्राम रेडहा से खाप टोला जाने वाले मार्ग में टैक्टर पलटने से चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। भितहा थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर शाहिद अनवर अंसारी ने बताया कि मृतक सेराज अहमद 22 वर्ष पिता मन्नी मिया ग्राम शाहपुर रौजा थाना पड़रौना जिला कुशीनगर का निवासी है। अपने घर से सोनालिका ट्रैक्टर को लेकर निकला अचानक भितहा थाना क्षेत्र के ग्राम रेडहा मोड़ पर पलट गया। जिसमें चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भाई मुसाफिर अंसारी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है।

### नए परिवहन नियम से रंज चालकों ने किया सड़क जाम

**सुगौली, पू. चः** सरकार के द्वारा नए परिवहन नियम को लेकर ट्रक चालकों ने सड़क जाम किया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के छपवा-बेतिया मुख्य पथ में श्रीपुर जान चौक पर सड़क पर ट्रक व जेसीबी को लगाकर व टायर जलाकर चालको ने सड़क जाम कर दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जिससे कई घण्टो तक आवागमन बाधित रहा। जिससे लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। चालको का कहना था कि सरकार की हिट एंड रन नीति के खिलाफ में सड़क जाम किया गया है। सरकार को इस कानून को वापस लेना होगा। हमलोग जान बूझकर कोई घटना नही करते है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने समझा-बुझा कर आवगमनचालू कराया।

### गैगवार में ढेर हुआ सोनू उर्फ.बैगनव

**पटना :** खाजेकलां थाना क्षेत्र के मौला शाह का बाग, लाल मंदिर के समीप बीती शाम दो गुट में जमकर गोलीबारी हुई।जिसमें दो युवक गोलियों का शिकार बन गए। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने उसे इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान सोनू उर्फ बैगनवा के रूप में की गई। जिसकी तालाश कई मामलों में काफी दिनों से पुलिस को थी।

## अपराध : साइको प्रेमी ने प्रेमिका के भाई का किया अपहरण

# ग्रामीणों ने संलिप्त दो युवक को बंधक बनाकर अपहृत युवक को चंगुल से मुक्त कराया

आशीष कश्यप



**धरहरा/मुंगेर :** लड़ैयाटाड़ थाना क्षेत्र में बुधवार को एक तरफा प्रेम की एक अनोखी कहानी देखने को मिला , जहां एक साइको प्रेमी ने अपनी कथित प्रेमिका से जबरदस्ती शादी रचाने को लेकर अपराध का रास्ता चुना एवं अपने कुछ दोस्तों के साथ मिलकर लड़की के भाई का ही अपहरण कर लेता है और उक्त युवती के परिजनो पर कथित प्रेमिका के साथ शादी करने का दबाव बनाने लगता है । मामला नक्सल प्रभावित लड़ैयाटाड़ गोविंदपुर का है। जहां सूर्यनारायण साव का पुत्र नीतिश कुमार अपने दोस्त प्रमोद व राहुल तथा अन्य के साथ मिलकर महगामा पंचायत के खजुरिया निवासी एक युवक का अपहरण कर लिया। यह अपराध उसने युवती से एक तरफा प्रेम को पूरा करने के लिए किया। भाई का ही अपहरण कर लेता है किन्तु अपहरण जैसी बड़ी घटना की खबर जैसे ही लड़ैयाटाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अपहृत युवक के परिजनों को मिलती हैं परिजन लड़ैयाटाड़ थाना पहुंच अपने पुत्र की बरामदगी की गुहार लगाने लगते है।हालांकि अपहृत युवक की बरामदगी में स्थानीय थाना पुलिस का सहयोग भी रहा, जिसके बाद मंगलवार की देर रात ही परिजन एवं ग्रामीण के सहयोग से दो अपहरणकर्ता को पकड़ कर दोनों को बंधक बनाकर पूछताछ किया गया, तो अपहृत युवक का पता चल पाया। जिसे परिजनों ने अपहरणकर्ता के चंगुल से मुक्त करवाया। बताया जाता है कि युवक ने एक तरफा प्यार में पड़ोस के गांव खजुरिया की रहने वाली कथित नाबालिग प्रेमिका के भाई का अपहरण क्यूल स्टेशन से धरहरा आने के क्रम में क्यूल-जमालपुर रेलखंड के बीच मसूदन रेलवे स्टेशन पर हथियार के बल पर कर लिया। घटना की सूचना पर अपहृत के परिजन सहित स्थानीय ग्रामीणो द्वारा देर रात लखीसराय जिले के कजरा थाना अंतर्गत लखना गांव पहुंचकर अपहृत को अपहरणकर्ताओ के चंगुल से मुक्त कराया गया एवं हथियार समेत अपहरणकर्ताओ को अपने कब्जे में लेकर स्थानीय थाना पुलिस को सौंप दिया गया। बताया जाता है कि नाबालिग युवती का भाई अपनी नाबालिग बहन को अपने मौसी के घर धनबाद छोड़कर अपने मौसेरे भाई के साथ वापस क्यूल-जमालपुर पैसेंजर ट्रेन से अपने घर लड़ैयाटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत खजुरिया लौट रहा था। खबर लिखे जाने तक कजरा थाना की पुलिस के द्वारा अपहरणकर्ता को जमालपुर रेलवे थाना पूछताछ के लिए लाया जा रहा था। बहरहाल जो भी हो पुलिस के गिरफ्त मे आए युवको से हर बिन्दु पर तहकीकात प्रारंभ है।

राष्ट्रीय खबर हमारी नज़र अपना बिहार
web : www.rashtriyakhabar.net
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### ट्रेन विस्तार के लिए रेल महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

डीहरी ऑन-सोन : आरा-सासाराम पैसेंजर 03671/72 और 03673/74 का विस्तार डिहरी ऑन सोन तक करने और डिहरी पाली पुल को अविलंब शुरू करने के संबंध में रेल महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल को एक ज्ञापन कंफेडरेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रदेश अध्यक्ष अशोक वर्मा ने दिया। वही कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष बबल कश्यप ने बताया कि रेल महाप्रबंधक ने पाली पुल को बहुत जल्द चालू करने का आश्वासन दिया है और आरा सासाराम पैसेंजर को डिहरी तक विस्तारित करने का भी आश्वासन दिया है। महाप्रबंधक को यह ट्रेन पटना तक विस्तार करने की बात भी कही गई है। जिस पर उन्होंने गंभीरता से विचार कर बताया इसकी संभावनाओं को देखकर आपको इसकी जानकारी दी।

## सिटी अपडेट्स >>

### केके पाठक के खिलाफ शिक्षकों में रोष

**चरपोखरी (भोजपुर) :** प्रखण्ड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों की व्यवस्था परिवर्तन को लेकर वर्ष 2023 यादगार बना रहेगा। विद्यालयों में पठन-पाठन को व्यवस्थि करने के लिए सरकार की ओर से की गई प्रयास का सकारात्मक प्रभाव से हर लोग प्रभावि हुए। एक तरफ समय से विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए क कदम उठाए गए तो बच्चों की उपस्थिति में भी सुधार देखने को मिलने लगा। जो कल तक सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक खिचड़ी, पोशाक, छात्रवृत्ति और सायकिल योजनाओं तक सीमित रहते थे। उन्हें भी शिक्षा के लिए सक्रिय हो जाना पड़ा है। शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सरकार की ओर से विद्यालयों का निरीक्षण करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से जिम्मेदारी तय कर सबको सक्रिय कर दिया गया।

### केंद्रीय मंत्री की बहन का कनाडा में हृदयघात से निधन

**बक्सर :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे की कनिष्ठ बहन शीला दुबे का हृदय गति रुक जाने से कनाडा के हैमिल्टन जेनरल हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे 55 वर्ष की थीं और अपने पीछे आबू धाबी में बड़े कंपनी में निदेशक पद पर कार्यरत पति राजेश दुबे एवं दो पुत्री डॉ. अनीशा अंशु एवं प्रियंका को छोड़ गई है। वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में सक्रिय भागीदारी निभाती रहीं और कई छात्र आंदोलनों में भाग लीं। पटना विश्वविद्यालय में भी अध्ययनरत रहकर छात्र हित में कार्य करती रहीं। साथ हीं सामाजिक व आध्यात्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती थीं। वर्तमान में वे आबू धाबी के बिहारी एसोसिएशन से जुड़कर वहां के बिहार वासियों की मदद एवं सेवा करती थीं। विशेषकर भारतीय महिलाओं के लिए निरंतर उन्होंने कई कार्य विदेश में रहकर किया और सेवा के भाव से मदद के लिए तत्पर रहती थी।

### पुलिस-अपराधीक गठजोड़,जिले में बढ़ता अपराध : पप्पू

**मुंगेर :** जिले में बढ़ते अपराध लगातार हो रही हत्या चोरी छिनतई लूट की घटना पुलिस अपराधी गठजोड़ एवं पुलिस के अकर्मण्यता का प्रमाण है। शासन-प्रशासन मूक दर्शक बना है, जिसके कारण क्षेत्र अपराध के आग में धधक रहा है। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने जिले में लगातार बढ़ते अपराध की निन्दा करते हुए कहा। उन्होंने पुलिस के कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिसिया कार्रवाई का आलम यह है कि अगर कोई पीड़ित अपने ऊपर हो रहे दविश या अन्य अपराधी घटना के लिए आवेदन देते हैं तो पुलिस दूसरे पक्ष से भी आवेदन लेकर सेटलमेंट का खेल खेलते हैं। परिणामत: अपराधियों पर पुलिस का कोई खौफ नहीं है और आम जनता का पुलिस प्रशासन से विश्वास उठ गया है,आम आदमी से लेकर व्यापारी वर्ग कोई सुरक्षित नहीं है। उन्होंने आरक्षी उप महानिरीक्षक एवं जिला पुलिस प्रमुख से अविलंब जिला में बढ़ते अपराध पर रोक लगाने की मांग की है।

**कार्यक्रम** नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत एसएसबी का दोन में कंप्यूटर प्रशिक्षण संपन्न

# ग्रामीण युवाओं का बौद्धिक विकास कर बेरोजगारी मिटाना है उद्देश्य : कमांडेंट

- 20 स्थानीय युवकों को 30 दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया गया था
- जिससे दोन क्षेत्र के युवा आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बान सके



राष्ट्रीय खबर

**बगहा:** एसएसबी 65 वीं वाहिनी द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इसी के तहत बुधवार को सुदुर व विकास से कोसों दूर बनकटवा दोन में कंप्यूटर प्रशिक्षण का समापन किया गया। इसके तहत 20 स्थानीय युवकों को 30 दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया गया था जिससे दोन क्षेत्र के युवा आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बन सके। प्रशिक्षण के समापन समारोह के अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम वाहिनी के कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा के निदेर्शानुसार सहायक कमांडेंट रूपलाल सहायक कमांडेंट की उपस्थिति में किया गया। बनकटवा दोन, शेरवा दोन, कर्महिया, रूपालिया दोन इत्यादि गांव के 20 युवक-युवतियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया था जिनको 4 दिसंबर से 03 जनवरी तक प्रशिक्षण दिया गया। सहायक कमांडेंट रूपलाल ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सेरेटा संस्थान के सहयोग से चलाया गया। इस से स्थानीय युवक/युवतियां स्वावलंबी बनेंगे तथा अपने विकास के साथ इस क्षेत्र का भी विकास कर पाएंगे। प्रशिक्षण देने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं का बौद्धिक विकास करना है। जिससे जीविका के साधन भी उपलब्ध होंगे। वाहिनी के द्वारा लगातार जनकल्याणकारी कार्यक्रम किए जा रहे है। पूर्व में भी यहां के आस पास के गांव में मोबाइल रिपेयरिंग, जनरेटर सेट रिपेयरिंग आदि का प्रशिक्षण स्थानीय युवकों को दिया गया है। वाहिनी के द्वारा आगामी दिनो मे भी कल्याणकारी कार्यक्रम कराए जाएंगे। इस कार्यक्रम के अवसर पर सहायक कमांडेंट ने वाहिनी के द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, एक भारत श्रेष्ठ भारत, आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रम, हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम के साथ साथ ग्रामीण बालिकाओं को सीएपीएफ मे भर्ती होने से संबन्धित दिशानिदेर्शों से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण समापन समारोह में सेरेटा के डायरेक्टर जितेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधानाध्यापक अनिल काजी, प्रधानाध्यापक अवधेश राम, अनंत कुमार काजी, राम विलास पटवारी, दिनेश कुमार, नागेन्द्र खटैत, आर्यन कुमार सहित वाहिनी के बल कर्मी मौजूद थे। ३. पुत्र के शव को देखने के लिए परिजन हुए बेचैन, दोनों मृतक एक ही गांव के युवक थे।

## हत्याकांड के आरोपी के बयान के बाद परिजन शव को देखने के लिए कर रहे इंतजार

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू. च:** पिता,भाई व माता अपने पुत्र के शव को देखने के लिए गमगीन हो गए है। तेहरे हत्याकांड के आरोपी अखिलेश के द्वारा दिए गए बयान के बाद प्रखंड के फुलवरिया निवासी चंद्रिका साह अपने पुत्र रितेश साह की मौत की खबर के बाद उसके शव को देखने के लिए बेचैन हो गया है। मृतक के पिता, माता सरस्वती देवी,बड़ा भाई विकास साह व बहन अंशु देवी ने कहा कि हमलोगों को यह जानकारी हुई कि मेरे बेटे की हत्या हो गई है। जिसके बाद हमलोग अपने पुत्र के शव को देखने के लिए बेचैन हो गए है। यह भी जानकारी मिली कि केसरिया में नरकंकाल पुलिस को मिला है। लेकिन हमलोगों को किसी तरह की सूचना नही मिली है। हमलोग अपने पुत्र को जब तक देख नही लेते है तब तक चैन नही मिलेगा। ई दुश्मन सब हमरा बेटा के मार देलल सन। भगवान ई लोग के कबो माफ ना



करीहन।बेटा के बिना हमनी कईसे जियम सन। हमनी के इंसाफ चाही। मृतक के पिता ने बताया कि पुलिस के पास हमलोग लगातार दौड़ते रहे। लेकिन कोई मदद नही मिली। यह बता दे कि एक ही गांव के दो युवक की मौत का मामला है। दोनो मृतक के परिजन का घर आसपास ही है। इस घटना के बाद दोनों परिवारों के बीच तनाव बढ़ गया है। कारण यह है कि मृतक रितेश की माता सरस्वती देवी ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर गांव के ऋषभ कुमार व अखिलेश प्रसाद की पत्नी पर हत्या की नीयत ने अपहरण कर लेने की केस 30 अक्टूबर को दर्ज कराई। खोजबीन के दौरान ग्रामीणों ने महिला व उसके प्रेमी को छतौनी मोतिहारी में पकड़ लिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना छतौनी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलीस पहुंचकर मामले की जानकारी ली और दोनो को हिरासत में ले लिया। छतौनी पुलिस ने सुगौली पुलिस से इस मामले में संपर्क किया।लेकिन केस दर्ज नही होने से उनको छोड़ दिया गया और बताया गया कि जब जरूरत पड़ेगी तो दोनो के परिजन सुपुर्द कर देंगे। पुलिस से छूटने के बाद ही दोनो फिर से फरार हो गए। जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने केस दर्ज की।लोकेशन के आधार पर तीनों की खोजबीन में जुट गई। लेकिन कोई लोकेशन नही मिलने से पुलिस को कोई सफलता नही मिली। इसी बीच नेपाल के नारायण घाट के चितवन में नेपाल पुलिस ने एक घर से दो अलग अलग बोरे में बंद इन दोनों का शव बरामद किया। जिसके बाद पुलिस ने हत्यारोपी को धर दबोचा।

## अच्छी पहल : शिक्षकों ने गरीब बच्चों बीच किया स्वेटर का वितरण



राष्ट्रीय खबर

**बगहा/भितहा :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय जमुनिया के शिक्षकों के संयुक्त सहयोग से विद्यालय में अध्ययन रत गरीब बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य सह प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष विनोद यादव ने बताया कि सभी शिक्षकों ने विचार किया कि क्यों नहीं हम लोग अपने तरफ से वैसे गरीब और असहाय बच्चों को ठंड से बचने के लिए स्वेटर का वितरण करें, ताकि उन गरीब बच्चों का ठंड से बचाव हो सके। जिसमें कुल 30 बच्चों को चिन्हित किया गया और स्वेटर का वितरण सभी शिक्षकों के उपस्थिति में शिक्षकों के कर कमलों द्वारा किया गया। वितरण के दौरान शिक्षिका फरीद खातुन, तस्लीम बेगम, शिक्षक बृजेश कुमार, अशोक प्रसाद सहित हथुअहवा पैक्स अध्यक्ष मुन्नीलाल कुशवाहा, स्थानीय ग्रामीण प्रभु कुशवाहा, किशुनदेव महतो, चोकट कुशवाहा, रामचन्द्र कुशवाहा, राजु कुशवाहा उपस्थित रहे।

## प्रमुख राधेश्याम सिंह पर उपप्रमुख ने लगाया अविश्वास प्रस्ताव

राष्ट्रीय खबर



**फेनहारा, पू.च. :** नववर्ष के शुरूआत में हीं पंचायत समिति सदस्या सह उप प्रमुख डोली देवी के साथ बबलू सिंह और शिव कुमार सिंह ने प्रमुख राधेश्याम सिंह पर अविश्वास प्रस्ताव का ज्ञापन, बीडियो अर्पित आनंद को सौंपा है। उन्होंने प्रमुख पर कार्यालय में नही रहने, पदाधिकारी के समक्ष सदस्यों का पक्ष नही रखने, योजनाओं में अनियमिता, नियम विरुद्ध कार्य और पंचायत समिति सदस्य के वैध सुझाव को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। जिससे प्रखंड का राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। हालांकि, प्रखंड में ये पहला अविश्वास प्रस्ताव नही है इसके पूर्व भी प्रमुख बन्दना देवी पर ऐसा ही आरोप लगा कर अविश्वास प्रस्ताव लगाया गया था। जिसमे बन्दना देवी अपनी कुर्सी बचाने में विफल रही थी, और कमलेश कुमार सिंह उर्फ मंटु के सर प्रमुख का ताज चढ़ा था। इस बार क्या राधेश्याम सिंह अपनी कुर्सी बचा पाते है या प्रमुख का ताज पूर्व की भांति किसी और के सर चढ़ता है।

मगध और थाईलैंड के विश्वविद्यालय के बीच आपसी सहयोग एवं एमओयू पर विमर्श

## थाईलैंड के प्रतिनिधिमंडल का कुलपति ने किया स्वागत

राष्ट्रीय खबर

**बोधगया :** मगध विश्वविद्यालय बोधगया के सभागार हॉल में कुलपति प्रो एसपी शाही की अध्यक्षता में थाईलैंड के प्रतिनिधिमंडल और मगध विश्वविद्यालय के बीच एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें दोनों पक्षों के बीच सहयोग के तरीकों पर चर्चा की गई। थाईलैंड के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व थाईलैंड के प्रधान मंत्री कार्यालय के सार्वजनिक क्षेत्र विकास प्रभाग की निदेशिका डॉ प्रापापोर्न चंट्रास्मि ने किया। थाई सदस्यों में डॉ गोश थानट संगवार्नफेट और अन्य



शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल के साथ संयुक्त राष्ट्र के विश्व शांति संस्थान के राजदूत डॉ. परविंदर सिंह भी मौजूद थे। अपने संबोधन में कुलपति ने दोनों देशों के बीच समृद्ध सांस्कृतिक और व्यापार संबंधों के लंबे इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि थाईलैंड के रक्षा मंत्री डॉ सुतिन कुलांगसांग मगध विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे है। डॉ चंत्रास्मि ने थाईलैंड के विश्वविद्यालयों और मगध विश्वविद्यालय के बीच आपसी सहयोग और एमओयू की संभावनाओं पर चर्चा की। बैठक में अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ सरिता वीरांगना सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, संकायाधयक्ष , आईक्यूएसी सदस्य और शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दर्शनशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किया।

**आयोजन** दिव्यांगों को वितरित की गई बैटरी चलित ट्राईसाइकिल ,लगेगा शिविर

## दिव्यांगों की शिकायत पर डीएम ने लिया संज्ञान

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर सिटी :** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग द्वारा मुख्यमंत्री सामर्थ्य योजना संबल के तहत पात्र दिव्यांगजनों को प्रदत्त बैट्री चालित ट्राइ साइकिल से संबंधित तकनीकी समस्याओं के निराकरण को 4 एवं 5 जनवरी को दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए सामाजिक सुरक्षा के प्रभारी सहायक निदेशक



भुवन कुमार ने बताया कि इस शिविर में एल्मिको कानपुर के तकनीकी प्रतिनिधियों द्वारा बैट्री चालित ट्राई साईकिल की समस्याओं की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों द्वारा यह लगातार शिकायत की जा रही थी कि संबल योजना के तहत उन्हें दी गयी बैट्री चालित ट्राई साईकिल में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण वो उसका सही से इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। इस समस्या की जानकारी से जिलाधिकारी को भी अवगत कराया गया। जिस पर उन्होंने तत्काल इस समस्या के समाधान हेतु शिविर लगाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत एल्मिको, कानपुर के तकनीकी प्रतिनिधियों से संपर्क कर शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। 4 जनवरी को यह शिविर सदर प्रखंड स्थित राजकीय मूक बधिर आवासीय मध्य विद्यालय में पूर्वाह्न 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गयी है।

## न्यूज फटाफट

### प्रधानाध्यापक पुत्र को मिला धमकी

**मझौलिया :** प्रखंड क्षेत्र का परसा पंचायत एक बार फिर सुर्खियों में है। खबर के मुताबिकबराजकीय प्राथमिक मध्य विद्यालय त्रिभुवन टोला बहुअरवा में प्रभारी एचएम के पद पर पदस्थापित परसा निवासी स्वर्गीय अवध किशोर सिंह के पुत्र अजीत कुमार सिंह को एक धमकी भरा पर्चा चिपकाने का मामला प्रकाश में आया है। खबर के मुताबिक बीती रात्रि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा धमकी से भरा पत्र बिजली के पोल के खंभे पर चिपकाया गया है, जिसको लेकर उनके परिजनों में दहशत का माहौल है। पीड़ित प्रधानाध्यापक ने थानाध्यक्ष अभय कुमार को घटना की सूचना दी। थानाध्यक्ष ने बताया की अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### कैलाशवा बाबा के प्रांगण में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन, साधु-संतों की लगी भीड़

**बगहा :** नए साल के पहले दिन सोमवार को बगहा शहर के कैलाशवा बाबा स्थान पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान आश्रम पर मेले जैसा दृश्य देखा गया। कैलशवा बाबा स्थान के मठाधीश बासु बाबा की ओर से कैलशवा बाबा के पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन किया गया था। जिसमें सैकड़ो की संख्या में साधु संतों के साथ नगर के लोग सम्मिलित हुए। इस अवसर पर बासु बाबा की ओर से संत महात्माओं एवं गरीबों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। सोमवार को सुबह से स्थान पर नए वर्ष को लेकर पूजा अर्चना के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही। जिसमें सैकड़ो की संख्या में साधु संतों के अलावा स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया एवं प्रसाद प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बासू बाबा के बाबा के अलावा बाबा हीरा दास, बाबा छोटेलाल, समाजसेवी खजांची साह, रामेश्वर प्रसाद, महावीर अग्रवाल, नगर सभापति प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता और पप्पू गुप्ता, नागेंद्र सिंह आदि मौजूद थे। विदित हो कि हर वर्ष आयोजित होने वाले इस भंडारे में दुर-दुर से साधु-संत पधारते हैं व प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस दौरान आसपास के लोग भी प्रसाद ग्रहण करते हैं।

### भाजपा कार्यकताओं की बैठक संपन्न

**बिक्रमगंज (रोहतास) :** काराकाट विधानसभा सभा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर भाजपा कार्यकताओं की बैठक की गई। गोडारी मंडल, नगर, बिक्रमगंज मंडल और नगर तथा संझौली में बैठक के पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प माला अर्पित किया गया। साथ ही साथ राष्ट्रीय गीत गाकर के कार्यक्रम की का शुभारंभ किया गया। बैठक में उपस्थित पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने 22 जनवरी को राम जन्मभूमि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में भाग लेने, हर पंचायत में मोदी के गारंटी रथ के माध्यम से केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को लोगों को जानकारी देने, पार्टी द्वारा तय अगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक विषय पर चर्चा की गई। बैठक में अनिल सिंह जिला सेवा प्रमुख सह राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र सह अक्षत वितरण कार्यक्रम जिला संयोजक, सुमंत तिवारी जिला सहसंयोजक अक्षत वितरण कार्यक्रम, काराकाट विधानसभा विस्थारक, धनंजय सिंह पूर्व सरपंच, रितेश राज लालजी शर्मा, अजीत सिंह, ललित मोहन सिंह, विवेक सोनी, अर्जुन गुप्ता, विनोद पासवान, सुरेश गुप्ता, मुन्ना पांडेय, पंकज कुमार पांडेय सहित सैकड़ो कार्यकताओं ने बैठक में भाग लिया।

### कड़ाके की ठंड में कंबल देख हर्षित हुए 150 चेहरे

**बेतिया :** स्थानीय इण्डियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने 150 गरीब, असहाय लोगों में कम्बल वितरित किया। चेयरमैन डॉ. सुशील प्रसाद चौधरी, वॉइस चेयरमैन विश्वनाथ झुनझुनवाला व सचिव डॉ. जगमोहन कुमार ने वितरण कार्यक्रम सम्पन्न किया। उन्होंने कहा कि मौसम वृद्ध व गरीब के लिए कष्टदायक होता है। मानवता की सेवा रेड क्रॉस सोसाइटी का उद्देश्य है। वहीं नौतन प्रखंड के मंगलपुर कला गांव के सात अग्नि पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री तिरपाल, हाईजीन कीट एवं कम्बल भी वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रबंध समिति सदस्य डॉ. इंतेसारुल हक, सैयद शकील अहमद, सूर्यकांत मिश्र, सुरैया शहाब, अनुज कुमार, राज कुमार, अर्पित केशान, मनोज कुमार बरनवाल, सत्येन्द्र कुमार, सैयद इरशाद अख्तर, श्याम राज, प्रेम कुमार दास, आजीवन सदस्य बिहारी लाल प्रसाद उर्फ लाल दरोगा महतो, डॉ. एस.सी. गुप्ता, अरुण कुमार वर्णवाल, प्रदीप केशान, पिंकी देवी, अनील कुमार, ललन प्रसाद, समीर खान, गंगा सागर, सुरेश प्रसाद, जितेन्द्र शर्मा, सुनील कुमार, स्वयंसेवक राम कुमार, रोहित राज, अभिषेक राज, कर्मी मधुरेन्द्र चौबे की भूमिका प्रशंसनीय रही।

### धूमधाम से मना विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस समारोह

**मुजफ्फरपुर :** बीआरएबीयू का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अंबेडकर पार्क में विश्वविद्यालय पदाधिकारी, प्राचार्य गण, विश्वविद्यालय एवं कॉलेज के प्राध्यापक गण, अतिथि प्राध्यापक गण, विश्वविद्यालय कर्मचारी एवं छात्रों ने केक काटकर विश्वविद्यालय का 72वां स्थापना दिवस समारोह मनाया। वहीं छात्रों ने विश्वविद्यालय गीत एवं देश भक्ति गीत की प्रस्तुति की। समारोह के मुख्य वक्ता डॉ आर एन ओझा ने कहा कि 2 जनवरी 1952 में बीएचयू एवं अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की तरह पटना में यूनिवर्सिटी आफ बिहार की स्थापना की गई। लगभग 7 वर्ष बाद मुजफ्फरपुर के शिक्षाविद, राजनीतिज्ञ डॉ श्यामनंदन सहाय प्रथम एवं संस्थापक कुलपति के रूप में अपना कार्यभार संभाला।1960 में इनके प्रयास से ही इस विश्वविद्यालय का मुख्यालय मुजफ्फरपुर लाया गया। एवं तिरहुत प्रमंडल के समस्त कॉलेज को बिहारविश्वविद्यालय के अंतर्गत कर दिया गया। 1992 में इसका नाम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर रखा गया था। मुख्य अतिथि प्रो मुमताजुद्दीन ने कहा कि इस विश्वविद्यालय का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है। यहां से पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने पूरी दुनिया में सफलता का परचम लहराया है। मौके पर कुलसचिव डॉ संजय कुमार, कॉलेज निरीक्षक डॉ प्रमोद कुमार, डॉ रामजी साह, मानविकी डीन डॉ सतीश कुमार राय, प्राचार्य डॉ ममता रानी, डॉ विपिन कुमार राय, उप कुल सचिव डॉ विनोद बैठा, डॉ ललन झा, डॉ राकेश कुमार सिंह, डॉ वीरेंद्र चौधरी, डॉ प्रेमानंद, डॉ ललित किशोर, श्री राघवेंद्र कुमार समेत शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### असुविधाओं में जकड़ा सीएचसी धरहरा, संसाधनों का है घोर अभाव

**धरहरा/ मुंगेर :** प्रखंड के विकास के लिए कृतसंकल्पित पूर्व मुखिया दानवीर स्व० उपेंद्र नारायण सिंह ने धरहरा प्रखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से वर्षों पूर्व अपनी निजी जमीन को स्वास्थ्य केंद्र बनाने के लिए दान दिया था। जिससे स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। किन्तु धरहरा सीएचसी इन सभी सुविधाओं से थोड़ी दूर है। इंद्रदेव कोड़ा ने बताया कि सीएचसी में कमर का एक्स - रे करवाया किंतु बार-बार जांच कार्ड पूरी तरह से काला निकलने के कारण बीमारी का पता नहीं लग पा रहा था। वहीं एक्स-रे टेक्नीशियन ने बताया कि पर्याप्त वोल्टेज नहीं मिल पाने के कारण एक्स - रे करने में बड़ा मशीन का उपयोग नहीं किया जाता है।इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार ने बिजली विभाग पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अल्ट्रासाउंड की सुविधा स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएचसी स्तर पर नहीं दिया

### प्रमुख-उपप्रमुख पर लगा अविश्वास प्रस्ताव

**बिक्रमगंज(रोहतास) :** नव वर्ष के शुरूआत होते ही काराकाट प्रखंड के प्रमुख व उपप्रमुख पर पंचायत समिति सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लगा दिया। प्रखंड के प्रमुख पद पर बैजंती देवी एवं उपप्रमुख पूजा देवी है। उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लगा दिया गया। अविश्वास प्रस्ताव लगाने के पूर्व पंचायत समिति सदस्यों ने सबसे पहले प्रमुख कार्यालय पहुंचे। इसके बाद बीडीओ राहुल कुमार सिंह व प्रखंड कार्यपालक पदाधिकारी सह बीपीआरओ रेणुका कुमारी को सूचना दी गयी।

**शहर >> अपडेट**

### प्रशिक्षण लेकर लखपति बनेगी दीदियां

**पाकुड़ :** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, पाकुड़ के सौजन्य से बुधवार को सदर प्रखंड के जेएसएलपीएस सभाकक्ष में लखपति किसान अंतगर्त सीआरपी का प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ बीपीएम मो फैज आलम के द्वारा किया गया। बीपीएम फैज आलम* के द्वारा बतलाया गया कि बेहतर कमाई कर चिन्हित सीआरपी को लखपति बनाने की तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

### विद्यालय में शिक्षक शिक्षिका मासिक गोष्ठी का हुआ आयोजन

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड के गढ़बाड़ी स्थित बीआरसी के सभागार भवन में बुधवार को बीईईओ एक तरुण कुमार घांटी की अध्यक्षता में शैक्षिक अंचल एक के विद्यालयों के प्रधान शिक्षक-शिक्षिकाओं की मासिक गुरू गोष्ठी आयोजित की गई। मासिक गुरु गोष्ठी में मुख्य रुप से मध्याह्न भोजन योजना से संबंधित रिपोर्ट, प्रयास कार्यक्रम, प्रोजेक्ट रेल, पोस्ट ऑफिस तथा बैंक में बच्चों के खाता खोलने की समीक्षा कर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। गुरू गोष्ठी में ई-कल्याण अपलोड का कार्य पूरा करने, शिक्षक व छात्रोपस्थिति, स्मार्ट क्लास संचालन की स्थिति, 50 प्रतिशत से कम उपस्थिति की समीक्षा की गई। पीएफएमएस में भुगतान, उपयोगिता, शेष विद्यालयों की सूची, सामाजिक अंकेक्षण, स्कूल हेल्थ प्रोग्राम, मध्याह्न भोजन योजना की राशि, चावल, अंडा, रागी लड्डू, बोरा, एसएमएस, निर्वाचन हेतु नाम का प्रेषण, बूथ लेवल पर उपलब्ध रहने वाली न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं, प्री फील्ड प्रपत्र, पास आउट फार्म की स्थिति, आईएफए की गोली, पीटीएम, स्टूडेंट मेंडडटरी फिल्ड, वर्ग अष्टम का फार्म फिल अप की स्थिति, चित्र कला, भाषण, क्विज, पेंटिंग, युवा संसद कार्यक्रम की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### जनजाति समाज की प्रतिनिधि मंडल ने की उपायुक्त से शिष्टचार मुलाकात

**पाकुड़:** भाजपा नेता सीमोन मालतो के नेतृत्व में आदिम जनजाति समाज के प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कक्ष में उपायुक्त पाकुड़ से मिलकर आदिम जनजाति समाज की आम समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान प्रधानमंत्री जनमन योजना के संबंध में चर्चा किया।भारत सरकार के आदिवासी कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा के निर्देश पर भाजपा नेता सीमोन मालतो संथाल परगना के सभी उपायुक्त से मिलकर प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। उनके साथ भाजपा के जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय सहित आदिम जनजाति समाज के अनिल पहाड़िया सुनील पहाड़िया पौलुस मालतो गणेश पहाड़िया रामा पहाड़िया गंगा पहाड़िया संतोष पहाड़िया सोमना पहाड़िया आदि मौजूद थे।

**निर्देश**

मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन

# यूडी केस एवं लंबित कांडों का जल्द करें निपटारा पुलिस निरीक्षक

- नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी
- बाइक चोरी की घटना पर रोक लगाने का निर्देश दिया



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** पुलिस निरीक्षक प्रभु सहाय एक्का ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी की। मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस निरीक्षक ने बारी-बारी से थानों के लंबित कांडों, यूडी से संबंधित लंबित कांडों, पूर्व से तथा विगत माह तक के सभी प्रकार के लंबित व प्रतिवेदित कांडों की समीक्षा करने के पश्चात उसके त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस निरीक्षक ने पाकुड़िया थाना प्रभारी को अपने थाना क्षेत्र में आयोजित होने वाले गर्म पानी मेला पर विशेष रुप से ध्यान रखने का निर्देश दिया। मासिक अपराध गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को पुलिस निरीक्षक ने अपने-अपने संबंधित क्षेत्र में अवैध खनिज, बालू, बोल्डर तथा कोयले के अवैध उत्खनन व परिवहन पर अंकुश लगाने को लेकर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही अंतर्राज्यीय अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने का सख्त निर्देश दिया।

गोष्ठी में फिरारियों की सूची तैयार कर सत्यापन करने, वारंटियों की गिरफ्तारी करने, नियमित रूप से दिवा, संध्या और रात्रि गश्ती करने तथा आए दिन हो रही बाइक चोरी की घटना पर रोक लगाने का निर्देश दिया। साथ ही पुलिस निरीक्षक ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी। साथ ही अपने-अपने थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। जेल से मुक्त हुए अपराधियों जिनमें आर्म्स एक्ट, लूट, डकैती वाले अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। तथा अपने-अपने संबंधित थाना क्षेत्र में सूचना तंत्र को मजबूत बनाने का निर्देश दिया।

मासिक अपराध गोष्ठी में महेशपुर थाना प्रभारी आनंद पंडित, पाकुड़िया थाना प्रभारी अभिषेक राय, रद्दीपुर ओपी प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

## जिला परिषद ने किया छठ घाठ का शिलान्यास



**बेरमो :** खेतको-पेटरवार प्रखंड अंतर्गत बुधवार को जिला परिषद माला कुमारी द्वारा बड़कीटाड जोरिया पुल के समीप विधिवत पुजा अर्चना उपरांत नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद ने कहा कि 2024 का यह मेरा पहला शिलान्यास है। इसके बावजूद भी मेरे द्वारा अनुशंसा की हुई कार्य आने बाकी है जैसे बहुत जल्द घरवाटाड में नाली का निर्माण, चलकारी उतरी पंचायत में छठ घाट का निर्माण, खेतको में नाली का निर्माण, तेनुघाट में पीसीसी का निर्माण और पतकी में पंचायत भवन का निर्माण धरातल पर उतारा जाएगा। जबकि कांग्रेस के युवा नेता विजय महतो ने कहा कि मैं अपने बेरमो विधायक से कहकर श्याम लता पुल से लेकर बस बोनवा ग्राम तक पुलिया के साथ बहुत जल्द रोड का कार्य करवाऊंगा। इस मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि नारायण प्रजापति परिषद सावित्री कुमारी, सुखलाल मुर्मू, भुनेश्वर महतो, राजकुमार महतो, आनंद प्रजापति, बबलू करमाली, नंदकिशोर महतो, मुकम्मल जी, विभीषण महतो, रूद्रेश शर्मा, शिवपूजन शर्मा, सुनील शर्मा आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने नवनियुक्त प्रभारी का किया स्वागत



**बेरमो :** झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर के झारखंड आगमन पर बोकारो जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गुलाम अहमद मीर का संगम गार्डन में स्वागत किया गया। बोकारो जिला कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष मोहम्मद सगीर अंसारी, ए के सुल्तान, मोहम्मद मशकुर आलम, उमेश प्रसाद गुप्ता, जितेंद्र यादव, कमरुल हसन सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रेस प्रतिनिधि से बात करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष मोहम्मद सगीर अंसारी ने कहा कि गुलाम अहमद मीर के नेतृत्व में झारखंड में कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़ेगी और निश्चित तौर पर झारखंड के 14 लोकसभा सीट में से अधिकांश सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी। उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा चुनाव के मद्दे नजर कांग्रेस सहित अन्य गठबंधन दल के नेताओं द्वारा विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से ही जुड़ गए हैं और हेमंत सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। हेमंत सरकार झारखंड में बेहतर कार्य कर रही है बावजूद विरोधी दल के लोग उन्हें परेशान करने में लगे हुए हैं उनके कामों से हताश हैं और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा इन्हें झूठ मूठ का परेशान किया जा रहा है। हेमंत सरकार सभी वर्ग समुदाय के विकास के लिए कई अहम योजनाएं चल रही है जैसे अबुआ आवास गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड फूलों झानू आशीर्वाद योजना किशोरी योजना सहित उच्च योजनाऔ के साथ उचच शिक्षा के लिए एससी एसटी अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं को विदेश में भी भेजने का काम हेमंत सरकार कर रही है इसलिए निश्चित तौर पर आने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से गठबंधन की सरकार बनेगी। सगीर अंसारी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर को झारखंड का प्रभारी बनाए जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राहुल गांधी सोनिया गांधी इमरान प्रतापगढ़ी सहित अन्य आला नेताओं का आभार प्रकट किया।

# धूमधाम से मनायी सावित्रीबाई फूलो जयंती

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** माली-मालाकार कल्याण समिति फुसरो के तत्वाधान मे फूलमंडी मे गुरुवार को माता सावित्री बाई फूले की जयंती घूम-घाम से मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियो ने दीप प्रज्वलित कर और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान उन्हें सबसे बड़ा समाज सुधारक बताया गया।

झामुमो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी, जिप सदस्य नीतू सिंह, भाजपा नेत्री डॉक्टर उषा सिंह, बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी ने कहा कि माता सावित्रीबाई फूले ने 19वीं शताब्दी में स्त्रियों के अधिकारों, अशिक्षा, छुआछूत, सती प्रथा, बाल/ विधवा विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। अपने पति दलित चितक व समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले से प्रेरित होकर उन्होंने सामाजिक चेतना फैलाई। उन्होंने सबसे पहले बालिकाओं के लिए विद्यालय शुरू किया। इस मौके पर अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह और पूर्व प्रमुख अनिता गुप्ता आदि ने कहा कि सावित्रीबाई फूले देश में महिला शिक्षा क्रांति की ज्योति थी। जिस दौर में महिलाएं घर तक सीमित थी, उस जमाने में उन्होंने महिलाओं को एकजुट करने का काम किया। एक जनवरी 1848 को नौ बालिकाओं को लेकर पुणे में कन्या पाठशाला की शुरूआत कर अभूतपूर्व कार्य किया। इस मौके पर मजदूर नेता रविंद्र कुमार मिश्रा, भाजपा नेता कृष्ण कुमार,अनिल गुप्ता व ओम शंकर सिंह, झामुमो नेता भोलू खान व दीपक महतो, आदि ने भी संबोधित किया। यहां गुड्डू बरनवाल और सोनू राज की टीम द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा व्यावसायी संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष राकेश मालाकार ने किया। इस अवसर कागेसी नेता ललन रवानी और सलीम जावेद उर्फ मोती, निवर्तमान पार्षद भारत वर्मा, पूर्व पार्षद राधा देवी, बिनोद चौरसिया, संतोष भगत, राकेश जैन, बैजू मालाकार, संजीत मालाकार, अमित मालाकार, मुरारी मालाकार, बाबूलाल मालाकार आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## निमंत्रण अक्षत का किया गया वितरण



राष्ट्रीय खबर

**रामगढ:** श्री अयोध्या धाम से पूजित अक्षत नेहरू रोड रामगढ़ के समस्त घरों में अक्षत वितरण किया गया जिसमें सभी घरों में जाकर श्री राम लला का नव्य दिव्य भव्य मंदिर का फोटो देख सभी ने हर्ष व्यक्त किया लोगो का वर्षों का इंतजार अब समाप्त हुआ 500साल के बाद श्री राम लला का दिव्य दर्शन सभी को प्राप्त होगा। इस खुशी में सभी हिंदू घरों में अक्षत देकर श्री अयोध्या धाम आने का आग्रह किया अयोध्या धाम से भेजे गए निमंत्रण अक्षत लेते समय सभी परिवार के लोग बहुत ही हर्षोल्लाह के साथ अक्षत स्वीकार किया एवं सभी राम भक्तों को अभिवादन एवं पूजित अक्षत कलश को दीप दिखाकर पूजन एवं आरती किए और यह संकल्प किया आगामी दिनांक 22 जनवरी 2024 को अपने घरों एवं मोहल्ले में दीप उत्सव मनाएंगे इस अवसर पर समाज सेवी श्री बृजेश पाठक, बसुध तिवारी ,एकल अभियान अंचल समिति सचिव श्रीमान मनीष अग्रवाल ,अंचल अभियान प्रमुख चंद्रशेखर कुमार खिरेंद्र कुमार ,राजेंद्र भोगता नंदकिशोर महतो ,संच व्यास रीता कुमारी ,सुलेखा कुमारी ,उमेश महतो किशोर विद्यार्थी,दीपू विश्वकर्मा ,धर्मेंद्र भगत ,दीपक कुमार अविनाश सिंह,कैलाश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## जिला उपाध्यक्ष ने पदस्थापित प्रार्चाय से की मुलाकात



राष्ट्रीय खबर

**कुजू :** आजसू पार्टी के रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष जय किशोर महतो ने डीएवी स्कूल आरा के नव पदस्थापित प्राचार्य आलोक कुमार से बुधवार को औपचारिक मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में शिक्षा एवम खेल के बारे में चर्चा किया। इससे पूर्व आलोक कुमार अग्रसेन डीएवी भरेच नगर में जीव विज्ञान शिक्षक के रूप में अपना योगदान दे रहे थे। मौके पर विद्यालय के पूर्व प्रभारी शिक्षक सीडी मेहता, विक्की कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### श्री सत्य साई सेवा समिति ने जरूरतमंदों को बांटा कंबल

**पाकुड़:** ज्यों ज्यों ठंड बढ़ रही है समाज के लोग जागरुक हो रहे हैं। इस क्रम में बुधवार को श्री सत्य साई सेवा समिति छोटी अलीगंज पाकुड़ द्वारा ठंड के मद्दे नजर सीतागढ ग्राम में 51 चयनित गरीब जरूरतमंद व्यक्तियों को निशुल्क कंबल वितरण किया गया। शिविर के समाप्ति पर समिती के कन्वीनर रवि ठाकुर, मांझी मुर्मू, माताल मुर्मू, रूपचंद मेहरा, ओम कुमार डॉ ज्योती ठाकुर, डॉ देबकांत ठाकुर एवं समिति के सदस्य ने भगवान श्री सत्य साई बाबा को पूजन आरती कर सेवा (वितरण )किया। श्री देवकांत ठाकुर ने बताया कि इधर मौसम में काफी बदलाव आया है। बढ़ते ठंड के कारण गरीब लोगों को कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है। मद्देनजर आज कंबल वितरण किया गया।

# महासचिव सह 20 सूत्री सदस्य ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट:** महासचिव सह सदस्य 20 सूत्री गोमिया प्रखंड कांग्रेस पार्टी के रामकिशन रविदास ने एक पत्र मुख्यमंत्री झारखंड सरकार और उपायुक्त बोकारो को देकर जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट में व्याप्त के अनिमिताओ के संबंध में जानकारी देते हुए बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मेनू के अनुसार भोजन नाश्ता इत्यादि नहीं मिलता है और भोजन की गुणवत्ता भी निम्न है। वहीं 2023/24 में कक्षा 6 से 9 में जिन छात्राओं को नामांकन लिया गया है उन्हें अभी तक स्वेटर जैकेट इत्यादि उपलब्ध नहीं है जबकि ठंड बढ़ता ही जा रहा है।

विद्यालय में शौचालय की स्थिति अत्यंत दयनीय है। पीने का पानी भी गर्मी के दिनों में घोर अभाव रहता है। विद्युत आपूर्ति की भी व्यवस्था लचर है जिससे छात्रों को कभी-कभी रात में भी अंधकार में रहना पड़ता है। छात्रावास में लगे पंखे भी सही ढंग से काम नहीं करते हैं। विद्यालय परिसर में झाड़ियां का अंबार है जिससे कीड़े मकोड़े मच्छर का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। वही कक्षा 11 की छात्रा की आत्महत्या की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी को दंडित किए जाने की मांग की है। इस बाबत जब जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य विपिन कुमार ने बताया कि विद्यालय में मेष की व्यवस्था है और खाने में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं है और सभी को समय पर भोजन नाश्ता दिया जाता है। स्वेटर जैकेट सभी को मिला हुआ है सारी बातें की जानकारी उन्हें गलत है। शौचालय की स्थिति भी स्वच्छ रहता है। हमेशा पीने की पानी की व्यवस्था संपूर्ण है विद्यालय में आर ओ लगाया गया है। आगे बताया कि विद्युत आपूर्ति में भी किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं है विद्यालय में बिजली उपलब्ध नहीं रहने पर जनरेटर की व्यवस्था और जनरेटर चलता है। छात्रावास में पंखे भी सही रूप से काम कर रहे हैं और जहां तक विद्यालय परिसर में झाड़ियां की बात होती है तो हम हमेशा साफ सफाई पर ध्यान देते हैं और हमेशा स्वच्छ रखने की कोशिश करते हैं। वहीं जहां तक रिया कुमारी की बात उच्च स्तरीय जांच के लिए उसमें वह कानूनी प्रक्रिया उसे बारे में मैं कुछ भी नहीं कहना चाहूंगा।

# सावित्रीबाई फुले की 193 जयंती मनायी गाई

- सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डाला गया

राष्ट्रीय खबर



**गिद्दी:** सावित्रीबाई फुले की 193वीं जयंती अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) द्वारा रामगढ़ जिला सचिव नीता बेदिया, उपाध्यक्ष- कांति देवी, सदस्यों में झूमा घोषाल,पंचमी देवी, भावना देवी,मंजू देवी,मीला देवी,मगनी देवी,चरकी देवी, संजोती देवी, शांति देवी,पुरनी देवी,सतिया देवी,रिझनी देवी,उपासी देवी अन्य महिलाएं द्वारा मनाई गई। सर्वप्रथम उपस्थित सभी महिलाओं ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पाजंलि अर्पित की गई और नारेबाजी की गई। लड़कियों एवं महिलाओं के प्रति शिक्षा का अलख जगाने वाली सावित्रीबाई फुले अमर रहे,फासीवादी मिटाओ, लोकतंत्र बचाओ,देश बचाओ, क्रांतिकारी शहीदों के सपनों का भारत बनाओं,स्वभिमान से जीने के लिए पढ़ाई करो, पाठशाला ही इंसानों का सच्चा गहना है। देश की प्रथम महिला शिक्षका,नारी मुक्ति के प्रणेता महान समाज सेविका, क्रांति की ज्योत जलाने वाला सावित्री बाई फुले की जयंती पर उन्हें कोटी कोटी नमन करते हैं। नीता बेदिया द्वारा सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। देश में महिला शिक्षा और आधुनिकता की अलख जगाने वाली सावित्री बाई फुले की जयंती 3 जनवरी 1831 को पुणे से 50 किलोमीटर दूर नईगांव में हुआ था। 9 वर्ष की उम्र में 12 वर्षीय ज्योतिराव फुले से उनका विवाह कर दिया गया। शिक्षा के प्रति सीखने की सावित्री बाई की लगन देख कर उनके पति ज्योति राव फुले ने उन्हें पढ़ाना शुरू किया। खुद पढ़ते हुए सावित्री बाई को शिक्षा का महत्व भी समझ में आया और 1847 में उन्होंने लड़कियों के लिए स्कूल का निर्माण कर पढ़ाना शुरू किया।

शुरू में 8-9 लड़कियां ही उनके स्कूल में आई पर साल भर होते-होते यह संख्या बढ़ कर 40-45 हो गयी। हालांकि लड़कियों को शिक्षा की यह मुहिम आसान नहीं थी। सोचिए तो धर्म कैसी खतरनाक है। जो कैसी-कैसी चीजों से खतरे में आ जाता हैं। सावित्री बाई द्वारा धर्म की निर्धारित चौहद्दी के बाहर शिक्षा को ले जाने की कोशिशों को धर्म के विरुद्ध और धर्म के लिए खतरा करार दिया। नतीजा सावित्री बाई का प्रचंड विरोध हुआ। वे स्कूल जाती तो रास्ते में उन पर पत्थर,गोबर आदि गंदगी फेंकी जाती लड़कियों और दबे कुचलों को शिक्षा देने की फुले दंपति की कोशिशों के विरोध ने ज्योतिबा के पिता को तक भयभीत कर दिया. फलतः दोनों पति-पत्नी को 1849 में घर से निकाल दिया गया। लेकिन इतने विरोध के बावजूद शिक्षा को लेकर इस दंपति के कदम डगमगाये नहीं।

### ग्राम सभा का आयोजन

**गोला:** गोला प्रखंड क्षेत्र के चोकाद पंचायत भवन में बुधवार को अबुआ आवास योजना से संबंधित ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला संजय कुमार सांडिल्य उपस्थित हुए। उन्होने सभी जनता को अबूआ आवास योजना के योग्य लाभुको की पूर्ण रूप से जानकारी दी। मौके पर पंचायत सचिव ईश्वर देहरी, स्थानीय मुखिया, पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन महतो, उप मुखिया अविनाश कुमार, विकाश कुमार मुंडा, मिथुन महतो, वार्ड सदस्य नरेंद्रनाथ मुखर्जी, सभी वार्ड सदस्य गण एवं पंचायत के जागरूक जनता उपस्थित थे।

# रामनवमी के अखाड़ा धारी का निधन

- 65 वर्षीय बुधन वर्मा रामनवमी पूजा के अखाड़ा धारी थे

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** कथारा चार नंबर पानी टंकी के निकट रहने वाले बुधन वर्मा का निधन इलाज के क्रम में हो गया। 65 वर्षीय बुधन वर्मा रामनवमी पूजा के अखाड़ा धारी थे 35 वर्षों से लगातार अपने नेतृत्व में रामनवमी का झंडा का नेतृत्व करते थे। पानी टंकी के निकट होटल के संचालन से अपने परिवार जनों का जीविका चलाते थे। व्यवहार के धनी हंसमुख स्वभाव के व्यक्तित्व इनकी पहचान थी। उनकी पत्नी आशा देवी वर्तमान में वार्ड सदस्य है। साथ ही बोकारो जिला महिला कांग्रेस की महासचिव है। वर्मा अपने पीछे पत्नी चार पुत्र पुत्रवधू छोड़ गए। उनके निधन पर समाजसेवी सह श्रमिक नेता अजय कुमार सिंह चंद्रशेखर प्रसाद समाजसेवी पप्पू चौहान मंदिर के पुजारी गुप्तेश्वर पांडे तपेश्वर चौहान देवेंद्र यादव संतोष सिंन्हा उमेश चौहान मुकेश गिरी अशोक चौहान संतोष राम गोड लकी सिंह रवि कुमार अंकित कुमार सिकंदर कुमार सहित अन्य ने शोक व्यक्त किया है।

संपादकीय

# मनरेगा में फिर केंद्र का नया अड़ंगा

केंद्र सरकार ने आधार-आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) के माध्यम से भुगतान सक्षम करने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) के तहत श्रमिकों के आधार विवरण को उनके जॉब कार्ड से जोड़ने की समय सीमा 31 दिसंबर, 2023 से आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया है। चिंताजनक बात यह है कि यह निर्णय अब भुगतान के इस तरीके के लिए लगभग 35 प्रतिशत जॉब कार्ड धारकों और 12.7 प्रतिशत सक्रिय श्रमिकों (जिन्होंने पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कम से कम एक दिन काम किया है) को प्रभावित करेगा, जिससे उनकी आय पर असर पड़ेगा। कई लोगों के लिए मांग-संचालित योजना। केंद्र सरकार का दावा है कि एबीपीएस कार्यान्वयन यह सुनिश्चित करेगा कि भुगतान त्वरित हो, अस्वीकृति कम हो और सभी लीक बंद हो जाएं। सरकार का यह भी तर्क है कि चूंकि एबीपीएस 2017 से एमजीएनआरईजीएस के लिए लागू है, और क्योंकि भारत में आधार संख्या की उपलब्धता लगभग सार्वभौमिक है, एबीपीएस मजदूरी स्थानांतरित करने का एक मजबूत और सुरक्षित तरीका है। हालाँकि, तकनीकी उपकरणों पर अत्यधिक निर्भरता के परिणामस्वरूप समस्याग्रस्त कार्यान्वयन हुआ है, जिससे लाभार्थियों को सिस्टम में सुधार के लिए उचित सहारा नहीं मिल पाया है। लिबटेक इंडिया द्वारा विश्लेषण किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले 21 महीनों में आधार और जॉब कार्ड के बीच विसंगतियों के अलावा अन्य कारणों से 7.6 करोड़ श्रमिकों के नाम हटा दिए गए हैं, जिनमें से कई गलत तरीके से किए गए हैं।



आधार-आधारित भुगतान के उपयोग के साथ अन्य मुद्दे भी हैं - जहां प्रक्रिया के किसी भी चरण में त्रुटियों के परिणामस्वरूप भुगतान विफल हो जाता है। आधार और श्रमिक के जॉब कार्ड के बीच वर्तनी विसंगति के मुद्दे के अलावा, कई लोगों के लिए आधार को गलत बैंक खाते में मैप करने की समस्या भी है। कई मामलों में, भुगतान लाभार्थियों की पसंद के अलावा किसी अन्य खाते में किया जा सकता है, और वह भी उनकी सहमति के बिना। सरकार का दावा है कि आधार के उपयोग से वेतन भुगतान में देरी कम हो गई है, लेकिन लिबटेक इंडिया के अनुसार, वेतन भुगतान में देरी मुख्य रूप से अपर्याप्त धन के कारण हुई है। आधार सीडिंग और बैंक खातों के साथ मैपिंग को साफ किए बिना, एबीपीएस को अनिवार्य बनाने से केवल और समस्याएं पैदा होंगी। केंद्र सरकार को इस निर्णय पर दोबारा विचार करना चाहिए और एबीपीएस लागू करने से पहले दोषपूर्ण सीडिंग और मैपिंग समस्याओं को ठीक करने का कोई तरीका निकालना चाहिए। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा है कि यदि तकनीकी मुद्दे हैं तो वह ग्राम पंचायतों के लिए मामले-दर-मामले के आधार पर एबीपीएस से छूट पर विचार कर सकता है, लेकिन बेहतर होगा कि मंत्रालय समस्या की सीमा का पता लगाने के लिए सामाजिक ऑडिट कराए। मनरेगा एक महत्वपूर्ण मांग-संचालित कल्याण योजना है जो ग्रामीण गरीबों की मदद करती है और इसका कार्यान्वयन दोषपूर्ण तकनीकी प्रणाली पर निर्भर नहीं होना चाहिए। इधर अपने बयानों के लिए चर्चित केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर करारा पलटवार करते हुए आंकड़ों के साथ आईना दिखाते हुए उन्होंने आरोप लगाया है कि जयराम रमेश जब ग्रामीण विकास मंत्री थे तब मनरेगा में लूट मची थी। यह राजीव गांधी का समय नहीं कि एक रुपये में से 15 पैसा नीचे तक पहुंचे। मोदी सरकार पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है। आंकड़ों के साथ आईना दिखाते हुए उन्होंने आरोप लगाया है कि जयराम रमेश जब ग्रामीण विकास मंत्री थे, तब मनरेगा में लूट मची थी। गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के साथ ही अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मनरेगा को लेकर समय-समय पर भ्रम फैलाते रहते हैं। अभी हाल में ही उन्होंने गलत आंकड़े जारी किए हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि अब ज्यादा मजदूरों को काम दिया जा रहा है। वैसे किसी भी पक्ष में इस बात को याद नहीं किया कि कभी खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी मनरेगा का संसद में मजाक उड़ाया था। अचानक से कोरोना की वैश्विक महामारी के दौरान यही मनरेगा करोड़ों लोगों की जान बचाने और उन्हें दो वक्त की रोटी दिलाने में काम आयी, इस बात को मोदी सरकार के लोग स्वीकार नहीं करते क्योंकि ऐसा करने पर प्रधानमंत्री मोदी के पूर्व बयान का मजाक बनता है। कानूनों के बारे में यह बात स्पष्ट होती जा रही है कि केंद्रीय मंत्री इस बारे में ज्यादा मंथन नहीं करते इसी वजह से अधिकारी अपने दिमाग से नये प्रस्ताव लाते हैं, जो पारित होने के बाद उसकी परेशानियों को उजागर करता है। वैसे गिरिराज सिंह यह कहना भूल गये कि जब बंगाल से टीएमसी सांसदों का दल उनसे मिलने उनके कार्यालय आया था तो वे क्यों गायब हो गये थे। तथ्यों की जांच किये बिना और परिणाम क्या होगा, इस पर विचार किये बिना नये नियम लागू करने का क्या हश्र हो सकता है, यह तो सरकार कृषि कानूनों में देख ही चुकी है।

# पाकिस्तान के जुल्मों-सितम से तड़पता बलूचिस्तान !

बलूचिस्तान पाकिस्तानी फौज के अत्याचार से कराह रहा है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी सेना आए दिन लोगों को परेशान करते रहती है. बलूचिस्तान के लोग बीते कई सालों से पाकिस्तान सरकार से अलग मुल्क की मांग कर रहे हैं. वहां मौजूद खनिजों की पाकिस्तान सरकार भारी मात्रा में इस्तेमाल करती है. हालांकि, इसके बावजूद बलूचिस्तान के लोगों के लोगों को वो सुख-सुविधा नहीं देती, जिसकी वो हकदार है।

बलूचिस्तान प्रांत, ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगा हुआ है, जिसकी राजधानी क्वेटा है। बलूचिस्तान पाकिस्तान का ऐसा पश्चिमी प्रांत है, जो लंबे समय से हिंसक विद्रोह का सामना करता रहा है. इसकी वजह से बलूच विद्रोही समूह पनप रहे हैं, और वे चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) की 60 अरब डॉलर लागत वाली परियोजनाओं को निशाना बनाते रहे हैं। ।पको बता दें कि इस वक्त पाकिस्तान में बलूचिस्तान के लोग हुक्मरानों के जुल्मों-सितम से तंग आ चुके हैं. इसके लिए बलूचिस्तान के लोग पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. हजारों की संख्या में बलूचिस्तान के लोग इस्लामाबाद पहुंच चुके हैं। इस मुद्दे पाकिस्तानी महिला यूट्यूबर सना अमजद ने एक बलूची शख्स से बात की. सना अमजद से बात करते हुए बलूची शख्स ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए।



**मनोज कुमार अग्रवाल**
वरिष्ठ-पत्रकार

भारत पिछले 15,000 वर्षों से अस्तित्व में है। अफगानिस्तान, बलूचिस्तान, पाकिस्तान और हिन्दुस्तान सभी भारत के हिस्से थे। बलूचिस्तान में माता सती के 51 शक्तिपीठों में से एक शक्तिपीठ हिंगलाज माता का है। बलूचिस्तान की भूमि पर दुर्गम पहाड़ियों के बीच माता का मंदिर है जहां माता का सिर गिरा था। यह मंदिर बलूचिस्तान के राज्य मंज में स्थित हिंगोल नदी के पास स्थित पहाड़ी पर है। इस स्थान पर भगवान श्रीराम, परशुराम के पिता जमदग्नि, गुरु गोरखनाथ, गुरु नानक देवजी भी आ चुके हैं। चारणों की कुल देवी हिंगलाज की माता ही थी। ये चारण लोग बलूची ही थे और आज इनका नाम कुछ और कबीले से जुड़ा हुआ है। बलूचिस्तान में भगवान बुद्ध की सैंकड़ों मूर्तियां पाई गईं। यहां किसी काल में बौद्ध धर्म अपने चरम पर था। पाकिस्तान में बलूच राष्ट्रवादियों के संघर्ष के कई लंबे-लंबे दौर चले हैं। पहली लड़ाई तो बंटवारे के फौरन बाद 1948 में छिड़ गई थी। उसके बाद 1958-59, 1962-63 और 1973-77 के दौर में संघर्ष तेज रहा। ये लड़ाइयां हिंसक भी रहीं, मगर अहिंसक प्रतिरोध के दौर भी चले। मौजूदा अलगाववादी संघर्ष का हिंसक दौर 2003 से शुरू हुआ। इसमें सबसे प्रमुख संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी को बताया जाता है जिसे पाकिस्तान और ब्रिटेन ने प्रतिबंधित घोषित कर रखा है। इसके अलावा भी कई छोटे संगठन सक्रिय हैं। इनमें लश्कर-ए-बलूचिस्तान और बलूच लिबरेशन यूनाइटेड फ्रंट प्रमुख हैं। 2006 में बलूच नेता अकबर बुगती को कत्ल कर दिया गया। इसके बाद संघर्ष और बढ़ गया। पाकिस्तान की बर्बर कार्रवाई के चलते बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान सरकार के मुख्य ठिकानों पर हमले करने शुरू किए। राजधानी क्वेटा के फौजी ठिकाने, सरकारी इमारतों और फौजियों तथा सरकारी अधिकारियों को निशाना बनाया जाने लगा। पाकिस्तान की फौजी कार्रवाई में सैकड़ों लोगों की जानें गईं और हजारों लोग लापता बताए जाते हैं जिनमें 2,000 महिलाएं और सैकड़ों बच्चे हैं। मानवाधिकार संगठनों के मोटे अनुमान के मुताबिक 2003 से 2012 के बीच पाकिस्तानी फौज ने 8000 लोगों को अगवा किया। 2008 में करीब 1100 बलूच लापता बताए जाते हैं। सड़कों पर कई बार गोलियों से बिंधी और अमानवीय अत्याचार के निशान वाली लाशें पाई जाती रही हैं।

बलूचिस्तान के लोग इस्लाम के नाम पर आतंकवाद फैलाने का कार्य नहीं करते हैं जबकि उन्हें तो पाकिस्तानी फौज के अलावा पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों से भी चुनौती मिल रही है। कश्मीर में इसके उलट स्थिति है। पाक अधिकृत कश्मीर में कई आतंकवादी कैंप चल रहे हैं, जो भारतीय कश्मीर को जला रहे हैं। आजादी के लगभग 40 वर्षों तक कश्मीर के सुन्नी लोग आतंक की राह पर नहीं चले थे लेकिन बेनजीर और मुशर्रफ के काल के बीच उनको चरणबद्ध तरीके से भारत के खिलाफ खड़ा किया गया। बलूची तो 1948 से ही अपनी आजादी की जंग लड़ रहे हैं। उन पर एक ओर से जहां पाकिस्तानी फौज अत्याचार कर रही है वहीं दूसरी ओर लगभग 2010 से पाकिस्तानी तालिबान और कट्टर सुन्नी गुटों- लश्कर-ए-जांघी और जमायत-ए-इस्लामी ने भी अपने हमले तेज कर दिए हैं जिसके चलते अब बलूचों का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। ये कट्टरपंथी सुन्नी संगठन बलूच मुसलमानों के साथ ही हिन्दुओं और शिया समुदाय तथा अन्य अल्पसंख्यकों को भी निशाना बनाते हैं। एक मोटे अनुमान के मुताबिक इन हमले से हजारों अल्पसंख्यकों की जानें चली गई और करीब 3,00,000 लोग विस्थापित हैं, जो सिन्ध और भारत में शरणार्थियों का जीवन जी रहे हैं।

ऐसी परिस्थिति में पाकिस्तानी हुक्मरानों ने वहां का जनसंख्या गणित बदलने के लिए हाल के दिनों में अपनी परियोजनाओं के लिए बाहर से लोगों को लाकर बसाने की नीति शुरू की थी। उनकी दलील थी कि बलूच आबादी में साक्षरता दर बेहद कम होने और हुनरमंद लोगों की कमी की वजह से ऐसा करना जरूरी है। इस नीति के चलते पाकिस्तान ने कई इलाकों में बलूचों को अल्पसंख्यक बना दिया है।

बलूचों का आंदोलन उस वक्त तेज हो गया, जब पाकिस्तान ने उनकी भूमि का एक बहुत बड़ा हिस्सा चीन के हवाले कर दिया। चीन यहां अपने दक्षिणी प्रांतों से पाकिस्तान में आर्थिक कॉरिडोर का एक अहम पड़ाव बनाना चाहता है। इसका निर्माण 2002 में शुरू हुआ। बलूच लोगों को तकरीबन इससे बाहर रखा गया है। आसपास की जमीनें भी कथित तौर पर सरकारी अधिकारियों ने बलूच लोगों से लेकर भारी मुनाफे में चीन को बेच दी हैं।


दरअसल, चीन सामरिक दृष्टि से भारत और अन्य देशों से निपटने के लिए एक सुरंग बना रहा है। चीन और पाकिस्तान ने पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) से होते हुए 200 किमी लंबी सुरंग बनाने का समझौता किया था। रणनीतिक लिहाज से अहम इस इलाके में सुरंग को बनाने पर 18 अरब डॉलर का भारी-भरकम खर्च किए जाने की योजना है। पीओके से गुजरने वाले पाक-चीन आर्थिक गलियारे से चीन का सामरिक हित भी जुड़ा है।

दरअसल, यह पाक अधिकृत कश्मीर और बलूचिस्तान के विकास नहीं, भारत पर दबाव बनाने की ही रणनीति का एक हिस्सा है। यह सुरंग अरब सागर में बलूचिस्तान के ग्वादर बंदरगाह को चीन में काशघर से जोड़ेगी।

नज़रिया

# ओवैशी क्या कानून से उपर है ?

क्या असदुउद्दीन ओवैशी कानून से उपर है? क्या ओवैशी की भडकाउ और विषैला भाषण सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान से परे है? सुप्रीम कोर्ट भी क्या ओवैशी के विषैले और विखंडनकारी भाषणों को शांतिप्रिय मानता है? क्या देश के लाखों बुद्धिजीवियों को ओवैशी के जहरीले भाषण परेशान नहीं करते हैं, अशांति के कारण नहीं लगते हैं, विखंडन के प्रर्याय नहीं लगते हैं? सरकारें भी ओवैशी के विखंडनकारी भाषणों पर संज्ञान क्यों नहीं लेती हैं, एफआईआर दर्ज कर उसे कानून का पाठ क्यों नहीं पढाती हैं? देश में अफवाह, अशांति और जहरीला वातावरण बनाने के लिए ओवैशी को खुला छोड़ देना क्या देश की एकता और अखंडता के लिए प्रतिकूल और हानिकारक नहीं है? ओवैशी को खुला छोड़ना, उसे दंडित नहीं करना और इसी प्रकार के अपराध में अन्यों को महीनों जेल में रखकर तडपाना और सड़ाना क्या समानता के अधिकार को लज्जित और शर्म से नहीं भर देता है ? क्या अदालतें, सरकारें, मीडिया और बुद्धिजीवी वर्ग भी अल्पसंख्यकवाद के किटाणुओं से ग्रसित और प्रभावित हैं? मुस्लिम से हिन्दू बने जीतेन्द्र नारायण त्यागी और अतिनरसिम्हानंद सरस्वती सहित अनेक हिन्दू संतों को भडकाउ भाषण देने के आरोप मे जेल में भेजा गया और महीनों रखा गया पर ओवैशी को ऐसे दर्जनों अपराधों की सजा क्यों नहीं मिल रही है? अदालतें और सरकारें ओवैशी पर मेहरबान क्यों हैं, क्या मुस्लिम होना उसके लिए रक्षा कवच है?



**आचार्य विष्णु हरि**
राष्ट्र चिंतक

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी राममंदिर पर विवाद खड़ा करना और हिंसक वातावरण बनाने के लिए सक्रिय होना और अराजकता को फैलाना अस्वीकार है, अपराध का प्रतीक है, अशांति का प्रतीक है, देश की एकता और अखंडता के विरूद्ध भी है।**

इस निमित असदुउद्दीन ओवैशी का अपराध क्या हैं, करतूत क्या है, शाब्दिक हिंसा और विषवमन क्या है? यह जानेंगे तो आपको भी आश्चर्य होगा। आश्चर्य क्यों होगा? इसलिए कि एक अनपढ और अज्ञानी नहीं बल्कि एक संसद के सदस्य के रूप में जिम्मेदार माने जाने वाले ओवैशी किस प्रकार से अपने कौम के युवकों को हिंसक बनाने, सांप्रदायिक बनाने और उन्हें एक धर्म के प्रति विषवमन करने के लिए प्रेरित करता है। वह भी कभी कभार नही बल्कि बार-बार ऐसा अपराध करता है। अभी-अभी उसने राममंदिर के खिलाफ विषवमन किया है, शाब्दिक हिंसा फैलायी है, वह भी अप्रत्यक्ष नहीं बल्कि प्रत्यक्ष तौर पर, इतना नहीं बल्कि उसने इसे प्रचारित और प्रसारित भी किया है। उसने सीधे तौर पर मुस्लिम युवकों को राममंदिर के खिलाफ उकसाया है, शक्ति प्रदर्शन यानी हिंसा के लिए ललकारा है। उसने कहा कि जहां पांच सौ साल से कुरान ए करीम का जिक्र किया उस मस्जिद को हमने खो दिया, हमसे लूट लिया गया, हमारे मजहबी अधिकारों का हनन कर दिया गया, उसने मुस्लिम नौजवानों से कहा कि हमने मस्जिद गंवा दिया, वहां अब क्या किया जा रहा है, आप देख रहे हैं, हमारे घावों पर नमक छिडका जा रहा है, हमें पीडा पहुंचायी जा रही है, वहां किस प्रकार के काम हो रहे हैं, देश के तीन-चार अन्य मस्जिदों के प्रति साजिश चल रही है, इनको निशाना बनाने का अर्थ हमारे गर्व और ताकत को समाप्त करना है, हमारे हौसले को पस्त करना है, हमारी एकता को तोड़ना है, इन सभी पर संज्ञान लेना है, हमें ताकत का प्रदर्शन करना है, इसके अलावा अन्य हिंसक बातें भी की है।

सुंप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी राममंदिर पर विवाद खड़ा करना और हिंसक वातावरण बनाने के लिए सक्रिय होना और अराजकता को फैलाना अस्वीकार है, अपराध का प्रतीक है, अशांति का प्रतीक है, देश की एकता और अखंडता के विरूद्ध भी है। स्रुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ तौर पर कहा कि यह फैसला अंतिम है, राममंदिर से जुड़े हुए किसी भी प्रश्न को न तो सुप्रीम कोर्ट और न ही अन्य किसी कोर्ट में सुनवाई हो सकती है बल्कि कोई याचिका सुनवाई की योग्य भी नहीं मानी जायेगी।

# उबासी की सजा


प्रेरक-प्रसंग



एक दिन तेनालीराम को रानी तिरुमाला ने संदेश भिजवाया कि वह बड़ी मुश्किल में हैं और उनसे मिलना चाहती हैं। रानी का संदेश पाकर तेनालीराम तुरंत रानी से मिलने पहुंच गए। तेनालीराम ने कहा, ह्वरानी जी! आपने इस सेवक को कैसे याद किया?ह्व इस पर रानी तिरुमाला ने कहा, ह्वतेनालीराम! हम एक बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। तेनालीराम ने कहा, ह्वआप किसी भी तरह की चिंता बिल्कुल न करें और मुझे बताएं कि आखिर बात क्या है? तेनालीराम की बातें सुनकर रानी की आंखें भर आईं। उन्होंने कहा, 'दरअसल महाराज हमसे बहुत नाराज हैं।' तेनालीराम ने कहा, 'लेकिन क्यों? आखिर ऐसा क्या हुआ?' रानी ने बताया, 'एक दिन महाराज हमें एक नाटक पढ़कर सुना रहे थे और तभी अचानक हमें उबासी आ गई, बस इसी बात से नाराज होकर महाराज चले गए।'रानी ने तेनालीराम से कहा, 'तब से कई दिन बीत गए हैं, लेकिन महाराज मेरे पास नहीं आए हैं। मैंने गलती न होते हुए भी महाराज से माफी भी मांग ली थी, लेकिन महाराज पर इसका कोई असर नहीं हुआ। अब तुम्हीं मेरी इस समस्या का समाधान बता सकते हो तेनालीराम।'तेनालीराम ने रानी से कहा, 'आप बिल्कुल भी चिंता न करें महारानी! आपकी समस्या दूर करने की मैं पूरी कोशिश करूंगा।' महारानी को समझा-बुझाकर तेनालीराम दरबार जा पहुंचे। महाराज कृष्णदेव राय राज्य में चावल की खेती को लेकर मंत्रियों के साथ चर्चा कर रहे थे। महाराज मंत्रियों से कह रहे थे, ह्वहमारे लिए राज्य में चावल की उपज बढ़ाना आवश्यक है। ..जारी।

जानकारी

# सिंगापुर का इतिहास



रैफल्स को एक छोटी सी मलय बस्ती मिली जिसकी आबादी कुछ सैकड़ों में थी, यह सिंगापुर नदी के मुहाने पर स्थित थी जिसका मुखिया तेमेंगोंग अब्दुर रहमान था। द्वीप पर जोहोर के सुल्तान तेंग्कू रहमान का नाम मात्र का शासन था जिस पर डच और बुगिस लोगों द्वारा नियंत्रण कर लिया गया था। हालांकि, सल्तनत को गुटीय विभाजन से कमजोर कर दिया गया था और तेमेंगोंग अब्दुर रहमान तथा उसके अधिकारी तेंग्कू रहमान के बड़े भाई तेंग्कू हुसैन (या तेंग्कू लांग) के प्रति वफादार थे जो निर्वासित होकर रियाऊ में रह रहे थे। तेमेंगोंग की मदद से रैफल्स हुसैन को तस्करी के जरिये सिंगापुर वापस लाने में कामयाब रहे। उन्होंने हुसैन को जोहोर के असली सुलतान के रूप में मान्यता देने का प्रस्ताव रखा और उनके लिए वार्षिक भुगतान की व्यवस्था की; बदले में हुसैन ने अंग्रेजों को सिंगापुर में एक वाणिज्यिक बंदरगाह की स्थापना करने का अधिकार दिया। 6 फरवरी 1819 को एक औपचारिक संधि पर हस्ताक्षर किया गया और इस तरह आधुनिक सिंगापुर का जन्म हुआ।


# Poco M6 Pro 4G देगा 11 जनवरी को दस्तक




नई दिल्ली : Poco M6 Pro 4G जल्द ही ग्लोबल लेवल पर लॉन्च होने की उम्मीद है। फोन Poco M6 Pro 5G मॉडल में शामिल होगा, जिसे मई 2023 में भारत में Qualcomm Snapdragon 4 Gen 2 SoC और 5,000mAh की बैटरी के साथ पेश किया गया था। Poco M6 Pro 4G की कीमत और स्पेसिफिकेशंस समेत अन्य जानकारी ऑनलाइन सामने आई हैं। कंपनी ने अब फोन की ग्लोबल लॉन्च तारीख की घोषणा कर दी है। यह Poco X6 सीरीज के साथ लॉन्च होने वाला है। आइए Poco M6 Pro 4G के बारे में विस्तार से जानते हैं।

Poco M6 Pro 4G के लिए एक माइक्रोसाइट से पता चला है कि यह Poco X6 सीरीज के साथ 11 जनवरी को ग्लोबल लेवल पर लॉन्च होगा। जबकि Poco X6 सीरीज उसी दिन भारत में लॉन्च होगी, लेकिन इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि ट-सीरीज फोन उसी तारीख को देश में लॉन्च होंगे या नहीं। Poco M6 Pro 4G पहले 91मोबाइल्स द्वारा अमेजन यूएई पर देखा गया था। जहां इसका 12GB + 512GB वेरिएंट अएऊ 899 (लगभग 20,400 रुपये) पर लिस्ट किया गया था। पहले एक लीक में सुझाव दिया गया था कि फोन ब्लैक, ब्लू और पर्पल कलर ऑप्शन में लॉन्च हो सकता है।

लीक हुई अमेजन लिस्टिंग से पता चला है कि Poco M6 Pro 4G में 120Hz रिफ्रेश रेट के साथ 6.67 इंच की फुल HD+ pOLED डिस्प्ले मिल सकती है। नया फोन 12GB RAM और 512GB इनबिल्ट स्टोरेज के साथ MediaTek Helio G99 चिपसेट से लैस है। कैमरा सेटअप की बात करें तो Poco M6 Pro 4G में ट्रिपल रियर कैमरा यूनिट होगी, जिसमें ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन (OIS) सपोर्ट के साथ 64 मेगापिक्सल का एआई प्राइमरी कैमरा शामिल होगा। वहीं स्मार्टफोन के फ्रंट में 16 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा हो सकता है। फोन में 67W फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5,000mA की बैटरी हो सकती है।



साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट



"ऐसे समय में जब लोकसभा चुनाव नजदीक हैं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार करने से रोकने और उन्हें जेल में डालने के लिए ईडी का इस्तेमाल कर रही है।"

अरविंद केजरीवाल
दिल्ली के मुख्यमंत्री

"डंकी चार दोस्तों की कहानी है, जो अच्छी जिंदगी गुजारने के लिए लंदन में बसने का सपना देखते हैं, लेकिन अपने सपने को पूरा करने के लिए उन्हें एक मुश्किल और जिंदगी बदल देने वाला सफर करना पड़ता है।"

राजकुमार हिराणी
बॉलिवुड निर्देशक

संपादक के नाम पत्र

## कश्मीर के दुश्मनों को नही भा रहा है घाटी में अमन

कश्मीर की वादियों में जहर घोलने वाले को अमन पसंद नही है ।कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद परम शांति है ।जनजीवन सामान्य हो गया है । कश्मीर 2019 के बाद देश की मुख्यधारा से जुड़ता गया है ।लोग अमनपसंद हर गली मोहल्ले में बेफिक्र होकर टहल रहे है । महिलाएं बेखौफ आवाजाही कर रही है ।लेकिन कश्मीर की घाटी फिर से लहूलुहान हालत में दिखाई दे यह उनके दुश्मनों को पसंद है ।पाकिस्तान कश्मीर पर बोलना कभी से बन्द कर दिया है । कश्मीर के अलगाववादी नेता कश्मीर को सुलगता देखना चाहते है ।पीडीपी चीफ मुफ़्ती की बेटी इल्तिजा ने अपने एक इंटरव्यू में कह रही है कि भाजपा ने धोखा दिया है ।मीडिया एडवाइजर इल्तिजा ने कश्मीर पर बात में कहा कि कश्मीरी पंडितों के बिना अधूरा है ।आर्टिकल 370 हटने और सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद लोग स्मार्ट बिजली मीटर लगाने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे ।पत्थरबाजी बन्द हुई है ।ठीक हुआ है । लेकिन अभी हाल ही में पूंछ में तीन जवानों के शव मिले है ।उनका यह भावार्थ है कि हालात पर सरकार ने काबू नही पाया है ।कश्मीर में आज शांति है तो 370 की धारा हटने के बाद हुई है ।सैकड़ो आतंकवादी मारे गए है ।आतंकियों का खौफ कम हुआ है । परन्तु इल्तिजा ने 370 कानूनी लड़ाई ही नही है हक की लड़ाई बताया । प्रधानमंत्री अटल बिहारी पाकिस्तान गए इल्तिजा को पसंद आया ।अटल बिहारी के काम को पसंद किया जाता है । पाकिस्तान जाने केबाद भी वहां के हुक्मरानों ने कहा उनकी बात मानी थी ।उनके पीठ के पीछे कारगिल युद्ध थोप दिया । कश्मीर में घुस और तानाशाही चलने का आरोप लगाते हुए इल्तिजा ने भाजपा को ब्लैकमेल जनता पार्टी कहा । भाजपा के साथ पीडीपी गठबंधन की सरकार बनी थी । अब महबूबा की बेटी को भाजपा ब्लैकमेल पार्टी लग रही है ।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### छात्रों ने सीखा आत्मरक्षा के गुर

**बेरमो:** जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट में बच्चियों को आत्म सुरक्षा के तरीके सिखाए जा रहे हैं। इसमें कक्षा 6 से 9 तक की छात्राएं को सुरक्षा के हुनर सिखाए जा रहे हैं। वही सभी सीखने वाली छात्राएं काफी खुशी और उत्साह पूर्वक आत्म सुरक्षा के हुनर सीख रही है। वह अपनी सुरक्षा के हुनर सीखने में अपना पूरा जोश और उत्साह के साथ एक से एक करतब सीख रही है। इस बारे में विद्यालय के प्राचार्य विपिन कुमार ने बताया कि लड़कियों के लिए आत्म सुरक्षा सिखाई जा रही है। लड़कियों को कहीं भी मुसीबत में खुद को कैसे सुरक्षित रखें इसके लिए उन्हें ट्रेनिंग की बहुत ही आवश्यकता थी ।

## सिटी अपडेट्स >>

### प्रखंड के 108 जन वितरण दुकानों में तीसरे दिन लटके रहे ताले

**इचाक :** इचाक प्रखंड के108 जन वितरण प्रणाली दुकान दरों के हड़ताल पर चले जाने से अनाज वितरण व्यवस्था चरमरा गई है। पिछले तीन दिनों से डीलरों के हड़ताल पर रहने के कारण गरीब उपभोक्ता कार्डधारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।बुधवार को तीसरे दिन सभी 108 जीवीप्रा दुकानों में ताले लटके रहे। प्रभारी मार्केटिंग ऑफिसर राजेश कुमार ने बताया कि दिसंबर माह का अनाज कार्डधारियों के बीच अनाज बांटा जा चुका है। जबकि जनवरी 2024 का अनाज स्टेप टू डिलीवरी के तहत डीलरों के दुकानों तक भेज दिया गया है। एक से चार तारीख तक पोस मशीन बंद रहता है जिसके कारण अनाज का वितरण पर कोई विशेष प्रभावित नहीं हुआ है। पांच जनवरी से अनाज बांटा जाना है ऐसे में डीलरों के हड़ताल से वितरण व्यवस्था प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कहा कि विभाग और सरकार जल्द ही कोई रास्ता निकालेगी बहरहाल प्रखंड में 18 महिला समूह के हाथ हो जन वितरण का अनाज बांटने की जिम्मेदारी है। जन वितरण डीलर संघ के प्रखंड सचिव विनोद प्रसाद मेहता ने कहा कि सरकार जब तक उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं करती तब तक हड़ताल जारी रहेगा।

### बेरमो जिला मांग को लेकर 29वां दिन धरना जारी



**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट :** बेरमो जिला मांग को लेकर 29वां दिन भी धरना जारी रहा। वहीं धरने स्थल पर गोमिया प्रखंड पंचायत समिति प्रमुख ने अपने पंचायत के सभी पंचायत समिति सदस्यों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साथ दर्जनों महिला पुरुषो के साथ पहुंची और बेरमो को जिला बनाने के मांग कर रहे बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक संतोष नायक को समर्थन दिया और कहा की जब तक जिला नहीं बनेगा तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा और हमलोगो का भी समर्थन बरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति को सहयोग मिलता रहेगा। इस संघर्ष के बाद भी सरकार हमारी मांगो को नहीं मानती है तो हम लोग उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर गोमिया प्रमुख प्रमिला चौड़े, उप प्रमुख अनिल कुमार महतो, पंचायत समिति सदस्य निभा देवी, दुलारी देवी, गौसिया नूरी, चांदनी देवी, विष्णु लाल सिंह, अजय कुमार रविदास, पंचायत समिति प्रतिनिधि सर्जन चौधरी, संजय तुरी, मनोज महतो, राजदेव हांसदा, सी पी आई के गणेश प्रसाद महतो, अधिवक्ता आनन्द श्रीवास्तव, शालीग्राम प्रसाद, अधिवक्ता अभिषेक कुमार मिश्रा, प्रहलाद महतो सहित कई लगो समर्थन मे बैठे हुऐ थे।

हड़ताल

बरही डीलर संघ का नौ सूत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

# पिछले चार वर्षो से केंद्र व राज्य सरकार का सिर्फ मिल रहा है आश्वासन : डोमन पांडेय

▶▶ सरकार कर रही वादा खिलाफी

▶▶ नौ सूत्री मांगों पर अबतक नहीं लिया संज्ञान



राष्ट्रीय खबर

**बरही :** बरही आल इंडिया फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के केन्द्रीय कमेटी के नेतृत्व में केन्द्र एवं राज्य सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन बरही के संचालित जन वितरण प्रणाली दुकानदार एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के द्वारा बीते एक जनवरी से देश व्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल का तीसरा दिन भी जारी रहा।

हड़ताल को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को भी बरही प्रखंड परिसर के व्यापार मंडल समक्ष एसोसिएशन के लोग डीलर संघ के अध्यक्ष डोमन पांडेय की अध्यक्षता धरना दिया। जिसका संचालन सचिव केदार यादव ने किया। उपस्थित सदस्यों ने हड़ताल को सफल बनाने को लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किया।

वहीं एकता का परिचय देते हुए केन्द्रीय कमेटी के दिशा निर्देश आने तक हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया। धरना को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डोमन पाण्डेय ने कहा कि 4 वर्षों से डीलर संघ लगातार राज्य एवं केन्द्र सरकार को नौ सूत्री मांग लिखित रूप से दिया जा रहा है, पर सरकार द्वारा हम विक्रेताओं को महज अश्वासन पर अश्वासन मिल रहा है। हमारी मांगों पर गंभीरता पूर्वक कभी भी विचार नहीं किया है। हम डीलरों सरकार द्वारा संचालित सभी तरह के जनकल्याणकारी योजनाओं का नियम संगत पालन करते आ रहे हैं। बावजूद सरकार डीलरों को उचित मेहताना नहीं दे रही है। वहीं सचिव केदार यादव ने कहा कि हम सभी विक्रेता अपनी मांगों को लेकर केन्द्रीय नेतृत्व के साथ रहना है और उनके दिशा निर्देश के अनुसार काम करना है। बैठक में कोषाध्यक्ष सुखदेव साव, मिडिया प्रभारी कमल शंकर पंडित, किशोर ठाकुर, उपाध्यक्ष रानी खातुन, नंदकिशोर कुमार, नंदकिशोर प्रसाद, बालेशवर यादव, चंद्रदेव रविदास, लखन राम, लखन राम, छोटेलाल राम, दिलावर हुसैन, महेश ठाकुर, छोटी ठाकुर, देवधारी यादव, गणेश साव, किशोरी प्रसाद, परमेश्वर यादव, सुरेश राणा, राम-लखन यादव, मनोज यादव, वरूण साव, मनुलाल प्रसाद, विद्या देवी, मुकेश राणा, दशरथ रजक, दिनेश्वरी देवी, सहोदरी देवी, रेखा देवी, यशोदा देवी, गीता देवी, कबिलास देवी, नीलम देवी, सलेहा खातुन, इंदु देवी, सहित कई डीलर मौजूद हुए।

## अदाणी फॉउंडेशन की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन की ओर से लगातार निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। अदाणी फॉउंडेशन के बैनर तले पिछले मंगल और बुधवार को सुकुलखपिया और महुगाई कला में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं समेत दो सौ से अधिक ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। हजारीबाग के डॉक्टर विजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि बड़कागांव प्रखंड के अधिकतर ग्रामीणों में एनीमिया, उच्च रक्तचाप, पॉलीआर्थराइटिस, एक्जिमा, बुखार, सामान्य दर्द, सरदर्द, सर्दी और अन्य पोषण संबंधी कमियां लगातार मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि कई ग्रामीणों में ग्लूकोज का स्तर भी सामान्य से अधिक पाया गया है। सभी ग्रामीणों को डॉक्टर ने आवश्यक परामर्श और उनकी आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क दवाईयां दी। इस दौरान एसपीओ त्रिलोक कुमार झा, एएनएम संगीता देवी और ननकू प्रसाद दांगी मौजूद थे। अदाणी फॉउंडेशन की ओर से चलायी जा रही मेडिकल मोबाइल हेल्थ यूनिट बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांव में लगातार निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा रही है, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं। 39 ग्रामीणों को प्रदान किया गया चश्मा अदाणी फॉउंडेशन की ओर से स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर भी लगाए गए।

## कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई जयपाल सिंह मुंडा की 120 वी जयंती



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग जयपाल सिंह के 120 वी जयंती के अवसर पर हजारीबाग जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्री शैलेंद्र कुमार यादव के अध्यक्षता में कृष्ण बल्लभ आश्रम कांग्रेस कार्यलय में कांग्रेसजन के उपस्थित में श्रद्धा सुमन, श्रद्धा फूल माला चढ़ाया गया और गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा और इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि भारतीय आदिवासियों और झारखण्ड के एक सर्वोच्च नेता थे। वे एक जाने माने राजनीतिज्ञ, पत्रकार, लेखक, संपादक, शिक्षाविद् और 1925 में ऑक्सफोर्ड ब्लू का खिताब पाने वाले हॉकी के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी थे। उनकी कप्तानी में 1928 के ओलिंपिक में भारत ने पहला स्वर्ण पदक प्राप्त किया। ओपनिवेशिक भारत में जयपाल सिंह मुंडा सर्वोच्च सरकारी पद पर थे । इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत,अशोक दे०,जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ,रविन्द्र प्रताप सिंह,सलीम रजा, आदि उपस्थित थे।

## सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा जगत को बढ़ावा दिया: नेत्री रेणु कुमारी



राष्ट्रीय खबर

**इचाक :** इचाक मध्य विद्यालय डुमरौन में समाज सेवी व नेत्री रेणु कुमारी ने देश की प्रथम शिक्षिका व समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती श्रद्धा सुमन फूल अर्पित कर मनाई। वहीं श्रीमती ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले महिलाओं के लिए संजीवनी बूटी का काम की है। इनका विवाह बाल विवाह 9 वर्ष में हुआ था फिर भी पढ़ाई कर देश की प्रथम शिक्षिका व प्रधानाध्यापिका बनकर देश को गौरवित किया । समाज के क्षेत्र में भी इनका काफी योगदान रहा जिसमें बाल विवाह, सती प्रथा, बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए अभियान चलाया ।

नारी शक्ति को बढ़ावा दिया। इनकी चरणों को मैं नमन करती हूं। इस अवसर पर समाजसेवी द्वारा विद्यालय के सभी बच्चों को पठन पठान सामग्री दिया गया।

## खनन विभाग के डीएसपी के आवास पर ईडी की छापेमारी

राष्ट्रीय खबर




**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के इचाक प्रखंड के स्थानीय निवासी साहिबगंज जिले में कार्यरत खनन विभाग डीएसपी पद पर कार्यरत राजेंद्र दुबे हजारीबाग आवास शिवपुरी और इचाक प्रखंड के तिरला गांव में सुबह 7 बजे से लेकर 5 बजे तक चलते रहा सूत्रों के हवाले पता चलता है। कि पांच बोरा में कुछ कागजात जला दिया गया है। जिस पर ईडी के द्वारा हो रही है। परेशानी रांची ईडी कार्यालय मैं बुलाकर डीएसपी राजेंद्र दुबे को जांच पड़ताल गहन पूछताछ कर रहे है।

साहिबगंज के उपयुक्त कार्यालय में भी ईडी ने छापामारी के दौरान उपयुक्त रामनिवास यादव कार्यालय से एक अलमारी से आठ लाख केस नगद की बरामद भी हुआ है। उनके कई करीबियों के ठिकानों पर ईडी की टीम ने छापामारी कर रही है। वहीं दूसरी ओर ईडी की टीम सीएम के मित्र कहे जाने वाले विनोद सिंह और आर्टिटेक रौशन के रातू रोड के पिस्का मोड स्थित आवास पहुंचकर छापेमारी कर रही है। कई दस्तावेज ईडी के हाथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के नाम से चेक बुक भी बरामद किया गया है। इसके अलावा कई अन्य ठिकानों पर भी ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक उर्फ पिंटू के आवास से बेनामी अकाउंट भी पाया गया है।

बैठक

झारखंडी महापंचायत 24 को, जुटेंगे लाखों लोग

# हवाई अड्डा मैदान में जेबीकेएसएस ने की बैठक

▶▶ झारखंडी महापंचायत को लेकर बनायी रणनीति



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** नगवां टोल प्लाजा स्थित हवाई अड्डा मैदान में आगामी 24 जनवरी को झारखंडी महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इस महापंचायत में हजारीबाग, चतरा, रामगढ़, कोडरमा,बोकारो, धनबाद, राँची, गिरिडीह जिले समेत अन्य हिस्सों से लगभग एक लाख लोगों का जनसैलाब देखने को मिलेगा। विशेषकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही, हजारीबाग सदर, बड़कागांव, मांडु और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के आम जनमानस की सहभागिता होगी। कार्यक्रम झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) हजारीबाग इकाई द्वारा किया जा रहा है। महापंचायत के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को हवाई अड्डा मैदान में बैठक किया गया। बैठक में आयोजन समिति एवं जेबीकेएसएस के केंद्रीय पदाधिकारी सहित कई नौजवान, समर्थक सम्मिलित हुए एवं रणनीति बनाई। इस दौरान कई विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

दरअसल जिन स्थानीय, नियोजन, पुनर्वास के मुद्दों पर नौजवान झारखंड में यह लड़ाई लड़ रहे हैं उन मुद्दों का नीतिगत समाधान चाहते हैं। हालांकि इस बीच इन नौजवानों ने नेतृत्व में हकमारी को भी एक मुद्दा बनाया है।

नौजवानों का कहना है कि झारखण्ड यदि अलग राज्य बना है तो यहां सांसद - विधायक बनने का पहला हक झारखंडियों का है। लेकिन राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के छल के कारण झारखंड के लोग नेतृत्व में हक पाने से वंचित हो जा रहे हैं। ऐसे में झारखंड की जनता में राजनीतिक चेतना लाना बेहद जरूरी है। झारखंड की जनता अपना वोट झारखंडी माटी के बेटा - बेटी को दे। सभा से पूर्व हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र एवं अन्य हिस्सों के हर पंचायत एवं गाँव में जन जागरूकता अभियान चलेगा।

जिसमें लोगों से हजारीबाग चलने का आह्वान किया जाएगा। इसके लिए बूथ एवं पंचायत स्तर तक की कमिटी को सक्रिय किया गया है। महापंचायत में मुख्य तौर पर स्थानीय हक अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे झारखंडी योद्धा जयराम महतो एवं संजय मेहता सहित झारखंड के अन्य वक्ता अपनी राय रखेंगे।

## न्यूज फटाफट

### मनाई गई सावित्रीबाई फुले जयंती



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न सरकारी गैर सरकारी स्कूलों में भारत के प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। बड़कागांव के सेंट्रल पब्लिक स्कूल में निदेशक विनोद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य गायत्री सिन्हा ने किया। वक्ताओं ने कहा कि सावित्रीबाई फुले विपरीत परिस्थिति में दबे कुचले परिवारों एवं बालिकाओं को पढ़ाना शुरू की। मौके पर शिक्षिका निक्की कुमारी, नीतू राणा, संगीता पांडेय, रूबी कुमारी, रीमा पांडेय,सचिन कुमार, ओम कुमार,नीतू कुमारी, मोहम्मद आलम, मोहम्मद अकबर, विशाल कुमार सिन्हा उपस्थित थे। इंटर आट्र्स कॉलेज के प्रांगण में पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य मो अली संचालन मिथिलेश कुमार ने की। प्राचार्य मोहम्मद अली ने कहा कि सावित्रीबाई फुले शिक्षा की क्रांति लाई। मौके पर शिक्षक अवधेश कुमार, सोनी तिवारी ,रेणु कुमारी, गुड्डू कुमार, मिथिलेश कुमार, शंकर कुमार,ए सुमित कुमार मोहम्मद जफर शामिल थे। मॉडर्न पब्लिक हाई स्कूल के प्रांगण में प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम की अध्यक्षता एवं सचिव कुलदीप कुमार के संचालन में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। मौके पर प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि आज अगर महिलाएं बड़े-बड़े पद पर सुशोभित हैं और बालिकाएं पढ़ रही है तो इसका सारा श्रेय सावित्रीबाई फुले को जाता है। सावित्रीबाई फुले भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए नए इतिहास लिखी है। मौके पर सभी शिक्षक मौजूद थे। इसके अलावा आदर्श मध्य विद्यालय में मोहम्मद जमशेद अंसारी के नेतृत्व में विद्यार्थियों के बीच सावित्रीबाई फुले के बारे में परी चर्चा कराई गई। इसके आलावा कर्णपुरा कॉलेज, इंदिरा गांधी मेमोरियल कॉलेज, झारखंड कॉलेज में भी सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई।

### कुलपति कक्ष में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन



**हजारीबाग :** हजारीबाग विनोबा भाव विश्वविद्यालय के कुलपति कक्ष में सेवानिवृत शिक्षकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के आयुक्त कुलपति श्रीमती सुमन कैथरीन किसपोट्टा ने की। शिक्षक के अवकाश पर कार्यक्रम आयोजित कर उनका सम्मान करने की परंपरा पिछले तीन वर्षों से विश्वविद्यालय में बंद हो गई थी। कुलपति द्वारा फिर से इसे प्रारंभ करने पर सभी लोगों ने कुलपति को धन्यवाद दिया। समाज विज्ञान संकाय के संकायअध्यक्ष तथा अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ0 प्रकाश चंद्र देवघररिया, विज्ञान के संकायअध्यक्ष डॉ0 एलपी मिश्रा, रूसा के नोडल पदाधिकारी सह इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ0 चंद्रशेखर सिंह तथा गणित विभाग के अध्यक्ष डॉ0 एसओ फारूक 31 दिसंबर 2023 को अपने-अपने दायित्व से अवकाश प्राप्त किए थे। आज इन्हीं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर अवकाश प्राप्त सभी शिक्षकों को कुलपति ने सर्वप्रथम शॉल ओड़ा कर सम्मानित किया। तत्पश्चात सभी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया एवं उपहार स्वरूप एक खूबसूरत पौधा दिया गया। विश्वविद्यालय के वित्त परामर्शी सुनील कुमार सिंह, छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष प्रो0 मिथिलेश कुमार सिंह एवं इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ0 विकास कुमार आदि ने अवकाश प्राप्त शिक्षकों के साथ बिताए हुए क्षणों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 जॉनी रुपिन तिर्की ने की। अपने संबोधन में कुलपति ने अवकाश प्राप्त शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए उनके स्वस्थ रहने एवं दीघार्यु होने की कामना की। कुलपति ने वित्त परामर्शी एवं कुलसचिव को निर्देश दिया कि यथाशीघ्र अवकाश प्राप्त कर रहे शिक्षकों के पेंशन आदि से संबंधित संचिकाओं को तैयार कर उनके समक्ष प्रस्तुत करने का प्रयास करें। मौके पर अवकाश प्राप्त कर रहे शिक्षकों ने भी अपने महत्वपूर्ण क्षणों को याद करते हुए सभी साथियों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय में पदाधिकारी एवं शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर उपस्थित हुए।

### पूर्व जिप सदस्य ने किया कंबल का वितरण



**पिठोरिया :** पिरुटोला स्थित दारुल उलूम अशरफिया में पूर्व जिला परिषद सदस्य अईनुल हक अंसारी ने 100 बच्चों के बीच कंबल वितरण किया। इस अवसर पर अईनुल हक अंसारी ने मदरसा के बच्चों को सम्बोधित कहा कि आप बेहतर दर्जे के सम्मान पाने वाले हैं। आप में से ही कल कोई हाफिज, आलिम, शिक्षक, प्रोफेसर, डॉक्टर, इंजीनियर बनेंगे। आपलोगों से अपेक्षा करते हैं कि बेहतर तालीम हासिल करके देश भर में फैल रही नफरत को मिटाने में अपना योगदान दें। मौके पर गांव के सदर मतिउर्रह्मान, सेक्रेट्री सज्जाद हुसैन, लेयाकत हुसैन, मदरसा के प्राचार्य नैय्यर इकबाल, पूर्व मुखिया सोमरा उरांव, मौलाना अनिसुर्रहमान, मौलाना रेयाज, मौलाना तस्लीम, हफीज अब्दुल हसीब, कारी सदाकत, हफीज इकराम, हाफिज कुदरत, फिरदोश आलम, मो.खालिद सैफुल्लाह, सबीबुल रहमान, वसीम अकरम, खुसमुद्दीन अंसारी, जब्बार अंसारी, वारिश अंसारी, सरफूल हक, मनौवर अंसारी, रफीक अंसारी, जमील अख़्तर, इम्तियाज अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष ने की मुखिया से मुलाकात

**कुडू :** कुडू प्रखंड आदिवासी छात्र संघ अध्यक्ष अमित उरांव ने बड़की चांपि पंचायत के उप मुखिया हेना तिवारी के आवास में मिले। इस मौके पर बड़की चांपि पंचायत के उप मुखिया हेना तिवारी ने आदिवासी छात्र संघ कुडू प्रखंड अध्यक्ष अमित उरांव सहित आये हुए अतिथियो का स्वागत की। इस मौके पर मुख्य रूप से आदिवासी छात्र संघ के मीडिया प्रभारी बिन्देश उरांव, छोटकी चांपि गांव के वार्ड सदस्य सुनील मुंडा,बंदुआ गांव के वार्ड सदस्य गीता भगत,आदिवासी छात्र संघ के रविन्द्र उरांव,संजय उरांव उपस्थित थे। इस मौके पर बड़की चाँपि पंचायत के समुचित विकास के संबंध में विचार- विमर्श किया गया।

## प्रदेश >> अपडेट

### महासम्मेलन के तैयारी को लेकर साहू समाज ने की बैठक

**बालूमाथ** : बालूमाथ भामाशाह नगर में बुधवार को तैलिक साहू समाज के प्रखंड अध्यक्ष आदित्य नारायण साहू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई ।जिसमे मुख्य अतिथि प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू उपस्थित हुए। सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि बालूमाथ में आगामी 12 जनवरी को तैलिक साहू समाज के प्रमंडलीय बैठक आयोजित की जाएगी। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए तैलिक साहू समाज के प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू ने कहा कि समाज के सभी लोगों को एकजुट होने की आवश्यकता है ताकि जनसंख्या के आधार पर हमारे समाज को भी हर जगह उचित स्थान मिले।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### तेल मील पर दिल्ली पुलिस का छापा

**चतरा** : सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय में संचालित महेंद्र केशरी बेस्ट रिफाइन चांस के तेल मील पर दिल्ली की टीम ने छापा मारा। यह छापेमारी ट्रेड मार्का का दुरुपयोग करने को लेकर की गई है। बताया जाता है कि मील में सलोनी कंपनी के मार्का का उपयोग महेंद्र केशरी के द्वारा किये जाने का आरोप था। ऐसे में सलोनी कंपनी के कंप्लेन पर दिल्ली कोर्ट के निर्देश पर मजिस्ट्रेट के साथ पहुंचे कंपनी के अधिकारियों ने सिमरिया पुलिस के सहयोग से मील पर छापा मारा। इस दौरान कंपनी का उपयोग किया जा रहा ट्रेड मार्का को शील किया गया और महेंद्र केशरी को दिल्ली कोर्ट में 30 जनवरी को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। वहीं महेंद्र केशरी बेस्ट रिफाइन चांस के संचालक ने बताया कि इस संबंध में दिल्ली कोर्ट द्वारा किसी प्रकार की कोई नोटिस नहीं दी गई थी। बताया कि जहां तक सलोनी ट्रेड मार्का के उपयोग की बात है, वह पूरी तरह से बेबुनियाद है। उनकी कंपनी सजनी ट्रेड मार्का के नाम से तेल का निर्माण करती है।

**भवन निर्माण** | अबूआ राज में देवघर जिला ग्रेन बैंक के अवैतनिक मंत्री का कारनामा

# बगैर नक्शा पास कराए हो रहा निर्माण

- सहकारिता विभाग के ग्रेन बैंक की जमीन
- बिना नक्शा पास कराए हो रहा है व्यवसायिक निर्माण



राष्ट्रीय खबर

**देवघरः** देवघर जिला मुख्यालय में एसपी कार्यालय के सामने ग्रेन बैंक की स्थापना कई दशक पहले की गई थीं जहां किसानों को सरकारी दर पर खाद और बीज उपलब्ध कराई जाती थी उसके बाद किसान अपने अनाज को ग्रेन बैंक में जमा करके उसका उपभोग करते थे और उन्हीं किसानों में से समिति बनाकर इसे चलाने का जिम्मा सौंपा गया था ताकी अपनी तरह से किसान बिना महाजनी के अनाज का लेनदेन कर सकते थे। समय बीतता गया और ग्रेन बैंक की शाख कमजोर होती चली गई। ग्रेन बैंक की भवने कमजोर होती गई और इसमें मिलने वाले तमाम सुविधाओं को बंद कर दिया गया। इधर हेमंत सोरेन के कार्यकाल में साल 2020 में ग्रेन बैंक को चलाने के लिए फिर से समितियों में जान फुंकने की कोशिश की गईं और राज्यमंत्री के साथ जिला मंत्री का चयन किया गया जिसमे देवघर जिला को ग्रेन बैंक के अवैतनिक मंत्री के तौर पर जगदीश प्रसाद राय को ग्रेन बैंक चलाने का जिम्मा सौंपा गया।

जगदीश प्रसाद राय के मंत्री बने तीन साल के कार्यकाल में ग्रेन बैंक के जमीनों पर ऊंचे ऊंचे भवन का निर्माण कार्य शुरू हो गया। सूत्र बताते हैं कि यह निर्माण कार्य पुरी तरह से अवैध है। जानकारी के मुताबिक इस भवन निर्माण के लिए न तो किसी समिति में चर्चा किया गया और न ही कहीं से एनओसी ली गई जबकि नगर निगम छेत्र में होने वाली निर्माण कार्य के दौरान निगम के टाउन प्लानिंग अधिकारी से भवन का नक्शा पास कराना महत्वपूर्ण माना गया है लेकिन यहां किसी तरह के नियमों का पालन नहीं हो रहा है। जगदीश प्रसाद राय बताते है कि ग्रेन बैंक के परिसर में जो निर्माण कार्य चल रहा है, वहां पर पुराने भवन में चल रहे कार्यालय को सिफ्ट किया जायेगा, लेकिन सूत्र बताते है कि यह पुरी तरह से एक व्यावसायिक निर्माण है जिसमे कई बड़े लोगों के पैसे लगाए गए हैं, सरकारी जमीन पर इस तरह के अवैध निर्माण से नगर निगम और जिला प्रशासन की खूब किरकिरी हो रही है।

**क्या कहते है जिला सहकारिता पदाधिकारी**

महादेव मुर्मू ने कहा की उन्हें निर्माण को लेकर सुचना है बिच में जमीन संबंधित कुछ विवाद सामने आया था जिसके बाद हमने रोक लगा दी है अगर कोई शिकायत करते है तो हम जांच करते है, इसका सारा देख रेख सहायक निबंधक सहकारिता समिती के विजय कुमार नाग के जिम्मे है।

## उपायुक्त ने आमजनों की समस्याएं सुनी



राष्ट्रीय खबर

**चतराः** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद,अस्पताल,आवास, मनरेगा, भू अर्जन, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनो का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। वहीं ऑनलाइन माध्यम से संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया।

## गोड्डा प्रीमियर लीग के खिलाड़ियों की लगी बोली

राष्ट्रीय खबर

**गोड्डाः** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में 07 जनवरी से आयोजित होने वाले गोड्डा प्रीमियर लीग के लिए आज खिलाड़ियों का ऑक्शन किया गया। ऑक्शन में कुल 158 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था।ऑक्शन में कुल 6 टीम के मालिकों ने हिस्सा लिया।गोड्डा रॉयल्स के मालिक आनंद कुमार, एस टी ब्रदर्स के मालिक अरुण मंडल ,रोड सेफ्टी ड्रीम इलेवन के मालिक दिवकांत पाठक,मेगा ब्लास्टर के मालिक कुमार निशिकांत,गोड्डा वेस्टर्न के मालिक पंकज यादव(जिला परिषद सदस्य),गोड्डा टाइगर्स के मालिक राजेश खान ने अपने अपने टीम में 16-16 खिलाड़ियों को ऑक्शन के माध्यम से अपने टीम में शामिल किया।आज के कार्यक्रम का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी डॉक्टर प्राण महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा की सभी खेल को सरकार के भरोसे नहीं रहना चाहिए।इसे कमर्शियल करना भी जरूरी है तथा बच्चों को खेल के साथ पढ़ाई पर भी ध्यान देना चाहिए।

कुमार ऋषिकांत को मेगा ब्लास्टर ने 6000 में ,सिद्धार्थ कुमार को 5000,उत्तम झा को 2000 में,गोड्डा वेस्टर्न ने गौतम यादव को 3500,अजय मांझी को 3500,सौरभ मांझी को 2200 में रोड सेफ्टी ड्रीम इलेवन ने मिथुन को 6000 ,संतोष विराट 3100 में, एस टी ब्रदर्स ने राहुल दत्ता को 3200,आयुष कुमार को 2200 में,गोड्डा रॉयल्स ने पियूष कुमार को 5000, रंजन गुप्ता 3000 में,गोड्डा टाइगर्स ने मोहित सिंह को 5000,गुफरान को 5000 की बोली लगाकर अपने टीम में शामिल किया।ऑक्शन देर रात तक जारी था।गोड्डा प्रीमियर लीग का इंतजार सभी खिलाड़ियों को रहता है।ऑक्शन में काफी संख्या में खिलाड़ी भी उपस्थित थे।कई खिलाड़ियों का ऑक्शन लॉटरी के माध्यम से संघ के उपाध्यक्ष अमित बोस,जिला परिषद सदस्य पंकज यादव,संजीव कुमार के द्वारा किया गया।मोहम्मद किरमान अंसारी ने बेहतर तरीके से ऑक्शन प्रक्रिया का संचालन किया।इस अवसर पर सनोज कुमार,मुकेश कुमार,मुखिया फ्रांसिस हेंब्रम,मनीष सिंह,अंजना,जयांता हजारी,सुजीता,जिम्मी पाठक,अजीत,अवधेश,ताहिर,जितेंद्र हेंब्रम,देवाशीष बजाज उपस्थित थे।

## वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर


**चतराः** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा अबु इमरान ने बुधवार को निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत प्रशिक्षण एवं जागरूकता हेतु भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयर हाउस खोला गया तथा राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों द्वारा चिन्हित एश्ट-श्शढअळ को वेयर हाउस से निकाल कर अलग वेयर हाउस में रखने हेतु आदेश दिया। वहीं उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम का रख रखाव समेत अन्य का जायजा लिया। सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों की जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाया गया। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुण कुमार एक्का समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि एवं अन्य कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

# डीजीपी के करीबी राकेश राठी को बुलाया गया मुख्यालय

- शिवदीप लांडे को मुजफ्फरपुर रेंज भेजा गया
- विनय कुमार को दिया गया आईजी सुरक्षा का पद
- कई अफसरों को अन्यत्र भी पदस्थापित किया गया

दीपक नौरंगी

**पटनाः** बिहार में लगातार आईपीएस और आईएएस अधिकारियों के तबादले की चर्चा थी राज्य सरकार ने करीब 10 आईपीएस अधिकारी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। सरकार के विश्वासी आईपीएस अधिकारी में एक गिने जाने वाले में 1996 बैच के आईपीएस



एडीजी विशेष शाखा सुनील कुमार के पास दो महत्वपूर्ण पद थे जिसमें वह अब एक ही पद पर रहेंगे। एडीजी विशेष शाखा की जिम्मेदारी पहले से उनके पास थी। आईजी हेडक्वार्टर विनय कुमार जिन्हें सरकार ने दरभंगा प्रतिनियुक्ति पर भेजा था लेकिन फिर पटना हेड क्वार्टर बुला लिया गया। विनय कुमार को आईजी सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। बिहार में पटना रेंज के चर्चित आईजी 2002 बैच के राकेश राठी जो राजस्थान के चुरू जिला के रहने वाले हैं डीजीपी साहब के काफी करीबी माने जाते हैं, उन्हें पुलिस मुख्यालय आईजी हेड क्वार्टर के पद की जिम्मेदारी दी गई है। तबादले पोस्टिंग में मन के मुताबिक सरकार ने डीजीपी साहब के द्वारा दिए गए नाम पर अपनी सहमति दी है। शिवदीप लांडे जो तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी माने जाते हैं सहरसा डी आई जी में से इनका प्रमोशन आईजी में हुआ पटना पोस्टिंग की चर्चा थी लेकिन माफियाओं के खिलाफ तेजी से कार्रवाई करते हैं इसीलिए सरकार ने इन्हें मुजफ्फरपुर रेंज में आईजी की जिम्मेदारी दी है। अब मुजफ्फरपुर रेंज में माफियाओं के खिलाफ यह बड़ी कार्रवाई भी कर सकते हैं। गरिमा मलिक सीनियर एसपी पटना रह चुकी है और सरकार ने इन्हें पटना रेंज में आईजी की नई जिम्मेदारी दी है। गरिमा मलिक इससे पहले सीआईडी में डीआईजी थी इनका प्रमोशन हाल फिलहाल आईजी में हुआ है हरियाणा की रहने वाली है ईमानदार आईपीएस अधिकारी है। विकास बर्मन जो पुलिस मुख्यालय में डीआईजी प्रशासन थे इन्हें छपरा का नया डीआईजी बनाया गया है बहुत शांत स्वभाव के हैं। आईपीएस विकास बर्मन मिलन मिलनसार और शांत स्वभाव के आईपीएस अधिकारी है। सरकार ने इन्हें नई जिम्मेदारी दी है।

### पीडीएस डीलरों के साथ आपूर्ति पदाधिकारी ने की बैठक

**पलामू** :हुसैनाबाद प्रखंड परिसर के सभागार में विभागीय आदेशानुसार आपूर्ति पदाधिकारी ने मनोज कुमार ने पीडीएस के अनिश्चित कालीन बंद को लेकर पीडीएस के साथ बैठक किया इस बैठक में आपूर्ति पदाधिकारी ने पीडीएस दुकानदारों से खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के आलोक में आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि आप लोग अपनी-अपनी दुकानों को खोलकर खाद्य आपूर्ति प्रारंभ करें वहीं मौके पर डीलर संघ ने कहा कि हम लोगों का हड़ताल देशव्यापी है जब तक जब तक हम लोगों का मांग पूरा नहीं होता है तब तक हम लोगों का हड़ताल जारी रहेगा या राज्य संघ से जबतक कोई निर्देश प्राप्त नहीं होता है तबतक हड़ताल जारी रखा जाएगा ।सबसे विडंबना यह है कि डीलरों के अनिश्चितकालीन हड़ताल से मध्यम वर्गीय परिवार दैनिक भोगी परिवार को राशन की आपूर्ति नहीं होने से भूखे मरने की स्थिति उत्पन्न होने जा रही है।

**धरना** | देवघर पुलिस के खिलाफ आजसू का अनिश्चिकालिन धरना शुरू

# नाबालिग को अबतक तलाश नहीं सकी पुलिस

- पुलिस की कार्यशैली पर उठाया सवाल
- जिले में बढ़ रही महिला हिंसा
- दर्जनों मामलों में नहीं हुई कार्रवाई

राष्ट्रीय खबर



**देवघरः** आजसू की देवघर जिला कमेटी के तत्वावधान में वीर कुंवर सिंह चौक पर देवघर पुलिस प्रशासन की लापरवाह एवं गैर-जवाबदेह कार्यशैली के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। आजसू पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य के नेतृत्व में किया गया। अनिश्चितकालीन धरना देवघर जिले में बढ़ रहे महिला हत्या, दहेज हत्या, डायन हत्या, यौन उत्पीड़न, यौन शोषण, फोटो वायरल करना, नाबालिक से यौनाचार, नाबालिक को भगाकर ले जाना और बेच देना, महिला को आत्महत्या के लिए मानसिक उत्पीड़न, इत्यादि लंबित चार दर्जन से अधिक मामले जिसमें अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है और मामले को दबा कर देवघर पुलिस द्वारा रखा गया है उक्त सभी मामलों में अपराधियों को चिन्हित कर सजा देने की मांग को लेकर किया गया। अनिश्चितकालीन धरना का मुख्य उद्देश्य जसीडीह थाना अंतर्गत मानिकपुर गांव की 14 वर्षीय नाबालिक लड़की रोशनी कुमारी का है जो पिछले 7 महीने से लापता है, जिसकी जसीडीह कांड संख्या 251/2023 दर्ज है। इसके बाद भी देवघर पुलिस प्रशासन की गैर जवाब देह एवं लापरवाही का नतीजा है कि आज तक लड़की बरामद नहीं हुई।

धरना स्थल पर लापता नाबालिक लड़की के पिता विष्णु बरनवाल एवं माता रूबी देवी, आजसू केंद्रीय सचिव राजा साहनी, केंद्रीय समिति सदस्य मुन्ना सिंह टाइगर, गिरिडीह जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह,देवघर जिला उपाध्यक्ष दीपक जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष अरविंद यादव, देवघर जिला सह सचिव नितेश कुमार पांडे, जिला सह सचिव रविकांत झा, जिला सह सचिव आनंद तुरी, जिला सह सचिव तुषार गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य गोपाल ठाकुर, जिला कार्य समिति सदस्य आशीष यादव, जिला कार्य समिति सदस्य निरंजन सिंह, जिला कार्य समिति सदस्य योगेश बरनवाल, देवघर नगर उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार, देवघर प्रखंड कार्य समिति सदस्य धर्मराज मंडल, देवघर प्रखंड कार्य समिति सदस्य सूरज कुमार, देवेंद्र कुमार राउत, सुरेश बरनवाल, ममता देवी, सूरज बरनवाल, इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### एकता कप कॉस्को बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ



**पलामू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला परिषद मार्केट डाक बंगला मैदान में एकता कप कास्को बांल क्रिकेट टूनार्मेंट 2024 का आयोजन आजाद क्रिकेट क्लब नावा बाजार के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैस रंजन उर्फ बिट्टू पाठक ने फिता काटकर मैच का शुभारंभ किया। मौके पर पलामू जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने खिलाड़ियों से परिचय करते हुए बैटिंग कर कहा कि खिलाड़ी प्रतिभावान होते हैं उनके प्रतिभा निखार टूनार्मेंट आयोजन से होती है। खिलाड़ियों की प्रतिभा निखार के लिए पंचायत स्तर पर खेल का आयोजन हम सभी का कर्तव्य है। नोनीहाल छोटे-छोटे पिच से खेल कर देश स्तर तक पहुंच कर अपना क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं। खेल खिलाड़ी आपसी सद्भावना के साथ खेले। हार में ही जीत लक्ष्य है वहीं राजद प्रदेश सचिव ओमप्रकाश गुप्ता उर्फ गुड्डू ने कहा कि क्षेत्र में खिलाड़ियों की प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है कि पंचायत स्तर पर समुचित खेल मैदान उपलब्ध नहीं है मंच का संचालन मीर आरिज आलम ने की। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों को माला पहनकर भव्य स्वागत किया गया ।टूनार्मेंट शुभारंभ में 16 ओवर से किया गया जिसमें गमेथा पाटन बनाम कमता विश्रामपुर के बीच पहला मैच खेला गया। गमेथा पाटन ने टॉस जीतकर फील्डिंग की। इस मौके पर पलामू जिला के वरिष्ठ कांग्रेसी शमीम अहमद राइन प्रमुख विद्या देवी उप प्रमुख मिर खुर्शीद आलम मेरे परवेज अख्तर भाजपा नेता जमालुद्दीन खान सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी पूर्व जिला परिषद सदस्य अनुज राम पूर्व मुखिया दीपक गुप्ता परमहंस अग्रवाल, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी, राजेंद्र चौधरी छोटू सिंह रिंकू खान गिरीज प्रजापति टूनार्मेंट अध्यक्ष उस्मान खान अंसारी पप्पू गुप्ता सत्यनारायण गुप्ता मोहम्मद यासीन अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### पिटाई करने के मामले में तीन पर प्राथमिकी दर्ज

**हरिहरगंज** : थाना क्षेत्र के रजवार ग्राम निवासी 40 वर्षीय नंदू भुईयां ने जबरन जंगल ले जाकर पिटाई करने का मामला दर्ज कराया है ।इस मामले में खड़कपुर निवासी लव कुमार मेहता,मंटू कुमार मेहता और जीवन बाबू को आरोपी बनाया गया है। प्राथमिकी के अनुसार 1 जनवरी को नंदू भुईयां नदी के उसे पर अपने खेत पर गया था। इस दौरान अपराह्न 3 :00 बजे जब वह अपना घर लौट रहा था तभी पीछे से अल्टो कार में बैठे युक्त तीनों आरोपियों ने उसे पकड़ कर जबरन कार में बैठा लिया। बाद में जंगल में ले जाकर उसकी पिटाई करने लगे। पिटाई से नंदू भुईयां बेहोश होकर गिर पड़ा। आरोपियों ने उसे मृत समझकर फरार हो गए। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आधार पर हरिहरगंज थाना कांड संख्या 01/2024 दर्ज की गई है। पुलिस उक्त आरोपियों को गिरफ्तारी को लेकर अग्रतर कार्रवाई रही है।

### झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



**छत्तरपुर** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा पांडू प्रखंड स्थित कजरू कला में केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें दर्जनों महिलाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष इरफान अंसारी ने किया मौके पर चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा की आज लोगों का विश्वास झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर बढ़ रहा है सरकार के जनहित की योजनाएं लगातार लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है और लोग अधिक से अधिक पार्टी से जुड़ रहे हैं झारखंड गठन के 23 वर्ष बाद भी ओबरा बेलहरा जैसे मुख्य पथ का बदहाली दुर्भाग्यपूर्ण है और कमोबेस पूरे क्षेत्र का यही हाल है इस तरह भाजपा का विकास का ढिंढोरा महज एक दिखावा है आने वाले समय में भाजपा को कार्यकर्ता नहीं मिलेंगे स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी पर निशाना साधते हुए कहा की क्षेत्र के इस दुर्दशा के लिए वर्तमान विधायक पूर्णतः जिम्मेदार हैं पानी बिजली सिंचाई की व्यवस्था के साथ सभी क्षेत्र में विश्रामपुर विधानसभा बहुत ही पिछड़ा हुआ है इनके द्वारा खोले गए कॉलेज का लाभ सिर्फ बाहरी लोगों को मिल रहा है और स्थानीय लोगों के लिए यह हाथी का दांत साबित हो रहा है इन्हें पता चल चुका है कि आने वाले समय में यहां की जनता उन्हें सबक सिखाएगी जिसके कारण वह क्षेत्र पर कम और अपने व्यवसाय को स्थापित करने पर अधिक ध्यान दे रहे हैं सदस्यता ग्रहण करने वालों में आशा कुमारी रानी देवी बेबी देवी रिंकू देवी उषा देवी लीलावती देवी बीना देवी तेतरी देवी ममता देवी पिंकी देवी के साथ दर्जनों महिलाओं ने पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया।

### उपायुक्त ने किया कंबल का वितरण



**देवघर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर ने देवघर शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर असहाय, भूमिहीन, दिव्यांग, रिक्शावाले, फुटपाथ पर सो रहे लोगो व जरुरतमंदो के बीच कम्बल का वितरण किया। इस दौरान बैद्यनाथ धाम रेलवे स्टेशन पर कम्बल वितरण के क्रम में उपायुक्त ने लोगों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा ठंड के प्रति लोगों को सचेत कर ठंढ से बचने की सलाह दी। साथ ही स्वास्थ्य समस्या पर तुरंत सरकारी अस्पताल में जाकर इलाज करवाने की सलाह दी। इस दौरान उपरोक्त के अलावा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, गोपनीय प्रभारी प्रशांत लायक, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

### चुनाव को लेकर मास्टर प्रशिक्षकों मिला प्रशिक्षण

**पलामू :** आगमी लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा निर्धारित विषयों पर बुधवार को विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान, वूलनेरेबिलिटी मैपिंग, पोलिंग पार्टी एन्ड पोल डे अरेंजमेंट, पोलिंग स्टेशन, इलेक्ट्रोल रोल ईआरओ-नेट, स्वीप,आईटी एप्लीकेशन विषय पर जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डीएलएमटी के रूप में उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू, भूमि सुधार उप समाहर्ता विजय केरकेट्टा, कार्यपालक दंडाधिकारी रश्मि रंजन, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान उपस्थित थे।

**बैठक** चुनाव की तैयारी को लेकर जयनगर बीडीओ ने की चर्चा

# आज भी होगी विशेष ग्राम सभा की बैठक

▶▶ आगामी लोकसभा निर्वाचन की तैयारी को लेकर पंचायत सचिव को दिया आवश्यक निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।आगामी लोकसभा निर्वाचन की तैयारी को लेकर पंचायत सचिव को आवश्यक निर्देश दिए तथा पंचायत अंतर्गत पड़ने वाले सभी बूथ का भौतिक सत्यापन करते हुए एएमएफ संबंधी प्रतिवेदन संकलित कर प्रखंड कार्यालय को समर्पित करने का निदेश दिया साथ ही इवीएम प्रत्यक्षण के लिए रुट चार्ट तैयार कर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी बीरेन्द्र कुमार को उपलब्ध कराने का निदेश दिया। अबुआ आवास योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के सत्यापन उपरांत 3 एवं 4 जनवरी को विशेष ग्राम सभा निर्धारित है। जिसके लिए पंचायत सचिव को व्यापक प्रचार प्रसार कर अबुआ आवास योजना का सूची प्रकाशन करते हुए विशेष ग्राम सभा आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज शशि कुमार, प्रखंड समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना रवि कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी बिरेंद्र कुमार, जनसेवक दिलीप कुमार यादव, विकास रंजन, पंचायत सचिव कुंदन कुमार, पिंटू कुमार साहू, शिवानी यादव, स्वाति कुमारी, बिंदु कुमारी, अंजू कुमारी, अशोक सिंह, अभिषेक टोप्पो सहित कई लोग मौजूद थे।



## तीन दिन बाद निकला युवक का शव



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** बिहार के समस्तीपुर से पिकनिक मनाने कोडरमा जिले के वृंदाहा वाटर फॉल आए तीन युवकों में एक के डूबने के तीन दिन बाद बुधवार को उसका शव निकाला गया। गत सोमवार और मंगलवार को वृंदाहा में स्थानीय गोताखोरो की मदद से सर्च अभियान चलाया गया लेकिन सफलता नही मिली। समस्तीपुर जिले ताजपुर थाना क्षेत्र के ब्रहमपुरा गांव का विनीत झा अपने फुफेरे भाई चंदन व दोस्त अभिषेक के साथ नया साल मनाने रविवार की सुबह कोडरमा पहुंचा था। जहां से तीन युवक मोटरसाईकिल से पहले तिलैया डैम गए और फिर देर शाम गुगल सर्च के जरिए वृंदाहा पहुंचे। यहां तीनों ने शराब का सेवन किया जिसके बाद पहले चंदन और फिर बाद में विनीत और अभिषक फॉल के किनारे जमीन पर ही सो गए। इन युवकों के अनुसार देर रात जब चंदन की ठंड से नींद टूटी तो वह अभिषेक को जगाया और विनीत को खोजा, लेकिन विनीत नही मिला। रात भर दोनों उसे खोजते रहे। सुबह होने पर दोनों किसी तरह लिफ्ट लेकर तिलैया पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। चंदन के चाचा कोडरमा स्टेशन पर संचालित शौचालय की देखरेख करते है। चंदन अपने घर से चाचा के पास जाने की बात कहकर दोस्तों के साथ निकला था।

## झामुमो नगर अध्यक्ष ने की बैजनाथ से मुलाकात



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** डोमचांच प्रखण्ड अंचल कार्यालय में झामुमों नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा एवं जिला कोषाध्यक्ष छोटेलाल विश्वकर्मा ने 20 सूत्री अध्यक्ष बैजनाथ मेहता से मुलाकात किया और उन से कई मुद्दे पर चर्चा भी किया गया । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा चलाए जा रही योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक कैसे पहुंचे और योजनाओं का सही सरीके से जरूरतमंदो को ईसका लाभ मिले सभी अधिकारियों से इसकी जानकारी लेते रहें काम कैसे हो रहा है और काम की वासतू स्थिति क्या है कोन सा काम किस अधिकारि के जिमे में है इसकी जानकारी सपताहमें एक दिन लेना जरूरी है जभी सभी योजनाओं का लाभ हमारी राज्य की जनता उठा सकती है इन सभी बातों का सुझाव दिया । जिसको लेकर 20 सूत्री अध्यक्ष बैजनाथ मेहता ने सभी बातों का निदान हेतु काम करने का भरोसा दिया । इस अवसर पर डोमचांच समाजसेवी त्रिवेनी विश्वकर्मा एवं बालेसर यादव मौजूद थे ।

## स्टेथेस्कोप बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड के सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा के सप्तम स के छात्राओं के बीच नए वर्ष के शुभ अवसर पर स्टेथेस्कोप बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान शिक्षक मनीष कुमार सिन्हा, ब्रह्मदेव पांडेय, विकास पाठक के मदद से एक से बढ़कर एक स्टेथेस्कोप बनाया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य प्रो. दशरथ प्रसाद राणा ने कहा कि यह विद्यालय हमेशा से विभिन्न तरह के वैज्ञानिक उपकरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को सींचने का काम कर रहा है। विद्यार्थियों के द्वारा नए-नए डिवाइस बनाए जा रहे हैं जो विद्यार्थियों के अंदर छिपी कला को प्रदर्शित करता है। विद्यालय की निदेशक रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि वास्तविकता में इस विद्यालय के विद्यार्थियों के अंदर तरह-तरह की प्रतिभाएं छिपी हैं। कई विद्यार्थी नृत्य गीत एवं अन्य तरह के प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यालय की विद्यार्थियों ने जिस प्रकार से चिकित्सा के क्षेत्र में प्रयोग किए जाने वाले उपकरण को बनाया है निश्चित तौर पर काबिले तारीफ है। वही विद्यालय के शिक्षक महेश्वर पांडेय, लक्ष्मण चंद्र यादव, ब्रह्मदेव पांडेय, प्रकाश यादव, प्रभु यादव, श्याम सुंदर यादव, सिकंदर यादव, महेश यादव, संजय यादव, शंकर दास सहित सभी शिक्षकों ने विद्यालय के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दिया।

## डीसी ने की मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की पड़ताल



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा मरकच्चो व डोमचांच प्रखंड का दौरा किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विभिन्न मतदान केंद्रो का भ्रमण कर बीएलओ द्वारा की जा रही कार्यों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मतदाता सूची से संबंधित फार्म 6, 7 व 8 का सुपरचेकिंग की। उपायुक्त ने विभिन्न मतदाता के घर जाकर मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है, इसकी सत्यापन की। साथ ही मतदाताओं से उनके पूरे परिवार की मतदाता सूची में नाम जोड़ा गया है, इसकी भी जानकारी ली। उपायुक्त ने सभी बीएलओ को निर्देश दिये कि कोई भी मतदाता का नाम मतदाता सूची से वंचित न रहे, सभी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़े। इसके साथ ही उपायुक्त ने मरकच्चो व डोमचांच प्रखंड के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ बैठक की और मतदाता सूची से संबंधित लंबित आवेदनों कर की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि पीएससी और डीएसई से संबंधित आवेदन को यथाशीघ्र निस्तारण करें। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुमंत तिर्की, अंचल अधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

## उप विकास आयुक्त को सौंपा ज्ञापन




राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चो:** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित स्टेडियम की जीर्णोद्धार को लेकर मरकच्चो दक्षिणी जिला परिषद सदस्य रीता देवी ने कोडरमा उप विकास आयुक्त ऋतुराज को लिखित ज्ञापन सौंप कर अधूरा कार्य को पूरा करने की मांग की है। दिए गए ज्ञापन में बताया कि प्रखंड मुख्यालय में मात्र एक ही स्टेडियम है जिसमें सरकार के द्वारा आयोजित सभी खेलों का खेल खेला जाता है जो कई वर्षो से अधूरा छोड़ दिया गया है। छात्रों, नवयुवकों के खेलने में काफी कठनाई होती हैं। वही स्टेडियम खुला होने के वजह से असामाजिक तत्वों द्वारा आए दिन बैठकर शराब पीकर शराब की बोतल को तोड़ दिया जाता है जिससे सुबह टहलने वाले बुजर्गो एवं अन्य सभी को दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। उक्त ज्ञापन रविशंकर तिवारी ने डीडीसी को सौंपा।

## कोडरमा जिला केशरवानी वैश्य सभा की बैठक संपन्न

# समाज की एकजुटता व सम्मलेन करने पर हुई चर्चा

▶▶ जरुरतमंदों को आर्थिक सहयोग करें

▶▶ समाज की कुरीतियों को करें दूर

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** कोडरमा जिला केशरवानी वैश्य सभा की बैठक मंगलवार की देर शाम शहर के ताराटांड स्थित अशोक केसरी के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र साहू व संचालन महामंत्री सुरेश केशरी ने किया। बैठक में समाज के पदाधिकारियों ने सर्व प्रथम कश्यप मुनि की प्रतिमा में पुष्प अर्पित किया। बैठक में समाज की एकता और सम्मेलन आयोजित पर लेकर चर्चा की गई। इस दौरान समाज के लोगों ने एकजुटता बनाए रखने, समाज में शिक्षा के प्रसार एवं कुरीतियों को दूर करने पर अपनी बातों को रखा। बैठक में समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र साहू ने कहा कि समाज में एकजुटता बनाये रखने व सम्मेलन की बात कही। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को बैठक रखे जाने की बात कही।उन्होंने जरुरतमंदों को आर्थिक सहयोग करने की बात कही। मौके पर डॉ सुरेंद्र साहू, राजू केशरी, अशोक केशरी, रवि केशरी, राजेश केशरी, संतोष केशरी, संतोष केशरी, राम बाबू केशरी, सतीश केशरी, अशोक केशरी, अजय केशरी, संजय केशरी,वक्की केशरी, सीताराम केशरी, रामवतार केशरी, सुरेश केशरी, वीरेन्द्र केशरी, अनन्त केशरी, अरुण केशरी, राजू केशरी, पिंटू केशरी, रंजीत केशरी, वीरेन्द्र केशरी आदि उपस्थित थे।



## शहर >> अपडेट

### पूजित अक्षत का घर-घर वितरण हुआ

जयनगर : प्रखंड के विभिन्न पंचायत घरौंजा, नईटांड, करियांवा पंचायत में कलश लेकर नगर भ्रमण एवं पूजित अक्षत घर-घर वितरण किया। सभी धर्म प्रेमी ढोल बाजे एवं डीजे के साथ गीत गाते हुए महिलाओं ने जुलूस निकाले। मौके पर विश्व हिन्दु परिषद अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी, बजरंग दल संयोजक विकास सिंह, गौ रक्षा प्रमुख पिंटू कुमार यादव, मातृशक्ति प्रमुख यमुना देवी,सिकंदर यादव, महेश यादव, परमेश्वर यादव, मंदोदरी, सुनीता देवी सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।

### शोक सभा का आयोजन

**पेटरवार** : पेटरवार जिले के राधा गांव स्वास्थ्य उप केंद्र की एएनएम रानी लकड़ा (40 वर्ष) की मंगलवार को सड़क दुर्घटना में हुई आकस्मिक मौत पर बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी डॉ कुंदन राज की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। विदित हो कि मंगलवार को जैनामोड़ से चास जाने के दौरान जरीडीह थाना क्षेत्र के टांड़ मोहनपुर के पास हुई सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई थी। उसके निधन पर बुधवार को शोक सभा का आयोजन कर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ कुंदन राज, डॉ सैयद हिदायतुल्लाह, देवेंद्र कुमार, धर्मशिला सिन्हा, नसीम अख्तर, रमेश कुमार दास, रितु सिंह, निशा देवी, छोटी देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

### टीकाकरण को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**जयनगर :** प्रखंड में एएनएम, सीएचओ, एमपीडब्लू, सहिया साथी, बीटीटी का मासिक समीक्षा बैठक की गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुरेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में बीपीएम शैलेन्द्र तिवारी ने सर्व प्रथम नये वर्ष का अभिनन्दन किया, बीपीएम ने जानकारी दी कि सभी सेशन साइट पर बच्चों को टीकाकरण समय से सभी एएनएम करें, टीकाकरण हेतू ड्यू लिस्ट सही से बनाकर टीकाकरण समाप्ति के बाद मुख्यालय भेजें। वहीं परिवार नियोजन हेतु सभी सहिया साथी बीटीटी, एएनएम, सीएचओ को प्रत्येक माह 500 का लक्ष्य दिया, संकुल वार उपलब्धि प्राप्त नहीं करने वाले कर्मियों एवं सहियाओं पर कारवाई हेतू उच्चाधिकारी को सूचित करने हेतु कहीं गयी। वहीं सभी एएनएम, एनसीडी का इंट्री सीएचओ के साथ साथ ए एन एम भी करेंगी। मौके पर अरविन्द सिंह, अरुण कुमार, जयदेव पाण्डेय, पिंटू पंडित, महिपाल सिंह, महेश बुनकर, राजेश यादव, सुभाष बैरवा, ममता वर्मा, तरबोति, ज्योति कुमारी देवेंद्र दास, बीरेंद्र कुमार, वीणा, मोना, रूबी, राधा, मंजू वगैरह कर्मी थे। आज की बैठक मे जो अनुपस्थित पाए गये उनका वेतन अवरुद्ध रहेगा।

### अबुआ आवास को लेकर ग्राम सभा आयोजित

**तेनुघाट** : पेटरवार प्रखंड के उलगड्डा पंचायत भवन में अबुवा आवास को लेकर पंचायत के मुखिया अरबिंद मुर्मू के अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। अबुवा आवास में लगभग एक हजार आवेदन ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया योग्य एवं अयोग्य लाभार्थियों का चुनाव प्रथमिकता के आधार पर करना है . पंचायत सचिव अशोक महतो ने बताया कि अबुआ आवास में योग्य लाभार्थियों का चयन ग्राम सभा ले माध्यम किया जाना है। वैसे लाभार्थी जिसका नाम ऑनलाइन में नही चढ़ा है तो वरिये अधिकारी से संपर्क नाम जोड़वा सकते हैं। वही 5 जनवरी तक दावा आपत्ति दे सकते है। पूर्व विधयक प्रतिनिधि प्रकाश महतो ने कहा की जिन्हें पहले मिल चूका है और जिन्हें नहीं मिला उसका भी विचर व जाँच कर देने का काम करें इससे कोई गरीब बंचित ना रह जाये और सरकार का योजना का गलत उपयोग ना हो जाये।

## न्यूज फटाफट

### श्याम दरबार के 12 नए सदस्य बने



**कोडरमा :** झुमरीतिलैया में बारह नए सदस्यों को श्याम के दरबार में सदस्यता दिलाई गई, ये सभी श्याम प्रेमि काफी दिनों से बाबा श्याम की सेवा, गुनगान प्रचार प्रसार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इनमें आलोक शर्मा, रंजीत श्रीवास्तव, विकास बैसाखियार, अनिल लखपतिया, रवि लोहानी, रवि राज, मोहित छाबड़ा, विक्रम बैशिखयार, आशीष बरबिघीया, ज्योतिष बरबिघिया, नीतीश गुप्ता, रतनेश जयसवाल, सोनी जयसवाल शामिल हैं। मंडल के पुराने वरिष्ठ सदस्यो ने नए सदस्यो को बाबा श्याम की तस्वीर और पटका दुपट्टा देकर, बाबा श्याम के संकट मोचन मंदिर के दरबार में सप्ताहिक कीर्तन में सम्मानित किया गया। मण्डल के संचालक गिरधारी सोमानी ने बताया कि अगले माह कुछ और भी श्याम प्रेमियों को सदस्य बनाया जायगा जो लगातार बाबा की सेवा करते आ रहे हे ओर प्रत्येक कीर्तन में सभी अपनी हाजिरी दर्ज करा रहे हैं। अगला साप्ताहिक कीर्तन ज्योत के संग मण्डल के वरिष्ठ सदस्य सुधीर गुटगुटिया के निवास स्थान नंदनी अपार्टमेंट पर बड़े धूमधाम से होगा जहां बाबा श्याम का भव्य दरबार, आलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा, बाबा के मधुर भजनों के साथ होगा। मंडल के संचालक गिरधारी सोमानी ने सभी को कीर्तन और बाबा श्याम के प्रचार प्रसार में अपनी हाजिरी लगाने के लिए निवेदन किया है।

### अबुआ आवास योजना लागू के सत्यापन की बैठक



**कुडू :** आज दिनांक 3/ 1 /2024 दिन बुधवार को 12 :00 बजे पूर्वाह्न बड़की चापि के पंचायत भवन के प्रांगण में सरकार के सचिव ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के पत्रांक 5355 दिनांक 16/ 12/ 2023 के आलोक में तथा कार्यालय प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू के ज्ञापांक 02 /सा. दिनांक 2 /1/ 2024 के निर्देश के आलोक में आपकी योजना आपकी सरकार के द्वारा अबुआ आवास योजना लागू के सत्यापित लाभुकों का सूची को अनुमोदन हेतु मुखिया राजधन भगत की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा की बैठक की गई ।जिसमें निम्न कमी, जनप्रतिनिधि ग्राम प्रधान एवं ग्रामीण उपस्थित हुए। इस मौके पर मुख्य रूप से कुडू प्रखंड प्रमुख सह बड़की चाँपि पंचायत समिति सदस्य मुनि देवी, बड़की चाँपि पंचायत के मुखिया राजधन भगत, उप मुखिया, पंचायत सचिव जीतबाहन उरांव, उप मुखिया हेना तिवारी, वार्ड सदस्य बड़की चापि पंचायत के गीता भगत, परमेश्वर उरांव ,सुनील मुंडा, नीतू देवी, प्रण महतो, जैनुल अंसारी, रतनलाल प्रजापति सहित संख्या में लोग उपस्थित हुए।

### नन्हे कदम की गतिविधियों को बच्चों के साथ किया साझा



**कोडरमा :** जिला प्रशासन कोडरमा एवं तितली गैर सरकारी संस्था के द्वारा दिसंबर के महीने में कोडरमा के आंगनवाड़ी में नन्हे कदम की गतिविधियों को बच्चों के साथ किया गया और दिन-रात और मौसम के विषय की जनकारी दी गई। इस महीने 100 सर्वश्रेष्ठ केंद्रों में 2402 कुल गतिविधि किये गए, बच्चे कई विषयों पर शिक्षण सामग्री बनाए जिसके लिए वे प्राकृतिक एवं न्यूनतम खर्च की चीजों का इस्तेमाल किए, बच्चे गोबर, बालू मिटटी, कागज, फूल, पत्ते इत्यादि का इस्तेमाल कर के सामान बनाए,जिससे की बच्चो को सिखने में अच्छा लगा और साथ ही उनकी संसोरिअल लर्निंग भी अच्छी हुई। बच्चे आंगनवाड़ी में जो भी सीख रहे है उसकी चर्चा वे अपने घर जाकर अभिभावक के साथ भी कर रहे हैं। आंगनवाड़ी में बच्चों के माता-पीता भी विभिन्न गतिविधि करने के लिए शामिल हो रहे हैं। दिसंबर के महीने में तर्रनुम हाश्मी, हुसैनाबाद डोमचांच, बिंदु देवी नवाडीह,कोडरमा, बिनीता कुमारी समयडीह, सतगावां, अनीता देवी मोदी मौहल्ला, जयनगर, अफसाना खातून भंडारवा, कोडरमा और कविता यादव, पाठाढिया-1 सर्वेश्रेष्ठ परफॉर्मर्स थे। इस माह में न केवल 100 सर्वश्रेष्ठ केंद्रों ने बल्कि टैग केंद्र की सेविकाएं अंचला सिंह, माया कुमारी, गौरी देवी, रेखा कुमारी आदि ने भी अपना सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस दिया।

### अयोध्या के लिए पैदल निकले प्रेम चंद्रवंशी



**कोडरमा :** अयोध्या के लिए पैदल यात्रा कर रहे प्रेम चंद्रवंशी का बिनोद कुमार (मुन्ना राम) के द्वारा स्वागत किया गया। श्री राम भक्त प्रेम चंद्रवंशी गिरिडीह से अयोध्या धाम पैदल यात्रा कर रहे है जो की 21 दिनों में यात्रा पूर्ण करने का संकल्प लेकर चल रहे हैं। आज नगरखारा कोडरमा में प्रेम चंद्रवंशी को साथ देने के लिए कोडरमा के एक राम भक्त विकू राणा ग्राम नगरखरा ने भी पैदल यात्रा करने हेतु यात्रा का शुभारंभ किया। श्री राम अनन्य भक्त प्रेम चंद्रवंशी व विकु राणा का स्वागत भाजपा ओबसी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद कुमार मुन्ना राम ने अंगवस्त्र व फूल माला के साथ किया। प्रेम चंद्रवंशी ने बताया की 21 दिनों में 650 किलोमीटर पैदल यात्रा पूरी करेंगे। वे एक दिन में लगभग 30 किलोमीटर पैदल यात्रा पूरी करेंगे। सनातन धर्म की एकता और अखंडता के संदेश के साथ राम भक्त प्रेम चंद्रवंशी अपने साथ प्रभु श्री राम का पताका के साथ पैदल यात्रा कर रहे है ।इस मौके पर प्रो उमेश राम, गौतम चंद्रवंशी, सीताराम चंद्रवंशी, अंकित गुप्ता, दिलीप राम, आनद यादव, आदित्या रवानी, कारू यादव, अमित कुमार, घीरज रवानी, नीरज कुमार, अनिल कुमार, संतोष कुमार, सुमित कुमार एवम् अन्य लोग भी शामिल थे।

## न्यूज फटाफट

### पोलैंड पहुंचा यूनाइटेड कप के सेमीफाइनल में



पर्थ : यूनाइटेड कप के क्वार्टर फाइनल में बुधवार को विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक ने चीन की झेंग किनवेन को हरा दिया है। इस जीत के साथ ही पोलैंड की टीम लगातार दूसरे वर्ष यूनाइटेड कप के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। शुरुआती पुरुष एकल मुकाबले में अपने साथी 'ूबर्ट हर्काज की जीत के बाद, आज यहां क्वार्टर फाइनल में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वीयाटेक ने झेंग को एक घंटे 34 मिनट चले मुकाबले में 6-2, 6-3 से हराया। पोलैंड पिछले वर्ष अंतिम चार में चैंपियन अमेरिका से हार गया था, शनिवार को सिडनी में सेमीफाइनल मुकाबला खेला जायेगा। इससे पहले मुकाबले में हर्काज ने झांग झिझेन को 6-3, 6-4 से हराकर पोलैंड को सेमीफाइनल की कगार पर पहुंचाकर अपने देश को 1-0 से आगे कर दिया था।

### ब्रिस्बेन टूर्नामेंट में प्लिस्कोवा ने ओसाका को हराया



**ब्रिस्बेन** : तीन बार चैंपियन कैरोलिना प्लिस्कोवा ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के दूसरे दौर में बुधवार को नाओमी ओसाका को 3-6, 7-6(4), 6-4 से हराया। जुलाई 2023 में बेटी शाई को जन्म देने के बाद ओसाका यह पहला टूर्नामेंट है। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैम्पियन ओसाका ने वापसी करते हुए तमारा कोरपात्श के खिलाफ अपना पहला राउंड मैच जीता। प्लिस्कोवा इससे पहले 2017, 2019 और 2020 में तीन बार ब्रिस्बेन टूर्नामेंट जीत चुकी हैं। दो पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ियों के बीच लड़ाई में यह प्लिस्कोवा ने दो घंटे और 14 मिनट के बाद वापसी करते हुए राउंड 16 में प्रवेश किया। एक सेट से पिछड़ने के बावजूद प्लिस्कोवा जापानी स्टार ओसाका के साथ एक और करीबी मुकाबले को पलटने में सफल रही, जिससे उनकी बढ़त 4-2 हो गई। प्लिस्कोवा को इस सप्ताह एक वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में पहले दौर में बाई मिली था। दो बार अमेरिकी ओपन और आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतने वाली ओसाका ने पहले मैच में तमारा कोर्पेश को सीधे सेटों में हराया था। अन्य मैचों में शीर्ष वरीयता प्राप्त गत आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन एरिना सबालेंका ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-3, 6-0 से मात दी। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना का सामना ओलिविया गाडेकी से होगा।

**क्रिकेट** भारत ने बुधवार को दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में दिखाई ताकत

# सिराज का चला जादू, दक्षिण अफ्रीका 55 रन पर ढेर

▶▶सातवीं बार है जब दक्षिण अफ्रीका की टीम 60 रन से कम स्कोर पर ढ़ेर हुई

एजेंसियां

**केपटाउन :** मोहम्मद सिराज के 15 रन पर छह विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने बुधवार को दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका को पहले ही दिन 23.2 ओवर में 55 रन पर ढ़ेर कर दिया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही है और उसका कोई भी खिलाड़ी टिक कर नहीं खेल सका तथा लंच से पहले ही पूरी टीम पवेलियन लौट गयी। ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों ने मोहम्मद सिराज के सामने आत्मसमपर्ण कर दिया हो। सिराज ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए नौ ओवर में 15 रन देकर छह विकेट झटके, जिसमें तीन मेडन ओवर हैं। मेजबान टीम के नौ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। केवल दो बल्लेबाज काइल वेरेन 15 रन और डेविड बेंडिंघम 12 रन ही दहाई आंकड़े तक पहुंच सके। दोनों बल्लेबाजों को सिराज ने आउट किया। यह सातवीं बार है जब दक्षिण अफ्रीका की टीम 60 रन से कम स्कोर पर ढ़ेर हुई है। दक्षिण अफ्रीका तीसरी बार भारत के खिलाफ 100 से कम के स्कोर ढ़ेर हुई है। इससे पहले वर्ष 2015 में नागपुर में दक्षिण अफ्रीका 79 रन पर सिमट गई थी। केपटाउन टेस्ट और नागपुर के अलावा 2006 में जोहान्सबर्ग में 84 रन पर आउट किया था। टेस्ट क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका का न्यूनतम स्कोर 30 रन दो बार रहा है। 1896 में इंग्लैंड के खिलाफ गकेबरह में 30 रन पर ऑल आउट हुई थी और उसके बाद 1924 में 12.3 ओवर में इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में 30 रन पर ढ़ेर हो गई थी। ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में खेले गये मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 12 फरवरी 1932 में 23.2 ओवर में 36 रन पर ढ़ेर कर दिया था। भारत की ओर से आज के मुकाबले में सिराज ने छह विकेट झटके। वहीं जसप्रीत बुमराह और मुकेश कुमार ने 2-2 बल्लेबाजों को आउट किया। तेज गेंदबाज मुकेश ने 2.2 ओवर में बिना कोई रन दिए दो विकेट लिए हैं।



## कमिस के पंजे से पाकिस्तान पहली पारी में 313 रन पर ढेर

एजेंसियां

**सिडनी :** पैट कमिंस ने पांच विकेट विकेट और मिचेल स्टार्क के दो विकेट की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान ने आज तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के तीसरे और आखिरी मुकाबले में पहली पारी में 313 रन पर ढ़ेर कर दिया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और दोनों सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक और सैम अयूब खाता नहीं खोल पाए। अब्दुल्लाह शफीक को मिचेल स्टार्क ने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। अगले ही ओवर में जोश हेजलवुड ने सैम अयूब का शिकार किया। दो विकेट गिर जाने के बाद बाबर आजम और कप्तान शान मसूद पाकिस्तान की पारी को संभाला। बाबर 26 रन को पैट कमिंस पगबाधा आउट किया। इसके कुछ देर बाद सऊद शकील पांच रन पर पवेलियन लौट गए। कप्तान शान मसूद भी 35 रन बनाकर मिचेल मार्श की गेंद पर आउट हुए। मोहम्मद रिजवान ने अपनी 88 रनों की पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाए। पैट कमिंस की गेंद पर जोश हेजलवुड ने उनका कैच पकड़ा। उनके बाद साजिद खान भी कमिंस का शिकार बने। उन्होंने 15 रन बनाए। आगा सलमान 67 गेंद पर 53 रन बनाकर आउट हुए। हसन अली शून्य पर आउट हुये। आमिर जमाल 82 रन बनाकर आउट हुये, उन्हें नाथन लियोन ने मिचेल स्टार्क के हाथों कैच कराया। मीर हमजा सात पर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद रिजवान 103 गेंदों में 88 रन, आमेर जमाल 97 गेंदों में 82 रन, आगा सलमान ने 67 गेंदों में 53 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली।



## 67वीं राष्ट्रीय शालेय मलखंब प्रतियोगिता उज्जैन में आयोजित



एजेंसियां

**उज्जैन :** मध्यप्रदेश के उज्जैन में 67वीं राष्ट्रीय साले मलखंब प्रतियोगिता 08 जनवरी से प्रारंभ होगी। इसमें 20 राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी आनन्द शर्मा बताया कि आठ से 12 जनवरी तक होने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के 900 छात्र-छात्रा खिलाड़ियों भाग लेंगे और यह प्रतियोगिता 14 वर्ष, 17 वर्ष और 19 वर्ष आयु समूह के मध्य आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मन्दिर महाकालपुरम माधव सेवा न्यास भारत माता मन्दिर के पास होगी। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, केरल, चंडीगढ़, आन्ध्र प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु, पांडुचेरी सहित 20 राज्यों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

## खेल जगत अपडेट्स »

### वाडा ने स्पेनिश एंटी-डोपिंग एजेंसी की जांच की शुरू

**मैड्रिड :** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने स्पेनिश डोपिंग रोधी एजेंसी सीईएलएडी के खिलाफ जांच शुरू की है और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के लिए एथलीटों को दंडित करने में संगठन की विफलता के लिए तत्काल स्पष्टीकरण की मांग की है। स्पेनिश खेल समाचार पोर्टल रेलेवो ने बुधवार को यह जानकारी दी। समाचार पोर्टल ने दिसंबर में बताया कि सीईएलएडी ने डब्ल्यूएडीए की मिलीभगत से 2017 और 2022 के बीच कई बार एथलीटों को डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के लिए बिना सजा दिए जाने की अनुमति दी। संगठन ने कथित तौर पर नौकरशाही प्रक्रियाओं में खामियों का फायदा उठाया। रिपोर्ट में कहा गया कि डब्ल्यूएडीए ने उल्लंघनों के संबंध में सीईएलएडी से तत्काल प्रतिक्रिया मांगी और स्थिति में सुधार के लिए उसे तीन महीने का समय भी दिया। अन्यथा डब्ल्यूएडीए ने विश्व डोपिंग रोधी संहिता के अनुसार सीईएलएडी के लिए एक अनुपालन सत्यापन प्रक्रिया शुरू करने की धमकी दी।

### केपटाउन में बजा 'राम सिया राम' तो विराट ने जोड़े हाथ

**केपटाउन :** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला केपटाउन में बुधवार (तीन जनवरी) को शुरू हुआ। दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान डीन एल्गर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। उनका यह निर्णय गलत साबित हुआ। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम पहली पारी में 55 रन पर सिमट गई। भारत के लिए मोहम्मद सिराज ने सबसे ज्यादा छह विकेट लिए। अफ्रीकी टीम की पारी के दौरान विराट कोहली का अनोखा अंदाज देखने को मिला। दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज जब बल्लेबाजी के लिए उतरे तो स्टेडियम में मौजूद डीजे ने आदिपुरुष फिल्म का गाना 'राम सिया राम' बजा दिया। इसे देखकर कोहली खुश हो गए। उन्होंने हाथ जोड़े और भगवान श्रीराम की तरह धनुष चलाने का इशारा किया।

## 200 करोड़ के क्लब में शामिल हुयी शाहरूख खान की फिल्म डंकी




एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की फिल्म डंकी ने 200 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म डंकी 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी। पठान और जवान के बाद डंकी इस साल की शाहरुख खान की तीसरी फिल्म है। डंकी चार दोस्तों की कहानी है, जो अच्छी जिंदगी गुजारने के लिए लंदन में बसने का सपना देखते हैं, लेकिन अपने सपने को पूरा करने के लिए उन्हें एक मुश्किल और जिंदगी बदल देने वाला सफर करना पड़ता है।

डंकी को जियो स्टूडियोज,रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। 'डंकी' राजकुमार हिरानी और शाहरुख खान की साथ में पहली फिल्म है। फिल्म डंकी को दर्शकों की तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। डंकी घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है। वहीं वर्ल्डवाइड इस फिल्म ने 400 करोड़ का कारोबार कर लिया है। फिल्म डंकी में शाहरुख खान के अलावा तापसी पन्नू, विक्की कौशल और बोमन ईरानी भी अहम किरदारों में है।

## 'महायोगी हाईवे वन टू वननेस' आठ मार्च को रिलीज होगी




एजेंसियां

**मुम्बई :** फिल्म निमार्ता राजन लूथरा की बहुप्रतीक्षित संदेशपरक फिल्म 'महायोगी हाईवे वन टू वननेस' 8 मार्च को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है और इसे अंग्रेजी, हिंदी और विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं सहित कई भाषाओं में प्रस्तुत किया जाएगा। त्रिलोक फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म 'महायोगी हाईवे वन टू वननेस' की कहानी एक ऐसे व्यक्ति की है जो सभी धर्मों और सभी जीवित प्राणियों की अच्छाई में विश्वास करता है और 'एक ईश्वर' में दृढ़ विश्वास रखता है। ईश्वर के बुलावे से उसे एहसास होता है कि विश्व की वर्तमान आवश्यकता एकता, शांति और प्रेम है। मूलरूप से इस फिल्म की कहानी कलयुग से सतयुग में गहन परिवर्तन को उजागर करती है। यह सत्य और सदाचार की विशेषता वाले स्वर्ण युग की ओर बदलाव का प्रतीक है। कथा का दूसरा भाग सतयुग की सुखद स्थिति की अंतर्दृष्टि का वादा करता है, जहां हर कोई अपने भीतर भगवान की उपस्थिति महसूस करेगा। महायोगी द्वारा निर्देशित संदेश आध्यात्मिक क्रांतिकारी पहल सतयुग का द्वार खोलेगी। इस फिल्म में महायोगी की परिकल्पना के साथ परिवारों में सद्भाव, मित्रता और सच्चाई, पड़ोसी देशों हेतु एकता, राजनीति में सद्भाव, स्वर्ण युग की पहल, आंतरिक जागृति, अंतरधार्मिक सद्भाव से जुड़े तथ्यों को कथावस्तु में समावेश कर आध्यात्मिक जागृति और सार्वभौमिकता पर जोर देते हुए सकारात्मक संदेश दिया गया है कि सभी के धर्म पर विश्वास करें, सम्मान करें और प्यार करें और एक साथ मिलजुल कर खुशी से रहें। यही एकमात्र तरीका है जिससे हम भारत की सच्ची संस्कृति को सभी के सामने ला सकते हैं। दिल्ली में जन्मे राजन लूथरा अमेरिका में रहते हैं। वह अपने परोपकारी स्वभाव के कारण समाजसेवा में हमेशा तत्पर रहते हैं। एक सफल उद्यमी होने के बावजूद, श्री लूथरा का सच्चा जुनून उनके गैर-लाभकारी, हेल्प फाउंडेशन ग्रुप में निहित है, जिसके वे संस्थापक और अध्यक्ष हैं। यह संस्था 2014 से भारत में पंजीकृत है। बकौल फिल्मकार राजन लूथरा 'महायोगी' को तीन भागों में बनाया गया है। आज दुनिया में युद्ध को विराम देकर शांति स्थापित करने की आवश्यकता है। ईश्वर ने हमें प्रेम बांटने के लिए भेजा है न कि लड़ने झगड़ने के लिए। परस्पर एकता की अवधारणा धार्मिक सीमाओं से परे होना चाहिए। सभी समस्याओं के समाधान के लिए हम सभी को एकमत होना होगा। यह फिल्म लोगों की दृष्टिकोण में बड़ा बदलाव लाने में सहायक साबित होगी।

## चंदन सिंह और श्यामली श्रीवास्तव स्टारर फिल्म कलयुग के राम का ट्रेलर रिलीज

एजेंसियां

मुंबई : देसी लोटा इंटरटेनमेंट एवं आरवीएस फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म कलयुग के राम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कलयुग के राम का ट्रेलर वेब म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में चंदन सिंह राजपूत मुख्य भूमिका में नज़र आ रहे हैं। वह इस फिल्म में कलयुग के राम की भूमिका निभाते नज़र आ रहे हैं और उनके अपोजिट फिल्म में श्यामली श्रीवास्तव नज़र आ रही हैं, जिनका किरदार चंदन सिंह राजपूत की पत्नी का है। फिल्म में देव सिंह नकारात्मक किरदार में नज़र आ रहे हैं। इस फिल्म को लेकर चंदन सिंह राजपूत ने बताया कि फिल्म की कहानी ने मुझे खूब प्रभावित किया, इस वजह से मैं इस फिल्म को करना चाहता था और आज फाइनली हमारी फिल्म कलयुग के राम का ट्रेलर आ गया है। उन्होंने कहा कि दर्शक हमारी फिल्म के ट्रेलर को जरुर देखें और जब यह फिल्म रिलीज हो तब जाकर हमारी फिल्म को भी देखें। उन्होंने कहा कि फिल्म के लिए मैंने बेहद मेहनत की है।




फिल्म में सभी कलाकारों ने शानदार काम किया है। फिल्म के गाने और संवाद भी कर्ण प्रिय है और सुजीत वर्मा के निर्देशन में इस फिल्म की मेंकिंग बड़े पैमाने पर की गयी है. उनके साथ काम करने का अनुभव अलग रहा और फिल्म बहुत कुछ सिखने को भी मिला। फिल्म कलयुग के राम के निर्माता राम विनय सिंह और राकेश तिवारी हैं। निर्देशक सुजीत वर्मा हैं। कथा पटकथा - सुजीत वर्मा, शशि रंजन द्विवेदी ,गीतकार डॉ. सागर, आशुतोष तिवारी है। फिल्म के डीओपी इमरान हैं।

संगीतकार साजन मिश्रा हैं। फिल्म में श्यामली श्रीवास्तव, चंदन सिंह राजपूत , किरण यादव, देव सिंह , बुल्लू कुमार , दीपक सिंह, सतीश वर्मा , अजीत सिंह मुखिया, रितेश कुमार सिंह, आशुतोष पांडे ,अर्णव, राम विनय सिंह, दिलीप बर्मा मुख्य भूमिका में हैं।

## खुशबू तिवारी और माही श्रीवास्तव का गाना 'लइकन के कमी नइखे' रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई :** गायिका खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी गाना 'लइकन के कमी नइखे' रिलीज हो गया है। 'लइकन के कमी नइखे' गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसिल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव किसी लड़के से प्यार करती है लेकिन वह लड़का बेवफा है और कई लड़कियों से अफेयर कर रहा है।




इस पर नाराज होकर माही उस लड़के से ब्रेकअप करके निकल जाने को कहती है। माही श्रीवास्तव कहती है कि 'जाय के बा त जा जादा जनि ताव में बतियावा, कर्के धोखाबाजी जनि गरमी देखावा... निकल... बेवफा बाड़ा एही से अँखिया मा हमरा नमी नइखे, बाटे जदि लईकिन के तोहरा भिरी, त हमरो लगे लइकन के कमी नइखे...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी गाना 'लइकन के कमी नइखे' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं।

## राजा दशरथ का किरदार निभाना बहुत बड़ी जिम्मेवारी : आरव चौधरी

एजेंसियां

**मुंबई :** जानेमाने अभिनेता आरव चौधरी का कहना है कि सीरियल श्रीमद रामायण में ' राजा दशरथ' की भूमिका निभाना बहुत बड़ी जिम्मेवारी है और वह अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें राजा दशरथ के चरित्र को निभाने का अवसर मिला है।

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे सीरियल 'श्रीमद रामायण' में आरव चौधरी ने राजा दशरथ की भूमिका निभायी है। 'श्रीमद रामायण' का आगामी एपिसोड, भगवान राम के दिव्य जन्म को प्रस्तुत करने के लिए तैयार है, जिन्हें प्यार से राम लला कहा जाता है। आरव चौधरी ने कहा, राजा दशरथ का किरदार निभाना एक बड़ी जिम्मेदारी है, और मैं इस महाकाव्य में इस महत्वपूर्ण चरित्र को निभाने के लिए खुद को भाग्यशाली मानता हूं। भगवान राम के पिता की भूमिका सौंपा जाना एक सम्मान की बात है जो मेरे दिल में हमेशा एक विशेष स्थान रखेगा। मुझे आशा है कि मैं इस भूमिका के साथ न्याय कर पाऊंगा और उस महान गौरव और संतुष्टि को जीवंत कर सकता हूं जो राजा दशरथ ने अपने सबसे बड़े बेटे राम लला के आगमन पर महसूस की थी।



व्यापार अंतिम तिमाही में टेस्ला को पछाड़कर दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक कार कंपनी बन गई

# चीन की कंपनी टेस्ला से ज्यादा इलेक्ट्रिक कारें बेच रही है

- पहला लक्ष्य लगभग तीन साल पहले 2022 में हासिल किया गया था
- दूसरा भी उम्मीद से पहले पहुंच सकता है



राष्ट्रीय खबर

**हांगकांग:** चीन की कंपनी बीवाईडी वर्ष 2023 की अंतिम तिमाही में टेस्ला को पछाड़कर दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक कार कंपनी बन गई। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, चीनी कंपनी ने पिछले साल तीन महीने की अवधि में 31 दिसंबर तक 525,409 बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) सहित रिकॉर्ड संख्या में कारें बेचीं। टेस्ला ने मंगलवार को कहा कि उसने तिमाही के दौरान 484,507 डिलीवरी की, जो एक रिकॉर्ड भी है। पूरे वर्ष के दौरान एलोन मस्क की टेस्ला (टीएसएलए) ने 1.8 मिलियन इलेक्ट्रिक कारें बेचकर अभी भी बीवाईडी को पीछे छोड़ दिया है। बीवाईडी ने 2022 तक 73 फीसद की वृद्धि के साथ 1.57 मिलियन इलेक्ट्रिक वाहन बेचे, साथ ही 1.44 मिलियन हाइब्रिड भी बेचे। लेकिन इसका मतलब है कि टेस्ला का अपने चीनी प्रतिद्वंद्वी से अंतर, 2023 में लगभग 230,000 इकाइयों का था, जो 2022 में पोस्ट की गई 400,000 इकाइयों की तुलना में काफी कम था। वॉरेन बफेट द्वारा समर्थित बीवाईडी की तीव्र वृद्धि चीन के बढ़ते ईवी उद्योग का प्रतीक है।

उद्योग के लिए मजबूत सरकारी समर्थन की बदौलत चीन इलेक्ट्रिक वाहनों में अपने परिवर्तन में तेजी से प्रगति कर रहा है। और इसके कार निमार्ता वोक्सवैगन और रेनॉल्ट जैसे पारंपरिक प्रतिद्वंद्वियों के अलार्म के लिए यूरोप में दबाव डाल रहे हैं। यूरोपीय संघ के नीति निमार्ताओं ने चीनी राज्य सब्सिडी की जांच शुरू की है। बीजिंग ने लक्ष्य रखा है कि 2025 तक चीन में सालाना बिकने वाली कम से कम 20 प्रतिशत नई कारें नई ऊर्जा वाहन (एनईवी) होनी चाहिए, जिसमें बीईवी, प्लग-इन हाइब्रिड और हाइड्रोजन ईंधन सेल वाहन शामिल हैं। सरकार का कहना है कि 2035 तक एनईवी को नई कारों की बिक्री की मुख्यधारा बन जाना चाहिए।

पहला लक्ष्य लगभग तीन साल पहले 2022 में हासिल किया गया था। दूसरा भी उम्मीद से पहले पहुंच सकता है। चाइना एसोसिएशन द्वारा पिछले महीने जारी आंकड़ों के अनुसार, 2023 के पहले 11 महीनों में, नई ऊर्जा वाहनों की 8.3 मिलियन यूनिट बेची गईं, जो कुल कार बिक्री का 30 प्रतिशत से अधिक है। राज्य मीडिया के अनुसार, चीन के उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के पूर्व मंत्री मियाओ वेई ने नवंबर में एक कार फोरम में कहा था कि सरकार का 2035 तक 50 फीसद का एनईवी प्रवेश लक्ष्य 2025 या 2026 तक हासिल होने की संभावना है। विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक उद्योग में चीन की अग्रणी भूमिका उसके बाजार पैमाने, सस्ते श्रम और आपूर्ति श्रृंखला प्रभुत्व के कारण भी है। फ्रांसीसी निवेश बैंक नैटिक्सिस एशिया के विश्लेषकों ने नवंबर के अंत में एक रिपोर्ट में लिखा था, चीन अब उत्पादन में अग्रणी है और अपने विशाल घरेलू बाजार और पहले प्रस्तावक लाभ पर भरोसा करते हुए अपनी तुलनात्मक बढ़त बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके पहले प्रस्तावक लाभ और बुनियादी ढांचे के निवेश और सब्सिडी के माध्यम से सरकारी समर्थन ने चीनी ईवी निमार्ताओं के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करना आसान बना दिया है। हालाँकि, पिछले साल बढ़ती प्रतिस्पर्धा और क्रूर मूल्य युद्ध ने कई कार निमार्ताओं के लाभ मार्जिन को प्रभावित किया है।

## महुआ की याचिका पर लोकसभा महासचिव को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस



राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता रद्द करने के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर बुधवार लोकसभा महासचिव को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि वह अधिकार क्षेत्र और न्यायिक समीक्षा की शक्ति सहित सभी मुद्दों की विचार करेगी।

पीठ ने अपने आदेश में कहा कि कई मुद्दे उठाए गए हैं। वह इस स्तर पर किसी भी मुद्दे पर टिप्पणी नहीं करना चाहेगी। पीठ ने याचिकाकर्ता को फिलहाल किसी भी तरह की अंतरिम राहत पर विचार करने से इनकार कर दिया। सुश्री मोइत्रा को कथित तौर पर अडानी समूह से संबंधित सवाल पूछने के लिए दुबई के एक व्यवसायी के साथ अपने (संसद की सदस्यता से संबंधित) लॉगिन विवरण साझा करने के मामले में संसद की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया था।

## जयशंकर आज जाएंगे नेपाल की यात्रा पर



राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर गुरुवार को नेपाल की दो दिन की यात्रा पर काठमांडू जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार डॉ. जयशंकर नेपाल के विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सौद के निमंत्रण पर 04-05 जनवरी 2024 तक काठमांडू का दौरा करेंगे। डॉ जयशंकर श्री सौद के साथ भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की 7वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की स्थापना 1987 में की गई थी और यह दोनों देशों के विदेश मंत्रियों को द्विपक्षीय साझीदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

## सोलह मामलों का सामना कर रहे व्यक्ति के लिए खड़ी भाजपा:परमेश्वर




राष्ट्रीय खबर

**बेंगलुरु:** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) कर्नाटक के हुबली में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद हुए दंगों में शामिल एक कारसेवक की गिरफ्तारी के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है। इस बीच, राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को भगवा पार्टी पर एक अपराधी के पक्ष में खड़े होने का आरोप लगाया जिसके खिलाफ 16 मामले चल रहे हैं।श्री परमेश्वर ने यहां स ं ० ा ा द द ा त ा ा अ ो ं स े कहा,''एफआईआर में कहीं भी कारसेवक का जिक्र नहीं है। उस पर (श्रीकांत पुजारी) एक अपराधी के रूप में आरोप लगाया गया है।

## दिल्ली और एनसीआर में शीतलहर का सितम जारी

राष्ट्रीय खबर


**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास के इलाकों नए साल की शुरुआत से शीतलहर का सितम जारी है। दिल्ली के अलावा पड़ोसी राज्यों पंजाब, उत्तरी राजस्थान, हरियाणा से लेकर उत्तराखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के हिमालयी इलाकें घने कोहरे की चादर में लिपटे हुए हैं। देश का तकरीबन आधा हिस्सा शीतलहर की चपेट में है। कोहरे के कारण दिल्ली से 26 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। घने कोहरे के बीच कम दृश्यता के कारण कई विमानों ने देरी से उड़ान भरी है। मौसम



विभाग के मुताबिक राजधानी में आने वाले कुछ दिनों में ठंड का कहर बढ़ सकता है। बुधवार को न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया और अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक आठ जनवरी तक अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही रहेगा। राजधानी में कल भी घना कोहरा छाये रहने से करीब 26 ट्रेनें अपने गंतव्य की ओर देरी से चलीं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक राजधानी में आज सुबह सात बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 332 रिकॉर्ड किया गया, जो कि बेहद खराब श्रेणी में आता है।

परी कथा एक ऑस्ट्रेलियाई सेल्स एक्जीक्यूटिव के यूरोपीय राजघराने के ऊपरी पायदान पर पहुंचने की

## ऑस्ट्रेलिया में पैदा हुई मैरी डेनमार्क की महारानी बनेंगी



राष्ट्रीय खबर

**ब्रिस्बेन:** एक ऑस्ट्रेलियाई सेल्स एक्जीक्यूटिव के यूरोपीय राजघराने के ऊपरी पायदान पर पहुंचने की परी कथा इस महीने के अंत में पूरी होने वाली है जब डेनमार्क की क्राउन प्रिंसेस मैरी एलिजाबेथ देश की रानी कंसोर्ट बन जाएंगी। तस्मानिया से डेनिश सिंहासन तक मैरी के रास्ते का अंतिम रास्ता नए साल की पूर्व संध्या पर रानी मार्ग्रेथ द्वितीय के आश्चर्यजनक त्याग से साफ हो गया, जिन्होंने घोषणा की कि वह 14 जनवरी को पद छोड़ देंगी। रॉयल हाउस के अनुसार, डेनमार्क में यह एक बेहद दुर्लभ कदम है, जहां 1146 में राजा एरिक तीन ने एक मठ में शामिल होने के लिए अपना ताज छोड़ दिया था, उसके बाद से किसी राजा ने पद नहीं छोड़ा है।

मार्ग्रेथ के सबसे बड़े बेटे, क्राउन प्रिंस फ्रेडरिक, राजा बनेंगे, जबकि उनकी पत्नी, क्राउन प्रिंसेस मैरी, रानी बनने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई बनेंगी, एक ऐसा घटनाक्रम जिसने उनके समर्थकों को घर पर खुश कर दिया है। मैरी के कई ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसकों के लिए, यह उस रोमांस का उपयुक्त समापन है जो 2000 में ओलंपिक के समय सिडनी के एक उपद्रवी पब में शुरू हुआ था।

जैसे कि कहानी आगे बढ़ती है, स्लिप इन में दो बंद आँखें, एक डेनिश शाही को खोजने के लिए एक असंभावित जगह मानी जाती हैं, उस जोड़े की उत्पत्ति तो बिल्कुल भी नहीं जो बाद में डेनमार्क के भावी राजा और रानी बन गए। 2004 में लाखों लोगों ने इस जोड़े को शादी करते हुए देखा। दो दशक बाद, सिंहासन पर उनके आरोहण से दुनिया भर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध होने की उम्मीद है - कोपेनहेगन से लेकर होबार्ट की तस्मानियाई राजधानी तक, जहां मैरी का जन्म हुआ था। तस्मानियाई प्रीमियर जेरेमी रॉकलिफ ने सोमवार को एक बयान में कहा कि राज्य क्राउन प्रिंसेस मैरी से अधिक गौरवान्वित नहीं हो सकता। रॉकलिफ ने कहा, उनकी प्रदर्शित विनम्रता, अनुग्रह और दयालुता से मुझे यकीन है कि क्राउन प्रिंसेस मैरी को उनके पति, राजा फ्रेडरिक के साथ रानी के रूप में स्वीकार किया जाएगा, जिसे इस महीने के अंत में घोषित किया जाएगा। मैं अगली पीढ़ी और तस्मानिया की रानी को डेनमार्क के भविष्य का नेतृत्व करते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं।

प्रदेश >> अपडेट

### जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में आग

**मुरैना :** मध्यप्रदेश के मुरैना जिला अस्पताल के विशेष नवजात देखभाल इकाई (एसएनसीयू) वार्ड में आज अचानक आग लगने से वहां अफरा तफरी मच गयी। वहां भर्ती शिशुओं को अस्पताल के कर्मियों ने वार्ड से तत्काल सुरक्षित निकाल कर अन्य वार्डों में शिफ्ट कर दिया।

आग की सूचना मिलते ही अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी सीवी प्रसाद ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंच कर वार्ड का निरीक्षण किया।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### उज्जवला योजना के तहत 14 करोड़ सिलेंडर गरीब परिवारों को

**चंडीगढ़ :** केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं को हर पात्र लाभार्थी तक पहुंचाने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा हरियाणा में भी गांव-गांव पहुँच रही है। बुधवार को यह यात्रा जिला फतेहाबाद में भूना खंड के गांव गोरखपुर एवं मोचीवाली में पहुंची। इस दौरान गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में विधायक दुड़ाराम ने ग्रामीणों की समस्यायें सुनी और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही निवारण करते हुए अधिकारियों को उचित दिशा - निर्देश दिये। विधायक ने कहा कि उज्जवला योजना के तहत देश में लगभग 14 करोड़ सिलेंडर गरीब परिवारों को वितरित किये गये हैं।

### भगवान की भक्ति के बिना मानव जीवन का अस्तित्व नहीं

**भदोही :** उत्तर प्रदेश के भदोही स्थित दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से आयोजित एक दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग व प्रवचन का आयोजन उत्सव का आयोजन गोपीगंज स्थित लाल में किया गया है। प्रवचन के दौरान आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी विश्वनाथन नंद जी ने बताया कि भगवान की भक्ति के बिना मानव जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है। जीवात्मा कई योनियों में भ्रमण करने के बाद परमात्मा की असीम कृपा के बाद मनुष्य को मानव तन की प्राप्ति होती है। परंतु इतना अमूल्य जीवन प्राप्त होने के बाद भी माया वश मनुष्य संसार में भटकता रहता है।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### शिवराज का घर अब हुआ 'मामा का घर'

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का घर अब 'मामा का घर' होगा। दरअसल मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद अब श्री चौहान अपने नए शासकीय बंगले में स्थानांतरित हो गए हैं। इस बंगले का नाम उन्होंने 'मामा का घर' रखा है। इस नामकरण के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि पूरा प्रदेश उनका परिवार है। परिवार के रिश्ते कभी पदों से नहीं हुआ करते। ऐसे रिश्ते पदों के साथ नहीं बदलते। उन्होंने कहा कि वे जहां रहेंगे, वो प्यार का घर होगा। 'मामा के घर' से जनसेवा का उनका यज्ञ लगातार चलता रहेगा। भाजपा कार्यकर्ता के नाते पार्टी द्वारा दिए कार्यों को पूरे सेवाभाव से पूरा करेंगे। जनता की सेवा लगातार करते रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, "पता बदल गया है, लेकिन 'मामा का घर' तो मामा का घर है। आपसे भैया और मामा की तरह ही जुड़ा रहूँगा।

### जालंधर में 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट' के पहले चरण का शुभारंभ

**जालंधर :** पंजाब के जालंधर शहर में अपराध से निपटने और लोगों की सुविधा के लिये एक पहल करते हुए, पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा ने बुधवार को कहा कि कमिश्नरेट पुलिस ने 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट' का पहला चरण शुरू किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस आयुक्त ने कहा कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अपराध, वाहन यातायात और पैदल चलने वालों की विस्तृत मैपिंग के बाद यह परियोजना शुरू की गई है। इसी तरह, उन्होंने कहा कि यातायात प्रबंधन, आवागमन समय में सुधार और छोटे अपराधों को रोकने के लिये शहर में 17 नो टॉलरेंस जोन, 21 पैदल यात्री क्षेत्र और चार वन वे की पहचान की गई है। इसके बाद स्वपन शर्मा ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस और पी.सी.आर. को एकीकृत किया गया है और दोनों विंगों की जनशक्ति को 250 तक बढ़ा दिया गया है और पीसीआर के वाहनों में 30 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है।

न्यूज फटाफट

### टोक्यो हवाईअड्डे पर दो विमानों की टक्कर के कारण तीन सौ से अधिक उड़ानें रद्द

**टोक्यो :** जापान में टोक्यो के हनेडा हवाईअड्डे पर मंगलवार शाम जापान तटरक्षक विमान और जापान एयरलाइंस के यात्री विमान के बीच टक्कर के बाद एयरलाइंस को 300 से अधिक उड़ानें रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। दुर्घटना के कारण हवाईअड्डे को कल शाम कई घंटों के लिए सभी रनवे बंद करने पड़े, जिसके कारण हनेडा से आने :जाने वाली 226 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं, इससे 40,000 से अधिक यात्री प्रभावित हुए। बुधवार को तीन रनवे फिर से खुलने के बावजूद, अभी भी लगभग 100 उड़ानें के रद्द होने की आशंका है, जिससे 19,000 यात्रियों की यात्रा योजनाएं बाधित होंगी। गौरतलब है कि मंगलवार को स्थानीय समयानुसार शाम करीब छह बजे , जापान एयरलाइंस (जेएएल) की उड़ान 516, एयरबस ए :350 जो होक्काइडो प्रान्त में न्यू चिटोस हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी, हनेडा के सी :रनवे पर उतर रही थी तभी तटरक्षक उड़ान एमए :722, एक बॉम्बार्डियर डैश :8, से टकरा गयी, जिससे दोनों विमानों में आग लग गई। जिससे एमए :722 पर सवार चालक दल के छह सदस्यों में से पांच की मौत की पुष्टि की गई, जबकि कैप्टन गंभीर रूप से घायल हो गया। कोस्ट गार्ड प्रवक्ता योशिनोरी यानागिशिमा के अनुसार सोमवार दोपहर को मध्य जापान में आए भूकंप के बाद तटरक्षक विमान, निगाटा प्रान्त में भूकंप प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत सामग्री पहुंचाने के लिए रनवे पर चल रहा था। इस बीच, जेएएल विमान से टक्कर के बाद उसमें आग लग गई थी। टोक्यो अग्निशमन विभाग ने कहा कि दुर्घटना के बाद आग बुझाने में आठ घंटे से अधिक का समय लगा। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने जापान के परिवहन मंत्रालय के सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि हनेडा हवाई यातायात नियंत्रक ने दुर्घटना होने से पहले यात्री विमान को रनवे पर उतरने की अनुमति दी थी और तट रक्षक विमान को रनवे से दूर रहने का आदेश दिया था। हवाई जहाज, ट्रेनों और जहाजों से जुड़ी गंभीर दुर्घटनाओं की जांच करने वाली सरकार से संबद्ध एजेंसी जापान ट्रांसपोर्ट सेफ्टी बोर्ड ने बुधवार को दुर्घटना के कारण की जांच और विमान के मलबे की जांच शुरू कर दी।

### सीरियाई सेना ने विद्रोही के नौ ड्रोनों को मार गिराया

**दमिश्क :** सीरिया की सेना ने मंगलवार को उत्तरी सीरिया के अलेप्पो, इदलिब और हामा प्रांतों के ग्रामीण इलाकों में विद्रोही समूहों द्वारा लॉन्च किए गए नौ ड्रोनों को मार गिराया। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ड्रोन को मार गिराना रणनीतिक महत्व है, जो नागरिक आबादी और सैन्य प्रतिष्ठानों के लिए संभावित खतरा पैदा करते हैं। उत्तरी सीरिया में, विशेष रूप से उत्तर :पश्चिमी प्रांत इदलिब में विद्रोहियों ने हाल के महीनों में सरकार :नियंत्रित क्षेत्रों के खिलाफ ड्रोन हमले तेज कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर की शुरुआत में होम्स प्रांत में एक सैन्य अकादमी में स्नातक समारोह के दौरान एक ड्रोन हमले में 80 से अधिक सैन्यकर्मी और नागरिक मारे गए।

### ब्राज़ील में नव वर्ष की छुट्टियों के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में 56 लोगों की मौत

**साओ पाउलो :** ब्राजील में नव वर्ष की छुट्टियों के दौरान हुई 725 सड़क दुर्घटनाओं में 56 लोगों की मौत हो गई और 903 अन्य घायल हो गए है। संघीय राजमार्ग पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह मौतें एक साल पहले की तुलना में 25 प्रतिशत कम है। बयान में कहा गया है कि कार्निवल के साथ नव वर्ष की छुट्टियां ब्राजील का सबसे व्यस्त पर्यटन काल है। बयान में कहा गया है कि नशे में गाड़ी चलाने से निपटने के लिए एक विशेष सड़क सुरक्षा अभियान शुरू किया गया और अधिकारियों ने 383 लोगों को गिरफ्तार कर 557 किलोग्राम मारिजुआना जब्त किया।

### फिलिपींस के हिनाटुआन में भूकंप के झटके

**बीजिंग :** फिलिपींस के हिनाटुआन में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि फिलीपींस के हिनटुआन से 25 किमी पूर्व में बुधवार को 01:11:30 ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 8.38 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 126.57 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 63.9 किमी की गहराई पर निर्धारित था।

### ब्राजील में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**साओ पाउलो :** ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी राज्य मिनस गेरैस में स्थित कैपिटोलियो शहर में एक हेलीकॉप्टर के झील में दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए है। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। मीडिया ने स्थानीय अग्निशमन विभाग की प्रारंभिक रिपोर्ट के हवाले से बताया कि घटना के दौरान हेलीकॉप्टर में फर्नास झील का दौरा करने वाले कुछ पर्यटकों शामिल थे। हेलीकॉप्टर में टेकऑफ़ के समय तकनीकी समस्याएं थीं, जिसके कारण विमान पानी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### इशिकावा प्रान्त में भूकंप के झटके

**टोक्यो :** जापान के इशिकावा प्रान्त में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बुधवार को कहा स्थानीय समयानुसार 10:54 बजे ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.5 मापी गयी। भूकंप का केंद्र पानी के भीतर 10 किलोमीटर की गहराई पर था। सुनामी का कोई खतरा घोषित नहीं किया गया।

## आज का इतिहास

- 1906 :प्रसिद्ध कम्युनिस्ट, स्वतंत्रता सेनानी, राष्ट्रवादी एवं राजनीतिज्ञ विष्णु दामोदर चितले का जन्म।
- 1925 :हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता प्रदीप कुमार का जन्म।
- 1966 :भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और पाकिस्तान के जनरल अयूब खान के बीच भारत:पाकिस्तान सम्मलेन की शुरूआत।
- 1972 :नई दिल्ली में 'इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिमिनालॉजी एंड फारेंसिक साइंस' का उद्घाटन।
- 1990 :पाकिस्तान में दो ट्रेनों की टक्कर में करीब 307 लोग मारे गए और उससे दोगुने घायल हुए।
- 1993 :भारतीय महिला निशानेबाज़ अपूर्वी चंदेला का जन्म।
- 1998 :बंगलादेश ने भारत को उल्फा महासचिव अनूप चेतिया को सौंपने से इन्कार किया।
- 1999 :मंगल ग्रह पर भाप का विश्लेषण करने हेतु अमेरिकी यान 'मार्स पौसर लैंडर प्रोब' का प्रस्थान।
- 2002 :ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भारत पहुंचे।
- 2004 :भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पाक प्रधानमंत्री जमाली के बीच इस्लामाबाद में वार्ता आयोजित।
- 2006 :दुबई के शासक शेख़मकतूम बिन रशीद अल मकतूम का निधन।
- 2008 :गुजरात में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी मंत्रिमण्डल में 18 नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी।
- 2009 :पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने यूपीए से नाता तोड़ा।
- 2010 :भारत में 'स्टॉक एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया' के आदेश पर शेयर बाज़ारों के खुलने का समय एक घंटा पहलेसुबह 9 बजे कर दिया गया।
- 2016 : भारत के 38वें मुख्य न्यायाधीश एस. एच. कपाड़िया का निधन।
- 2017 : संगीत की दुनिया में प्रसिद्ध सितार वादक अब्दुल हलीम जाफ़र ख़ां का निधन।
- 2020 : केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने नयी दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का उद्घाटन किया। यह नयी दिल्ली विश्व पुस्तक मेला का 28वां संस्करण है, इसकी थीम 'गांधी: लेखकों के लेखक' रखी गयी।
- 2022 :अनाथ बच्चों के लिए कार्य करने वाली मराठी सामाजिक कार्यकर्ता सिंधुताई सपकाल का निधन।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची गुरूवार
12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
04:01:2024

## ग्रिड कंसल्टेंट को ईडी ने किया सील

रांचीः सत्ता शीर्ष के करीबी माने जाने वाले विनोद कुमार के घर पर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। इसी दौरान ईडी की टीम ने विनोद कुमार के रोस्पा टॉवर स्थित ग्रिड कंसलटेंट को सील कर दिया। इससे पहले ईडी ने विनोद कुमार के रातू रोड के नीलांचल कंपाउंड स्थित आवास पर प्रिंटर मंगवाया है। कयास लगाया जा रहा है कि विनोद कुमार के घर से कुछ जरूर दस्तावेज मिले हैं।

छापा

### रांची और राजस्थान में दस से अधिक ठिकानों पर ईडी का छापा

# ईडी की छापेमारी के बाद राज्य में बढ़ा सियासी पारा

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड में अवैध खनन में मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर आज सुबह से ईडी का छापेमारी जारी है। ईडी की टीम रांची और राजस्थान के 10 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद के ठिकाने के अलावा डीएसपी राजेंद्र दुबे के हजारीबाग स्थित आवास, साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव के साहिबगंज और राजस्थान स्थित आवास में भी छापेमारी कर रही है। साहिबगंज में खोदनिया ब्रदर्स और पूर्व विधायक पप्पू यादव के ठिकानों पर ईडी की टीम तलाशी ले रही है। कोलकाता में अभय सरावगी और होटवार जेल के एएसआई अवधेश कुमार के ठिकानों पर भी छापेमारी की। होटवार जेल में छापामारी में कई अहम जानकारी मिली। सीसी टीवी खंगाला गया। एएसआई से पूछताछ की गयी। होटवार जेल में छापामारी की कार्रवाई खत्म हो गयी। टीम लौट आयी। सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद के घर में लॉकर खोलने वाले मिस्त्री को बुलाया गया। लॉकर खोलने के बाद मिस्त्री फिर चला गया। घर के बाहर सुरक्षाबल भी तैनात हैं। किसी को अंदर से बाहर और बाहर से अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। सीएम के मित्र विनोद कुमार के पिस्का मोड़ स्थित आवास पर भी छापेमारी की गयी।

## केरल में छुट्टियां मना रही आईएएस की पत्नी, ईडी से मांगा समय, एजेंसी ने भेजा था समन

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** बर्लिन अस्पताल से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए प्रीति कुमार आज(3 जनवरी) ईडी के सामने उपस्थित नहीं होंगी। प्रीति कुमार झारखंड सरकार के गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव की पत्नी हैं। 3 जनवरी को ईडी ने उन्हें एजेंसी के दफ्तर पूछताछ के लिए बुलाया था। झारखंड सरकार के गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार बुधवार को ईडी के सामने उपस्थित नहीं होंगी। मंगलवार की शाम प्रीति कुमार ने ईडी को पत्र भेज कर यह बताया है कि वह अपने परिवार के साथ केरल में छुट्टियों पर आई हैं, ऐसे में 6 या 7 जनवरी को रांची लौटेंगी। गौरतलब है कि 28 दिसंबर को ईडी ने प्रीति कुमार को समन भेज कर 3 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन मंगलवार को ईडी के जांच पदाधिकारी को पत्र भेजकर प्रीति कुमार ने बताया है कि वह केरल में छुट्टियों पर गई हैं। ऐसे में एजेंसी अब प्रीति कुमार को दूसरा समन भेजकर उन्हें पूछताछ की नई तारीख देगी। ईडी ने पहले समन में प्रीति कुमार को 3 जनवरी को दिन के 11 बजे एजेंसी के रांची जोनल आफिस में उपस्थिति होने को कहा था। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और प्रीति कुमार दोनों ही ईडी के द्वारा की गई एक ही छापेमारी के दौरान एजेंसी के रडार पर आए। एजेंसी ने जमीन घोटाला मामले की जांच के दौरान पिछले साल 13 अप्रैल को बड़गाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप के घर पर रेड किया था। उस दौरान भानु के घर से एक बड़े बक्से में भारी मात्रा में जमीनों के दस्तावेज मिले थे। रांची डीसी के आदेश पर इस मामले में सदर थाने में एफआईआर भी दर्ज हुई थी। ईडी को जांच के क्रम में यह जानकारी मिली थी कि कई दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर और कुछ को गायब कर जमीनों की हेरफेर की गई है।

## जिमखाना क्लब की जमीन पर न्यूक्लियस मॉल के कंस्ट्रक्शन पर लगी रोक हटाने से एचसी का इनकार




राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ यूनियन ऑफ इंडिया की ओर से कैप्टन सुष्मिता बनर्जी की एलपीए की आंशिक सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में प्रतिवादियों की ओर से न्यूक्लियस मॉल के कंस्ट्रक्शन पर लगी रोक हटाने का आग्रह कोर्ट से किया गया। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले को सुनने से इनकार करते हुए मामले को सक्षम बेंच में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया। प्रतिवादी चैलिश रियल स्टेट की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने पक्ष रखा । वहीं अन्य प्रतिवादियों की ओर से अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह ने पैरवी की। जबकि रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन सहदेव ने पैरवी की। दरअसल, मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की एकल पीठ ने प्रार्थी सेना के अधिकारियों की याचिका को खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ सेना की ओर से खंडपीठ में अपील दायर की गई है। खंडपीठ ने बीते दिसंबर माह में जिमखाना क्लब की जमीन पर बना रहे न्यूक्लियस मॉल के कंस्ट्रक्शन पर रोक लगा दी थी। बता दे की हाईकोर्ट की एकल पीठ में सुनवाई के दौरान सेना के अधिकारियों की ओर से कहा गया था कि जिमखाना की जमीन पर जो मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बन रहा है वह सेना की जमीन के बगल में है। नियम के अनुसार सुरक्षा के दृष्टिकोण से सेना की जमीन से 50 मीटर की दूरी पर बिल्डिंग का निर्माण कार्य होना चाहिए था। वहीं प्रतिवादियों की ओर से कहा गया था कि सेना की ओर से जिस गाइडलाइन का हवाला दिया जा रहा है वह वर्ष 2022 का है, जो इसमें अप्लाई नहीं होता है। वर्ष 2016 का गाइडलाइन इसमें अप्लाई होता है, जिसमें कहा गया है कि सेना की जमीन से 10 मीटर की दूरी पर किसी बिल्डिंग का निर्माण कार्य हो सकता है। जो बिल्डिंग का निर्माण कार्य हो रहा है वह सेना की जमीन से 45 मीटर से ज्यादा दूरी पर है।

## ईडी से बचने के लिए 7 मोबाइल यूज करता था योगेंद्र तिवारी, रेड से पहले डिलीट कर दिया सीसीटीवी व मोबाइल डाटा

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**शराब घोटाला के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी योगेंद्र तिवारी और उसकी अलग-अलग कंपनियों के खिलाफ अब तक हुई जांच में ईडी ने कई अहम खुलासे किए हैं। ईडी ने इस मामले की अब तक की जांच के बाद कोर्ट में जो आरोप पत्र दाखिल किया है, उसमें कहा गया है कि 23 अगस्त को शराब घोटाला से जुड़े केस में जब पहली बार एजेंसी ने योगेंद्र तिवारी के ठिकानों पर रेड की थी, तब एक मोबाइल चावल के बोरे में छुपाकर रखा हुआ मिला था। अलग-अलग जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे, लेकिन सीसीटीवी का हार्ड डिस्क रेड से कुछ दिन पहले ही हटा दिया गया था। 23 अगस्त की रेड से कुछ दिन पहले दो लोग एक कार में आए और योगेंद्र तिवारी के ठिकाने से बालू और शराब के कारोबार से जुड़े हुए महत्वपूर्ण फाइल, व्यापार से जुड़े कागजात, कम्प्यूटर और सीसीटीवी का हार्ड डिस्क अपने साथ ले गए।

23 अगस्त को योगेंद्र तिवारी के यहां हुई रेड में उसके पास से जो मोबाइल बरामद हुआ था, उसका सारा डाटा भी डिलीट किया जा चुका था। उसे रेड का आभास पहले से ही था, शायद इसकी वजह से उसने सभी साक्ष्य नष्ट कर दिए थे। इतना ही नहीं शराब और बालू के कारोबार के संचालन के लिए जिन मेल का इस्तेमाल किया जाता था। वह भी डिलीट कर दिए गए थे। ईडी से बचने के लिए और अपनी बातचीत को गुप्त रखने के लिए योगेंद्र तिवारी ने दो सिम कार्ड का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया और दोनों सिम को सात अलग-अलग मोबाइल में डालकर इस्तेमाल करता था।

बता दें कि ईडी ने बीते वर्ष 23 अगस्त को योगेंद्र तिवारी के 34 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। योगेंद्र तिवारी के देवघर स्थित होटल सिद्धार्थ के सामने स्थित गोदाम, बोम्पास टाउन स्थित डॉ। राजीव पांडेय अस्पताल के पास स्थित आवास, हरमू हाउसिंग कॉलोनी के डी-2 स्थित मेसर्स संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड और जामताड़ा के दो ठिकानों पर छापेमारी की गई थी।

### 19 लाख की धोखाधड़ी मामले में एक गिरफ्तार



**रांचीः** बैंक से 19 लाख रुपये धोखाधड़ी के मामले में गोंदा थाना की पुलिस ने एक फरार आरोपी सुधाशु राज को गिरफ्तार किया है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। उसे पुलिस ने मंगलवार को जेल ब्रोज दिया। इस मामले में पूर्व में गोंदा थाना की पुलिस ने सुधांशु पांडेय उर्फ सुधार पांडेय व उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी को गिरफ्तार किया था। वर्तमान में दोनों आरोपी जमानत पर हैं। आरोपियों द्वारा फर्जी कागजात पर बैंक ऑफ इंडिया से लोन लेकर तीन वाहन निकाला गया था।

## जेल चौक से लालपुर होते हुए प्लाजा तक पाइपलाइन बिछाने का काम प्रगति पर

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**जेल चौक से लालपुर होते हुये प्लाजा चौक तक पाइपलाइन बिछाने का काम प्रगति पर है। जुडको ने पाइप लाइन बिछाने के बाद डस्ट डालने के पश्चात लेबलिंग और पानी का छिड़काव, पाइपलाइन बिछाने के दौरान हो रही परेशानियों को लेकर अपील जारी किया है और कहा है कि इस कार्य को कुछ दिन तक वहन किया जाए। क्योंकि वर्ष 2025 तक पूरे राजधानी को पानी की आपूर्ति की जा सके और पानी की संकट से मुक्ति मिल सके।इस पाइपलाइन के बिछने पर क्षेत्र के लोगों को निर्बाध जलापूर्ति की जा सकेगी।

### युवक का प्राइवेट पार्ट काटा

रांचीः युवक से परेशान युवती ने गुस्से में युवक के प्राइवेट पार्ट का चाकू से काट दिया। मामला साहिबगंज जिले के उधवा प्रखंड का है। घटना के बारे में युवती ने बताया कि युवक हर दिन परेशान करता था। पिछले सोमवार की रात वह घर घुस आया। और छेड़खानी करने लगा। मना करने पर मारपीट पर उतर आया। उसे अपनी आबरू बचाने के लिए इस घटना को अंजाम देना पड़ा। घटना राधानगर थाना क्षेत्र के केलाबाड़ी गांव की है। पीड़िता ने मंगलवार को आरोपी युवक शुभम कुमार साह के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थाने में दिये आवेदन में महिला ने कहा है कि सोमवार की रात युवक ने घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी का प्रयास किया।

## मैनहर्ट घोटाला की जांच के लिए दायर याचिका पर एचसी ने मैनहर्ट कंपनी से मांगा जवाब

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** पूर्व मंत्री और जमशेदपुर के विधायक सरयू राय की याचिका पर बुधवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मैनहर्ट कंपनी को भी प्रतिवादी बनाने का निर्देश देते हुए जवाब मांगा है। विधायक सरयू राय की ओर से वरीय अधिवक्ता एके कश्यप ने बहस की। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में अब इस मामले में तीन सप्ताह बाद सुनवाई होगी।दरअसल झारखंड के पूर्व मंत्री और जमशेदपुर के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मैनहर्ट घोटाला की जांच की मांग को लेकर झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। विधायक सरयू राय ने झारखंड हाइकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की है। विधायक सरयू राय ने मैनहर्ट मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो में दर्ज पीई (प्रारंभिक जांच) की रिपोर्ट अब तक नहीं आने और एफआईआर दर्ज नहीं होने को लेकर याचिका दायर की है, जबकि अदालत ने 18 जुलाई 2023 को सरकार को जवाब देने और इस मामले में दर्ज पीई हाइकोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया था। सरयू राय ने मैनहर्ट को रांची में सीवरेज ड्रेनेज के संबंध में परामर्श एवं अन्य कार्य दिए जाने में 21 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है। इस मामले को उन्होंने झारखंड विधानसभा में उठाया था, जिसके बाद राज्य सरकार के निर्देश के बाद दिसंबर 2020 में एसीबी में पीई दर्ज की गई थी।




## गांडेय विधानसभा सीट खाली : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग को भेजी सूचना

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**सियासी गहमागहमी के बीच खाली हुए गांडेय सीट पर उपचुनाव कराने की अनुशंसा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा भारत निर्वाचन आयोग को कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग को झारखंड विधानसभा द्वारा जेएमएम विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद जारी अधिसूचना की प्रतिलिपि के साथ यह अनुशंसा भेजी है।बता दें कि अब चुनाव आयोग तय करेगा कि इस सीट पर उपचुनाव कराएं या ना कराएं। गौरतलब है कि 31 दिसंबर 2023 को सरफराज अहमद द्वारा इस्तीफा दिए जाने के बाद विधानसभा सचिवालय ने इसे स्वीकार करते हुए उसी तारीख से गांडेय सीट रिक्त होने की अधिसूचना 1 जनवरी को जारी की थी।गांडेय विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव होने पर सस्पेंस बरकरार है। संवैधानिक प्रावधान के अनुसार तय समय से एक साल पहले खाली हुए विधानसभा सीट पर उपचुनाव नहीं होगा। हालांकि यह विधानसभा गठन की तारीख या सरकार के गठन की तारीख इन दोनों में से कौन सा मान्य होगा इस पर स्पष्ट वर्णन नहीं है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में 29 दिसंबर 2019 को सरकार का गठन हुआ था, मगर पंचम विधानसभा का गठन 6 जनवरी 2020 को हुआ था। इस लिहाज से सरकार गठन की तारीख से खाली हुई गांडेय सीट एक साल के अंदर आता है। वहीं पंचम विधानसभा कि तारीख से देखें तो एक साल से अधिक का समय होता है। ऐसे में उपचुनाव कराने को लेकर अंतिम फैसला चुनाव आयोग पर निर्भर करता है। संवैधानिक प्रावधान को ध्यान में रखकर ही चुनाव आयोग इस पर निर्णय लेगा। चुनाव आयोग की पहली प्राथमिकता लोकसभा चुनाव कराना है, जिसको लेकर तैयारियां पूरी की जा रही है। जानकारों के मुताबिक 15 मार्च तक लोकसभा चुनाव की घोषणा होने की संभावना है।